






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 190

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 24 अप्रैल, 2024


# देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है कांग्रेस : सीएम योगी

## सीएम बोले, पहले कांग्रेस ने 6 दशक तक देश लूटा, अब हर संपत्ति पर डकैती डालने की कर रहे साजिश



- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित

**जन एक्सप्रेस | बागपत**

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में समुदाय विशेष के लिए व्यक्तिगत कानून लाने की बात लिखी है। इसके जरिये कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करके तालिबानी शासन लाना चाहती है। यह बात साफ करती है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान के लिए खतरा हैं। ये कहते हैं कि हम एक झटके में गरीबी मिटा देंगे जबकि वह आपकी संपति और बेटियों-माताओं के गहने जब्त करने की साजिश रच रहे हैं। पहले इन्होंने 6 दशक तक देश लूटा और अब हर संपत्ति पर डकैती डालकर अपने कब्जे में ले करके बंदरबांट की योजना बना रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बागपत लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के पक्ष में वोट की अपील की।

### मनमोहन सिंह के बयान को लेकर निशाना

योगी आदित्यनाथ ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के अल्पसंख्यक और देश के संसाधन पर अधिकार वाले बयान को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह जब प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने बयान दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसी के साथ सीएम योगी ने ये सवाल उठाया कि अगर पहला अधिकार अल्पसंख्यक का है तो हमारे दलित कहां जाएंगे, पिछड़े कहां जाएंगे। उनके अधिकारों का क्या होगा?

### सपा और अखिलेश यादव पर भी हमला

कांग्रेस के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर भी बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर हमला किया था, जिन लोगों ने काशी में संकट मोचन मंदिर पर हमला किया था, उन आतंकवादियों के मुकदमों को समाजवादी पार्टी ने वापस लेने का दुस्साहस किया। देश ऐसे लोगों को कभी माफ नहीं करेगा।

### सीएम योगी ने लगाया 400 पार का नारा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी के साथ पिछले दस के साल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों, शासन और उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को आतंकवाद से मुक्त बनाया और सुशासन से युक्त कर नया भारत बनाकर दिखाया है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ में भी एक मेगा रोड शो आयोजित किया। यहां उन्होंने एक बार फिर अबकी बार 400 पार का संकल्प लिया और कहा कि देश के कोने-कोने में 'मोदी की गारंटी' ही चलेगी।

> " जो सपना पूर्व सीएम बाबू कल्याण सिंह ने देखा था, वह आज पूरा हो रहा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। लेकिन जब उनका देहांत हुआ तो समाजवादी पार्टी के लोग गए भी नहीं। सपा के लोगों ने बाबू कल्याण सिंह का अपमान किया था। प्रदेश में विकास की योजनाओं को पंख लग रहे हैं।
>
> -योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

### अखिलेश यादव ने किया पलटवार

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अलीगढ़ की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर पलटवार किया। कहा, यह हार का रूझान है। चुनाव बाद परिणाम के रूझान आएंगे, लेकिन पहले चरण के मतदान समाप्त होते ही रूझान आने लगे हैं। अखिलेश यादव ने कहा, प्रधानमंत्री के मुंह से ऐसी बातें अच्छी नहीं लगतीं। यह बातें लोकतंत्र को कमजोर करती हैं। चुनाव आयोग को एक्शन लेना चाहिए, लेकिन चुप है। ये मन की बात थोड़ी है, कुछ भी थोप देंगे। जनता जानती है कि किसान और नौजवानों का जीवन बर्बाद हो रहा है।

### मायावती ने दोहराई अलग राज्य की घोषणा

बसपा सुप्रीमो मायावती ने मेरठ में जनसभा की। हाजी याकूब कुरैशी, शमसुद्दीन राईन और देवव्रत त्यागी भी मंचासीन रहे। मायावती ने बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी के समर्थन में वोट की अपील करते हुए भाजपा-कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा, मुझे मौका मिला तो वेस्ट यूपी को अलग राज्य बनाऊंगी। मायावती ने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनी तो लखनऊ की तरह मेरठ में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की जाएगी। साथ ही बेरोजगार युवाओं के लिए स्थायी रोजगार की व्यवस्था करेंगे। किसानों को गन्ने का उचित मूल्य मिलेगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष चौधरी जयंत, प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल कुमार, केपी मलिक, राष्ट्रीय लोकदल की महिला विंग प्रभारी चारु चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के जिला के अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, लोकसभा के प्रभारी डॉ. अशोक नागर, बीजेपी के प्रदेश मंत्री और बागपत प्रभारी चंद्र मोहन आदि उपस्थित थे।

### देश समृद्ध होगा तो हम समृद्ध होंगे : सीएम

आपके गलत जगह वोट से देश में फिर से आतंकवाद और माफिया राज लौट सकता है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश आपका, जीवन आपका और सुरक्षा आपकी है तो वोट भी आपका है। ऐसे में वोट गलत जगह जाएगा तो आतंकवाद और माफिया राज फिर से लौटकर आएगा। किसानों और गरीबों के हक पर दोबारा डकैती पड़ने लगेगी। इतना ही नहीं बेटी और व्यापारी फिर से असुरक्षित होंगे। वहीं अपना वोट बीजेपी और सहयोगी दलों को देंगे तो आतंकवाद को सीमा पार निपटा दिया जाएगा जबकि देश में माफिया और अपराधियों को उसकी मांद में घुस करके राम नाम सत्य की यात्रा पर भेज दिया जाएगा। देश में गरीब, किसान और नौजवान के हक पर कोई डकैती नहीं डाल पाएगा। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा पाएगा, यही गारंटी एनडीए आपको देने के लिए आया है। हमें अपने एक-एक वोट की कीमत समझनी है क्योंकि घर, गृहस्थी, खेती-बाड़ी देश से बढ़कर नहीं है। हमारे लिए सबसे पहले हमारा देश और उसकी सुरक्षा है क्योंकि जब हम सुरक्षित रहेंगे तभी देश समृद्ध होगा। वहीं देश समृद्ध होगा तो हम समृद्ध होंगे। हमें इसी भाव के साथ काम करना है। इसके लिए हमें देश के लिए वोट करना है।

### जो नारा दादी ने दिया वहीं आज तोते की तरह पोता भी रट रहा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस को 65 वर्षों तक शासन करने का मौका मिला, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि गरीबी का जो नारा दादी ने दिया, वहीं आज तोते की तरह पोता भी रट लगाए बैठा है। इनके पास कोई विजन नहीं है। इन्हें जब देश की जनता जर्नादन ने सत्ता से बेदखल कर दिया तो फिर से इन्हें गरीबी हटाने की बात याद आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही मायने में गरीबी हटाने का काम किया है। उन्होंने गरीब कल्याणकारी योजनाओं के जरिये 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उभारा है। वहीं कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का संपत्ति हड़पने का पुराना इतिहास रहा है। यह अपने लिये जीते हैं। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग परिवारवादी हैं। सपा ने सभी टिकट अपने ही परिवार के लोगों को दे दिया। वहीं जब राष्ट्रीय लोक दल को जब टिकट देने बारी आई तो जयंत चौधरी ने डॉ. राजकुमार सांगवान को प्रत्याशी बनाया। पहले देश में आतंकी विस्फोट होते थे। निर्दोष लोग मारे जाते थे और सुरक्षा बलों के जवान शहीद होते थे। वहीं आज भारत में कहीं पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसने कुछ नहीं किया। पाकिस्तान को मालूम है कि अगर उसने कुछ किया तो फिर उसको लेने के देने पड़ जाएंगे और जान बचाना मुश्किल हो जाएगा।

# भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर श्रीराम के पक्ष में निकला योगी का रोड शो

## यूपी के मुखिया के रोड शो में उमड़ा जनसमुद्र, बोला मेरठ, 400 पार में हमारा भी योगदान

- मेरठ की सड़कों पर गूंजा-जय श्रीराम, राम जी की सेना चली, जो राम को लाए हैं-हम उनको लाएंगे
- बहुसंख्यकों के साथ अल्पसंख्यक समाज ने भी किया अपने मुखिया का जोरदार अभिनंदन




**जन एक्सप्रेस | मेरठ**

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भक्त हनुमान का आज जन्मोत्सव है। अयोध्या में भगवान श्रीराम को 500 वर्ष बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान कराने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मेरठ पहुंचे। उन्होंने यहां अपील की कि मेरठ वाले श्रीराम को सदन में पहुंचा दें। उनके इस आह्वान पर मेरठ के मतदाताओं ने योगी जी को जयश्रीराम कहकर विश्वास दिलाया कि 400 पार में हमारा भी योगदान होगा। मंगलवार को मेरठ की सड़कों पर तिल रखने तक की जगह नहीं थी। रोड शो में बहुसंख्यकों के साथ शामिल अल्पसंख्यक समाज ने भी अपने मुखिया का जोरदार अभिनंदन किया। मेरठ से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में मंगलवार को योगी आदित्यनाथ ने रोड शो निकाला। लगभग 45 मिनट से अधिक के रोड शो में जहां तक नजर गई, हर तरफ जनसमुद्र ही दिखा। यहां सड़कों पर तिल तक रखने की जगह नहीं थी। हनुमान जयंती पर मंगलवार को निकले योगी आदित्यनाथ के रोड शो ने भीड़ का नया रिकॉर्ड कायम किया। पूरे रास्ते योगी आदित्यनाथ को आश्वासन मिला कि आपने हमें सुरक्षा दी है, हम आपके नेतृत्व में मोदी जी को मेरठ का ताज देंगे।

### योगी को देख मेरठ में लगे गगनभेदी नारे

योगी आदित्यनाथ को देख जनमानस अभिभूत हो उठा। सभी ने जयश्री राम-जयश्रीराम के गगनभेदी नारे लगाए तो दूसरी तरफ राम जी की सेना चली, जो राम को लाए हैं आदि गीतों से भी पूरा माहौल राममय हो गया। मोदी-योगी जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारों ने भी मेरठ की सड़कों पर जोश भर दिया। महिला, बुजुर्ग, पुरुष, युवा, बच्चे योगी की एक झलक पाने को आतुर दिखे। सभी ने योगी आदित्यनाथ के रोड शो के पल-पल की छवि अपने मोबाइल में कैद कर ली।

### भगवामय हो उठा मेरठ

क्रांतिधरा मेरठ मंगलवार को भगवामय दिखा। यहां हर तरफ भगवा और भाजपा के झंडे दिखते रहे। बच्चे हों या भाजपा समर्थक, भगवामय होकर योगी आदित्यनाथ को अपना समर्थन देने पहुंचे। बहुसंख्यक समाज के साथ अल्पसंख्यक समाज ने भी योगी का जोरदार स्वागत किया। रोड शो में मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, मेरठ के सांसद राजेंद्र अग्रवाल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया आदि मौजूद रहे।

# ग्रीष्मकालीन भीड़भाड़ के दौरान मुरादाबाद मंडल द्वारा किए गए व्यापक इंतजाम

**जन एक्सप्रेस | नई दिल्ली**




उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने ग्रीष्मकालीन भीड़भाड़ - 2024 के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य भारत के लिए मंडल से होकर लगभग 51 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चल रही हैं। स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़भाड़ और रेलगाड़ियों में भीड़ पर पैनी नज़र रखने के लिए मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों और निरीक्षकों को तैनात किया गया है। ट्रेनों में पानी की उपलब्धता और भीड़ प्रबंधन के लिए मैकेनिकल और आरपीएफ स्टाफ के साथ समन्वय कर हर घंटे निगरानी राखी जा रही है। रेल मदद ऐप और आवश्यकताओं की निगरानी, नोडल नियंत्रण के के माध्यम से की जा रही है। जन संपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि प्रमुख स्टेशनों यानी देहरादून, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, रोज़ा और हापुड़ स्टेशनों पर यात्रियों की उमड़ती भीड़-भाड़ की हर घंटे निगरानी की जा रही है। मुरादाबाद के भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। इसके अलावा, तत्काल एवं भारी यात्री भीड़भाड़ की अवधि के दौरान पीआरएस एवं यूटीएस में यात्रियों की कतार की लंबाई पर भी कड़ी नज़र रखी जा रही है। भारी भीडभाड़ की अवधि के दौरान देहरादून, हरिद्वार, मुरादाबाद और बरेली स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर संचालित किए जा रहे हैं। सभी स्टेशनों पर एटीवीएम का पूर्ण रूप से कार्य करना सुनिश्चित किया जा रहा है। निरंतर अभियान चलाकर और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से यात्रियों की कतार की लंबाई कम करने के लिए मोबाइल टिकटिंग के माध्यम से मोबाइल ऐप्स पर यूटीएस को बढ़ावा दिया जा रहा है। सभी खानपान और गैर-खानपान इकाइयों में रेल नीर एवं जनता खाना की पर्याप्त उपलब्धता नियमित रूप से सुनिश्चित की जा रही है। लेन-देन में आसानी के लिए सभी इकाइयों में डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। उत्तर रेलवे सभी यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मौका दिया तो वेस्ट यूपी को बनाएंगे अलग राज्य, मेरठ में होगी हाईकोर्ट बेंच : मायावती

**जन एक्सप्रेस | मेरठ**



बसपा सुप्रीमो मायावती मंगलवार को मेरठ में हापुड़ रोड पर जनसभा करने पहुंचीं। उनकी रैली के लिए सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। हाजी याकूब कुरैशी भी रैली में पहुंचे। श्मसुद्दीन राईन और देवव्रत त्यागी मंच पर मौजूद रहे। बसपा मुखिया एवं पूर्व सीएम मायावती अल्लीपुर में बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी की चुनावी सभा को संबोधित कर वोट करने की अपील की। इस बार लोकसभा चुनाव में यह मेरठ में उनकी पहली जनसभा थी। मायावती कई वर्ष बाद मेरठ में जनसभा करने पहुंचीं। उन्होंने मच से भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा तो वहीं मौका मिलने पर वेस्ट यूपी को अलग राज्य बनाने की बात कही। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि यदि जनता ने हमें केंद्र में सरकार बनाने का मौका दिया तो सबसे पहला कार्य है उत्तर प्रदेश का बंटवारा करके पश्चिम उत्तर प्रदेश बनाया जाएगा।

### मेरठ में होगी हाई कोर्ट बेंच की स्थापना : बसपा सुप्रीमो

उन्होंने कहा कि लखनऊ बेंच की तर्ज पर मेरठ में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की जाएगी। सभी बेरोजगार, दलित, मुस्लिम, गरीब, युवाओं को स्थाई रोजगार यानी सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने पश्चिम उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों को भी गन्ने का उचित मूल्य दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस और विपक्षी दलों की सहयोगी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन सभी राजनीतिक दलों ने देश के गरीब लोगों के साथ अन्याय किया है।

# उतरार ग्राम पंचायत में लगे शिकायतों के अंबार को निपटाने पहुंची जांच टीम



मौके पर जांच करते अधिकारी

- अधिकारियों के निर्देश पर पहुंची जांच टीम, मौके पर नहीं आए शिकायत कर्ता

**जन एक्सप्रेस | विश्वामित्र पांडेय**

**कुंडा/प्रतापगढ़।** शासन में ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों में की गई वित्तीय अनियमितताओं और ग्राम प्रधान के निवास स्थान की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ नवनीत सिहेरा द्वारा बनाई गई जांच टीम ने सोमवार को बाबागंज विकास खंड की ग्राम पंचायत उतरार में पहुंचकर विकास कार्यों की जांच की। चार सदस्यीय जांच टीम में शामिल जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक सिन्हा, परियोजना निदेशक व प्रभारी बीडीओ डा. आर. सी. शर्मा, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राजीव मौर्य ने ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए सभी कार्यों की मौके पर जाकर स्थिति देखी। चुनावी कार्य की व्यस्तता के कारण जांच टीम में उप जिलाधिकारी मौजूद नहीं रहे। इस दौरान अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ता शिवलाल यादव को भी सूचना देकर मौके पर बुलाया गया, किंतु शिकायतकर्ता जांच के दौरान विभिन्न आरोप लगाते हुए मौके पर नही हुआ। जांच टीम ने ग्राम पंचायत में केंद्रीय वित्त, राज्य वित्त, मनरेगा योजनांतर्गत कराए गए कार्य, अंत्येष्टि स्थल व आरआरसी सेंटर के निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान एडीओ पंचायत प्रभुनाथ प्रसाद, ग्राम विकास अधिकारी संदीप कुमार, सुनील सरोज, ग्राम प्रधान हंसराज देवी, प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### शिकायतकर्ता ने जांच टीम पर लगाए कई आरोप

वहीं शिकायत कर्ता शिवलाल यादव ने बताया कि जांच अधिकारियों द्वारा जिन शिकायतों की जांच करनी थी उसका स्थलीय निरीक्षण करने के बजाय अन्य स्थान पर बुलाया गया। जिसपर शिकायत कर्ता द्वारा जांच स्थल पर ही पहुंचने की बात कही गई, जिसके बाद जांच अधिकारियों द्वारा वहां बैठने की व्यवस्था न होने का हवाला देते हुए मौखिक रूप से शिकायत कर्ता की गैर मौजूदगी में जांच की गई।शिकायत कर्ता शिवलाल यादव ने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि जांच अधिकारियों द्वारा अन्य स्थान पर बुलाकर ग्राम प्रधान के दबाव में जांच रिपोर्ट पर फर्जी हस्ताक्षर लेने की संभावना प्रबल थी, जिसके कारण शिकायत कर्ता वहां नहीं पहुंचा।

> " जांच की रिपोर्ट पर अभी कुछ कहना उचित नहीं, सोमवार को जांच टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न शिकायतों की जांच की गई। शिकायत कर्ता से मैने स्वयं बात भी की लेकिन वो न ही गांव आए और न ही जांच स्थल पर पहुंचे।
>
> - आर सी शर्मा, (पी डी ) प्रभारी बीडीओ बाबागंज

# मौसम : लू की चपेट में यूपी का अधिकांश हिस्सा, कई जिलों के लिए जारी हुआ येलो अलर्ट

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मौसम में पूरी तरह से गर्मी आ चुकी है। अप्रैल के महीने में मई और जून जैसे हालात हैं। मौसम विभाग का कहना है कि बीते दो दिन से पारे में मामूली सी गिरावट हो रही है, लेकिन ये अस्थायी है, क्योंकी सामान्य तापमान में लगातार बढ़ोतरी जारी है। मंगलवार को भी पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में लू चल सकती है, जबकि बुधवार से पूरे प्रदेश में तापमान में कम से कम दो डिग्री की बढ़ोत्तरी होने के आसार हैं। बुधवार को कई इलाकों में लू चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, दिन के तापमान में दो डिग्री से अधिक की वृद्धि हुई है। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री तक अधिक दर्ज हुआ है।

### आज लू को लेकर येलो अलर्ट

प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदासनगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, अंबेडकरनगर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, बलरामपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, उन्नाव, रायबरेली, कानपुर और आसपास।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चौरासी गुम्बद के बाहर खड़ी बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नेशनल हाईवे किनारे स्थित प्राचीन ऐतिहासिक स्थल चौरासी गुंबद में फतिया पढ़ने गए युवक की गेट के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को अज्ञात बदमाश चुराकर ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला राजेपुरा बिजली घर निवासी रहीस खान पुत्र अमीर खान ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बीती 16 अप्रैल को दोपहर 3 बजे वादी का भाई कफील खान अपनी सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल नंबर यूपी-92 एसी-2553 से फातिहा पढ़ने चौरासी गुंबद गया हुआ था। वादी के भाई ने मोटरसाइकिल को गेट के बाहर खड़ा कर दिया था। जब वापस लौटा तो मोटरसाइकिल गायब थी, वादी के भाई ने काफी खोजबीन की लेकिन मोटरसाइकिल का कुछ पता नहीं चल सका। अज्ञात बदमाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना टरननगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह को सौंपी गई है।

### नगर के सार्वजनिक स्थानों में वाटर कूलर तथा टंकी से मिल रहा शीतल एवं शुद्ध जल: अरविंद

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने नगर के सार्वजनिक पौशाला में लोगों को पेयजल सुविधाओं के लिए वाटर कूलर स्थापित कराए जा चुके हैं। जिनसे राहगीरों को ठंडे पानी की उपलब्धता मिल रही है।
पालिकाध्यक्ष ने बताया कि तहसील परिसर में वाटर कूलर स्थापित कराया जा चुका है। इसी प्रकार फुलपावर चौराहा तथा गल्ला मंडी में भी वाटर कूलर संचालित हो रहे हैं। जबकि दुर्गा मंदिर चौराहे सहित 25 वार्डों में सोलर पानी की टंकी बनाई जा चुकी है। सभी टंकियों से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि पानी की टंकियों तथा वाटर कूलरों से राहगीरों, यात्रियों, वकीलों, किसानों तथा दुकानदारों को शुद्ध एवं शीतल जल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की मूलभूत समस्याओं के निदान के लिए पालिका प्रशासन गंभीर है। उन्होंने बताया कि अभी कई सार्वजनिक स्थानों में वाटर कूलर को स्थापित कराए जाने की योजना पर विचार चल रहा है। ताकि लोगों को शुद्ध एवं शीतल जल के लिए भटकना न पड़े।

### पगडंडी किनारे पेड़ की छांव में सो रहे तीन माह के बच्चे को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

**जन एक्सप्रेस/कौशांबी।** महेवाघाट कोतवाली के महेवा उपरहार गांव में सोमवार सुबह तीन माह के एक दुधमुंहे बच्चे को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बच्चे को उसकी मां पगडंडी किनारे पेड़ के नीचे सुलाने के बाद खेत में गेहूं की फसल काट रही थी। निगहा निवासी कल्लू निषाद की पत्नी ललिता देवी अपने तीन माह के बच्चे बुधराम को लेकर महेवा उपरहार गांव में गेहूं की फसल काटने गई थी। मासूम को पगडंडी किनारे पेड़ की छांव में सुलाकर वह पास के खेत मे गेहूं की कटाई करने लगी। इसी बीच गांव का ही दुर्गेश ट्रैक्टर लेकर गेहूं लादने वहां से निकला। चालक ने मासूम को नहीं देखा और ट्रैक्टर का पहिया सो रहे मासूम पर चढ़ गया। कुचलने से मासूम की मौत हो गई। हादसे के बाद खेत से भागकर ललिता और अन्य किसान-मजदूर मौके पर पहुंचे। बच्चे की मौत पर मां और अन्य परिजन रोते-बिलखते रहे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लिया।

# सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे शरीर के लिए है घातकः जिला संगठन मंत्री

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्रकूट कानपुर प्रांत द्वारा एसएफडी आयाम के तहत विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें जिले के विद्यालय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को पृथ्वी के संरक्षण के लिए कदम उठाए जा सकते हैं। किस तरह से हमारा पर्यावरण हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस बार पृथ्वी दिवस की थीम प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक मतलब प्लेनेट के लिए प्लास्टिक कितना ज्यादा हानिकारक है। सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे शरीर के लिए बहुत ही ज्यादा घातक है। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि प्लास्टिक की बोतल से हमारे शरीर में माइक्रो प्लास्टिक अंदर जा रहा है। जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारियां फैल रही है। एक रिसर्च में पाया गया कि एक एटीएम कार्ड के बराबर माइक्रो प्लास्टिक हमारे शरीर में पहुंच रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे के माध्यम से नालियों, नदी में जाकर जल जीव के जीवन के लिए घातक बन रहा है। हमें ज्यादा से ज्यादा कपडे से बने थैलो का उपयोग करना चाहिए। जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद हो सके। विद्यालयों में जाकर छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। जिसमें उन्हें साल में दो पौधे लगाना, उनका संरक्षण करना, सिंगल यूज प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना, जानवरों के प्रति सेवा भाव रखने की प्रतिज्ञा दिलाएगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कर्वी नगर अध्यक्ष अनुराग शुक्ला द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उपाय बताए गए। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री राम, प्रियांशु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## अवैध तमंचे सहित युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कालपी**

आगामी लोकसभा के चुनाव को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा अपराधियों पर नकेल कसने की कार्यवाही तेज कर दी गई है। मध्य रात को अपराध करने के उद्देश्य से घूम रहे एक बदमाश को अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कालपी कोतवाली के ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह, कांस्टेबल अजय चौहान, राहुल कुमार ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमणशील थे। तभी बीती रात करीब 12 बजे बरदौली गांव के देसी शराब ठेके की दुकान के पास में पुलिस ने जब एक युवक को रोका तो वह भागने लगा। पुलिस के द्वारा आरोपी युवक हरीशंकर उर्फ इंद्रे पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम बरदौली को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी हरीशंकर के पास से एक अदद 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद कर चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी रात में अपराध करने के उद्देश्य से घूम रहा था। तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

# बूड़े हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



मंदाकिनी तट पर स्थित दक्षिण मुखी बूडे हनुमान मंदिर में धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई। 11 सौ दीपों से मंदिर को जगमगाया गया। संगीतमयी सुंदरकाण्ड की प्रस्तुति हुई और प्रसाद वितरित किया गया। हजारों की तादाद में भक्तों ने मंदिर पहुंचकर बजरंगी सरकार के दर्शन किए।
मंदिर के पुजारी रामजीदास महराज ने बताया कि हनुमान जयंती को लेकर सोमवार को अखंड रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ हुआ। मंगलवार को पूर्णाहुति पर हवन पूजन हुआ। इसके बाद भण्डारे की शुरुआत हुई। सैकड़ों लोगों ने मंदिर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। शाम को गंगा आरती के हरिनारायन और उनकी टीम ने संगीतमयी सुंदरकाण्ड की प्रस्तुति देकर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद मंदिर परिसर में 11 सौ दीप प्रज्ज्वलित किए गए। शाम को भव्य आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। सुबह से लेकर देर रात्रि तक भक्तों का मंदिर में आवागमन बना रहा। हजारों की तादाद में भक्तों ने बूडे हनुमान के दर्शन किए। इस मौके पर गंगा आरती के पुजारी केशरी तिवारी, फतेहपुर के श्रीनिवास तिवारी, राठ के बीरू सेठ, आनंद सिंह पटेल, हेमू तिवारी, बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।
इसी प्रकार हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भारतीय सिन्धु सभा की जिला इकाई द्वारा सचिव मुनिराज के प्रतिष्ठान के बाहर राम भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर चन्द्रभान, ऋषि, मुनिराज, राधिका, दामिनी, दमीं और उंदलं आदि मौजूद रहे।

# फर्जी तरीके से अभियोग पंजीकृत कराने वाली महिला के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

*** अधिवक्ता बृजेश द्विवेदी और मोहम्मद खालिद ने महिला द्वारा दर्ज कराए गए झूठे मामले को समाप्त करने व महिला पर फर्जीवाड़े का मामला दर्ज करने की मांग की**

अतर्रा के अधिवकता बृजेश द्विवेदी ने बताया कि जय माता दी पैकेजिंग को चित्रकूट के धौरहरा ग्राम की रेत खदान अवंटित है। इस कंपनी में कुल चार पार्टनर रघुवेंद्र दूबे, मोहम्मद खालिद, चारू गुप्ता व अमन श्रीवास्तव है, लेकिन बीते कुछ समय से इन्ही में से एक पार्टनर चारू गुप्ता 25 जनवरी को खदान में आई व वहा उपस्थित कर्मचारियों से बदसलूकी की। उन्हें गाली गलौज करते हुए अवैध असलहे दिखाए। आरोप लगाया कि वहा से सारे पैसे लूट ले गई और अपने साथ अपनी कुछ महिला मित्र भी लायी थी। जिन्होंने वहा के स्टाफ को फर्जी मुकदमों में फसाने की धमकी भी दी। इसके बाद बीती 8 अप्रैल को डीएम ऑफिस व एसपी ऑफिस में फर्जी तहरीर दी की, उन्हें कोई हिसाब नही दिया जा रहा व उनके साथ 6 करोड की ठगी करी गई है। जिसमे से 4 करोड़ उन्होंने मोहम्मद खालिद को नगद दिए है। अधिवक्ता ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि उनकी पत्नी के नाम सरधुवा क्षेत्र के ग्राम कुसैली में एक बालू डंप है। वहां से जबरन धन उगाही के लिए चारू गुप्ता उन्हें जान से मरने की व फर्जी मुकदमों में फसाने की धमकी दे रही है। जिसकी शिकायत उन्होंने की है। इसके अलावा मोहम्मद खालिद ने बताया कि चारू गुप्ता उन्हें झूठे मुकदमों में फसाने व फर्जी तरीके से 6 करोड की मांग कर रही है। उनकी इस तहरीर पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इस घटना के लगभग बारह दिन बाद 20 अप्रैल को चारू गुप्ता ने सारधुआ थाने में एक रिपोर्ट दर्ज करवाई है।
जबकि पूर्व में चारू गुप्ता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में अलग घटना दर्शाया गया था। दोनों तहरीरों को पढ़कर यह साफ हो जाता है कि चारु गुप्ता ने फर्जी तरीके से रिपोर्ट दर्ज कराई है। अधिवक्ता बृजेश द्विवेदी और मोहम्मद खालिद ने महिला द्वारा दर्ज कराए गए झूठे मामले को समाप्त करने व महिला पर फर्जीवाडे का मामला दर्ज करने की मांग की।

## अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के कब्जे से 65 क्वार्टर देशी व 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की। चौकी प्रभारी शिवरामपुर उप निरीक्षक सत्यपति त्रिपाठी तथा उनके हमराही द्वारा मुकेश निवासी नई बस्ती शिवरामपुर को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार रैपुरा थाना के उप निरीक्षक शिवसागर दुबे तथा उनके हमराही द्वारा संतोष निवासी भखरवार को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। कोतवाली कर्वी के उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता एवं आरक्षी सुरेन्द्र द्वारा सत्यनारायण रैकवार निवासी गोलतालाब कुंजनपुरवा को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# डीएम ने ली सामान्य निर्वाचन की तैयारी के लिए प्रभारी अधिकारियों की बैठक

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारी के लिए प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कैंप सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सामान्य निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया 26 अप्रैल से तेज गति से बढेगी। उन्होंने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य दिए गए हैं, उसे तत्परता के साथ समय से करें। उन्होंने स्वीप के अंतर्गत हो रहे कार्यों की जानकारी लिए एवं सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में हो रहे मतदान को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारियों के पास वोटर लिस्ट होनी चाहिए एवं वोटर पर्ची सही से वितरित कराएं। उन्होंने कहा कि हर दिन का डाटा इलेक्शन कमीशन को भेजा जाना है। उन्होंने अपर उप जिलाधिकारी आलोक सिंह को निर्देशित किया कि रामघाट, हनुमान धारा जैसे दर्शनीय स्थलों से रील बनवाकर मतदाता जागरूकता कराएं। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य दिया गया है, उसे मनोयोग से समय से कराएं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# गुमटी में लगाई आग, नकदी समेत जला परचून का सामान



**जन एक्सप्रेस। कौशांबी**

चरवा कोतवाली के सिरियावां गांव में एक युवक नेगुमटी में आग लगा दी। आग से गुमटी में रखी नकदी समेत हजारों रुपये कीमत का परचून का सामान जल गया। पीड़ित महिला ने पुलिस से शिकायत करते हुए तहरीर दी है।
सिरयावां गांव की साबिया खान पत्नी नसीम ने बताया कि वह घर के समीप सड़क किनारे गुमटी में परचून का सामान बेचती हैं। आरोप है कि सोमवार दोपहर करीब दो बजे गांव के ही एक युवक ने उनकी गुमटी में आग लगा दी।
आग लगने से गुमटी में रखा परचून का सामान और करीब 15 हजार रुपये के नोट जल गए। महिला जब युवक के घर उलाहना देने गई तो उसने घर वालों के साथ मिलकर उन्हें गालियां देते हुए भगा दिया।
पीड़िता ने थाने जाकर घटना के आरोपी तीन सगे भाइयों के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष बलराम सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बस स्टैण्ड पर व्यापारी के साथ हुयी टप्पेबाजी का एक और आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा कर्वी बस स्टैण्ड से व्यापारी के साथ हुयी टप्पेबाजी घटना का सफल अनावरण करते हुये एक और टप्पेबाज चोर को 01 लाख 10 हजार रूपयें एवं चोरी में प्रयुक्त की गयी मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।
उल्लेखनीय है कि बीती 6 अप्रैल को कर्वी बस स्टैण्ड से सोने-चांदी के व्यापारी भगवान सिंह पुत्र स्व गनेश सिंह निवासी हरतीरथ, कोतवाली काशी कमिश्नरेट वाराणसी के साथ अज्ञात चोरों ने उनका चांदी की वस्तुओं से भरा बैग रोडबेज बस से चोरी कर लिया था। घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को अपराध निरीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा वाहन जांच की गयी। जिसमें एक बिना नम्बर की मोटर साइकिल जिस पर एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। जिसे निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह एवं आरक्षी राहुल देव, शुभम शर्मा, पवन राजपूत ने मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम ननके प्रसाद निवासी गनेशपुर थाना एकौना जिला श्रावस्ती बताया। आरोपी की जमा तलाशी से 1 लाख 10 हजार रूपया एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बीती 6 अप्रैल को बस स्टैण्ड कर्वी में रोडबेज बस स्टैण्ड से जो चांदी का बैग उसने, अमरनाथ निवासी गोहनारपुर थाना आलापुर जिला अम्बेडकर नगर, राममिलन निषाद निवासी जठठहवा मजरा रामनगर महुआर थाना आलापुर जिला अम्बेडकर नगर, इन्दल उर्फ राजेन्द्र सिरवां चैकी बुदनपुर थाना अतरौलिया जिला आजमगढ ने चोरी किया था।

# पुलिस व एसएसटी टीम ने पकड़ा लाखों का कैश, दो लोगों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कालपी**

कदौरा थाना पुलिस व एसएसटी की संयुक्त टीम ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर लाखों रुपए का कैश बरामद कर दो लोगों को हिरासत में लिया है।
लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस ने पूर्ण रूप से कमर कस ली है। कदौरा थाना पुलिस व??? एसएसटी की संयुक्त टीम मंगलवार को क्षेत्र में धरपकड़ अभियान चलाने में लगी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा कार से ले जाए जा रहे लाखों रुपए के कैश की सूचना मिली। खबर लगते ही संयुक्त टीम ने पथरेहटा चौकी के समीप चेकिंग लगा दी। चेकिंग के दौरान एक डस्टर कार को रोका और उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान टीम ने कार में रखा 4 लाख 32 हजार रुपए से भरा बैग बरामद किया। इतना ही नहीं कार पर सवार दिनेश सिंह पुत्र चंद्रभान निवासी नववाजपुर थाना सटटी बाजार कानपुर देहात व विशाल कुमार पुत्र भगवान दास अहिरवार निवासी ग्राम भट्टा गांव थाना सदर बाजार झांसी समेत दो लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान दोनों लोग लाखों रुपए के कैश के संबंध में कोई भी प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। फिलहाल संयुक्त टीम द्वारा कार सहित दोनों लोगों को थाने लाया गया। जहां पर उनसे बारीकी से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल संयुक्त टीम द्वारा कार सहित दोनों लोगों को थाने लाया गया। जहां पर उनसे बारीकी से पूछताछ की जा रही है।

# कुर्क की गई जमीन पर चोरी से काटी जा रही थी फसल, पुलिस को देख कर भागे मजदूर

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**



प्रयागराज के भदोही में कुर्क की गई जमीन पर चोरी से फसल काटी जा रही थी। मजदूर पुलिस को देख कर भाग गए।
जिला मजिस्ट्रेट भदोही द्वारा 21 नवंबर 2023 को पूर्व विधायक माफिया विजय मिश्र की पुत्री सीमा मिश्रा की हनुमानगंज क्षेत्र के पट्टीधीना उर्फ लालापुर गांव में प्रयागराज वाराणसी मार्ग पर स्थित चार बीघे सात विस्वा दस धुर जमीन की जब्तीकरण की कार्यवाई करते हुए नोटिस चस्पा कर सील कर दिया था।
सोमवार को उक्त भूमि पर बोई गई अरहर की फसल को पीछे से बाउंड्री वॉल पर सीढ़ी लगाकर कुछ लोग अंदर घुसे और महिला मजदूरों से कटाई कराने लगे। सूचना पर सरायइनायत पुलिस मौके पर पहुंची तो फसल कटवा रहे हैं।
लोग मजदूरों के साथ पीछे के रास्ते फरार हो गए। प्रशासन के अनुसार, यह जमीन गैंगस्टर एक्ट से संबंधित गैंग लीडर पूर्व विधायक विजय मिश्र निवासी खपटिहां, सैदाबाद, थाना हंडिया ने अपनी पुत्री सीमा मिश्रा पत्नी हरि शंकर मिश्र एवं वैष्णवी मिश्रा पुत्री हरि शंकर मिश्र निवासी आलोपीबाग के नाम अपराध से अर्जित अवैध धन से किया है। कुर्क की गई जमीन की बाजार में कीमत 23 करोड़ 20 लाख रुपए है।

## तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह तथा आरक्षी नीतू द्विवेदी द्वारा करन निवासी गल्ला मण्डी अलोपीबाग के पास थाना दारागंज जनपद प्रयागराज को 1 तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# यूपी बोर्ड: एक दशक में कम हो गए 14 लाख परीक्षार्थी कई विद्यालयों में शुरू हुई अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अंग्रेजी माध्यम में रुझान से छात्र संख्या में गिरावट आई। अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई कई विद्यालयों में शुरू हो गई।
हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को संचालित कराने वाले संस्था माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) में अब विद्यार्थियों की संख्या में कमी आने लगी है। एक दशक में विद्यार्थियों की संख्या में 14.86 लाख की कमी आई है। यह गिरावट पिछले कुछ वर्षों से देखा जा रची है। इस बार यूपी बोर्ड ने पुराने रिकार्ड को तोड़ते 20 अप्रैल को परिणाम जारी कर दिया था। पूर्व के सापेक्ष परिणाम तो अच्छा रहा, लेकिन विद्यार्थियों की संख्या में गिरावट आई है। इस बार यूपी बोर्ड में 55,25,342 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। एक दशक पहले 2014 में विद्यार्थियों की संख्या 69,93,462 थी। तब हाईस्कूल में 38,61,434 और इंटरमीडिएट में 31,32,028 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। अब यह संख्या 30 लाख से नीचे आ गई है। बीते वर्ष हाईस्कूल में 31,16,454 विद्यार्थी पंजीकृत थे।
इस बार 29,47,335 विद्यार्थी हाईस्कूल में पंजीकृत हुए। यानी पिछले साल की तुलना में इस साल हाईस्कूल में 1,69,119 बच्चे कम हो गए हैं।
इंटरमीडिएट में यह गिरावट 2017 से और हाईस्कूल में 2021 से देखने को मिल रही है। इसका बड़ा कारण अंग्रेजी माध्यम के प्रति बच्चों का रुझान माना जा रहा है। रोजगार के लिए अंग्रेजी माध्यम में संभावनाएं ज्यादा हैं। इसलिए बच्चे अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में जाने लगे है। इसे देखते हुए यूपी बोर्ड ने 2018 में बड़ा बदलाव करते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताबें अनिवार्य कर दी थी। साथ ही कई स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से भी पढ़ाई शुरू हो गई है।
आरपी रस्तोगी इंटर कालेज के प्राचार्य लालजी यादव ने बताया कि बदले दौर में अंग्रेजी की महत्ता बढ़ी है। इसलिए बच्चे अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों को प्राथमिकता दे रहे हैं। अब प्रयागराज के राजकीय इंटर कालेज समेत कई कॉलेजों में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं चलने लगी हैं।
देश का सबसे बड़ा बोर्ड है यूपी बोर्ड 1921 में गठन के बाद बोर्ड ने पहली बार 1923 में परीक्षा कराई थी। विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए देश का यह सबसे बड़ा बोर्ड बन गया। इस बोर्ड से हाईस्कूल के 2427 राजकीय विद्यालय, 4508 अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड), 20936 वित्तविहीन विद्यालय और इंटरमीडिएट के 892 राजकीय, 4066 एडेड और 13124 वित्तविहीन विद्यालय संचालित हैं।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना नही है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 40.0 (+1.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.8 (+2.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 41 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 16 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 7.8 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# एक दूजे के न हो सके तो मौत को लगा लिया गले

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




जब दो प्यार करने वाले एक दूसरे के ना हो सके तो उन्होंने मौत को गले लगा लिया। मामला कानपुर नगर के घाटमपुर तहसील के रेवना थाना अंतर्गत ग्राम झावैया अकबरपुर व पूरनपुर गांव से जुड़ा हुआ है। इन दोनों गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब संदिग्ध परिस्थितियों में युवक व युवती ने अपने अपने घर में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। हालत बिगड़ने के दौरान युवती के परिजनों ने युवती को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। वही युवक की जहरीला पदार्थ खाने के दौरान घर पर ही मौत हो गई। युवक युवती दोनों पारिवारिक चचेरे भाई-बहन बताए जा रहे हैं। मौके पर एसीपी घाटमपुर व थाना अध्यक्ष रेवना ने पहुंचकर फॉरेंसिक टीम बुलाकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है, साथ ही मृतकों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार अकबरपुर झावैया गांव के रहने वाले हैं। दिनेश कुमार की पुत्री राखी गौतम ने सोमवार को देर रात जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर परिजनों के द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां अस्पताल पहुचते ही उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर झावैया अकबरपुर के मजरा पूरनपुर गांव के रहने वाले अर्जुन उर्फ बादल भी सोमवार की रात जहरीला पदार्थ खाकर घर की छत पर लेट गया था। जहां पर उसकी हालत बिगड़ी और घर पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के चलते दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों के द्वारा बताया गया कि अर्जुन उर्फ बादल व राखी गौतम के दौरान बीच काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वैसे दोनों दूर से पारिवारिक चचेरे भाई-बहन थे। परिजनों ने बताया कि सोमवार को पड़ोस में एक छठी समारोह के कार्यक्रम था। जिसमें घर के सभी लोग पड़ोस के निमंत्रण में गए हुए थे। घर पर रखी अकेली थी। निमंत्रण खाकर जब परिजन घर पहुंचे तो राखी उलझन कर रही थी और उसने जहर खा लेने की बात बताई थीं।जिसके बाद उसे आनन फानन अकबरपुर कानपुर देहात के एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही परिजनों ने भी दोनो के बीच प्रेम प्रसंग होने की बात कही है। और बादल राखी के बीच आपस में विवाद की बात सामने आ रही है। वही बादल के पिता राजू ने बताया कि उसके प्रेम संबंध राखी से थे अक्सर इसको लेकर परिवार में मनमुटाव रहता था। परंतु बादल राखी एक दूसरे को खोना नहीं चाह रहे थे। जिसको लेकर आए दिन आपस में विवाद होता रहता था। सोमवार को रात 11:00 बजे बादल अपने कमरे में मुंह से झाग निकलता हुआ मृत पाया गया। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। बादल अपने भाइयों में दूसरे नंबर का था। बादल की मौत के बाद बहन सोनम भाई गुलशन, चुन्नी, बल्लू आदि का रो रो कर बुरा हाल था। वही राखी के भी घर में मातम छा गया ।और राखी के भाई सत्यसील व शर्मीली सहित अन्य परिजनों का भी रो-रो कर बुरा हाल था। फिलहाल पुलिस ने मृतकों के शवों को पीएम के लिए भेज दिया है। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जयपुरिया स्कूल में किया गया अलंकरण समारोह का आयोजन




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, द्वारा छात्र परिषद सत्र 2024-25 के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चयनित हेड ब्वाय कुरेश माहेश्वरी ने हेड गर्ल नंदिनी पुरी तथा एसोसिएट हेड ब्वाय एकलव्य गोयल और एसोसिएट हेड गर्ल आयुषी जैन ने शपथ ली। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिखा बनर्जी थीं। इस अवसर पर विद्यालय के (सीनियर) उपप्रधानाचार्य गणेश तिवारी, (जूनियर) उपप्रधानाचार्या श्रीमती मधुश्री भौमिक, हेड मास्टर एम0 के मिश्रा, एम शैलेन्द्र अग्निहोत्री तथा समस्त शिक्षकगण एवं अभिभावकगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या श्रीमती शिखा बनर्जी ने अपने संबोधन में परिषद के सदस्यों को उत्तरदायित्व निभाते हुए छात्रों के लिए आदर्श बनकर अपने कुशल नेतृत्व के साथ विद्यालय को उच्चतम शिखर पर पहुँचाने के लिए प्रेरित किया।

# दहेज में पांच लाख और कार न मिलने पर प्रेमिका संग भागा दूल्हा



### लड़की रो-रो कर बेहाल

हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर में रहने वाले दिनेश शुक्ला ने बताया कि इलाके के परितोष इंटर कॉलेज में उनकी बेटी इंटर की छात्रा थी ।स्कूल में पढ़ने वाला शिक्षक अभिषेक दीक्षित उनकी बेटी को ट्यूशन पढ़ाता था इस दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी और पहले प्रेम प्रसंग और फिर मामला शादी तक पहुंच गया। दोनों के परिवार में बात हुई और शादी तय हो गई 12 मार्च को इंगेजमेंट गोद भराई और बरीक्षा का कार्यक्रम हुआ था 23 अप्रैल को शादी होनी थी लेकिन शादी से ठीक 2 दिन पहले शिक्षक अभिषेक घर छोड़कर भाग निकला परिवार के लोगों ने बारात वाले दिन 23 अप्रैल को लड़की वालों के घर जाकर मामले की जानकारी दी इसके साथ ही नौबस्ता थाने में बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई है। वहीं दूसरी तरफ लड़की के पिता दिनेश शुक्ला ने हनुमंत विहार थाने में आरोपी शिक्षक यानी दूल्हा अभिषेक दीक्षित और उनके पिता समेत अन्य के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है उनका आरोप है कि 500000 और वैगन आर कार न मिलने पर लड़के वालों ने शादी तोड़ दिया है फिलहाल नौबस्ता पुलिस शिक्षक की तलाश कर रही है वहीं हनुमंत विहार थाने में भी दोनों पक्ष की घंटों से पंचायत चल रही है।

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के नौबस्ता क्षेत्र में अपनी ही नाबालिग छात्रा से प्रेम प्रसंग और शादी का वादा करने के बाद दहेज की डिमांड पूरी नहीं होने पर दूसरी प्रेमिका के साथ भागने का अनोखा मामला सामने आया है, लड़की पक्ष ने हनुमंत विहार थाने में युवक शिक्षक और उसके पिता के खिलाफ दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर शादी तोड़ने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं दूसरी तरफ लड़के पक्ष से भी नौबस्ता थाने में अपने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई गई है।

### नाबालिग से शिक्षक कर रहा था शादी

हनुमंत विहार पुलिस ने जांच की तो सामने आया की लड़की अभी 18 साल की पूरी नहीं हुई है जुलाई में वह 18 साल की होगी इसके बाद भी नाबालिक के साथ शिक्षक जबरन दबाव बनाकर शादी करना चाहता था इधर लड़की पक्ष इज्जत बचाने के लिए शादी के लिए राजी हो गया था पुलिस का कहना है की नाबालिक से शादी को लेकर भी कार्रवाई की जाएगी फिलहाल लड़के की तलाश की जा रही है लड़की पक्ष और लड़का पक्ष दोनों थाने में बैठे हैं दोनों पक्ष एक दूसरे से बात कर रहे हैं लड़के पांच का कहना है कि उनका लड़का किसी और लड़की के साथ भाग है दहेज की वजह से शादी तोड़ने वाली बात गलत है पुलिस दोनों तरफ के आरोपी की जांच कर रही है। लड़की पक्ष ने बताया कि अपनी इज्जत बचाने के लिए अपनी हैसियत से कई गुना ज्यादा की शादी कर रहे थे इसके लिए उन्होंने अपना एक फ्लैट भी भेज दिया था शादी के लिए गेस्ट हाउस से लेकर हवाई और जान दहेज का लाखों रुपए का सामान खरीद लिया था लड़के ने अपने पसंद से एक सपोर्ट बाइक भी मांगी थी लड़की वालों में से भी खरीद दिया था करीब 8 से 10 लख रुपए का इंतजाम किया था लेकिन शादी वाले दिन लड़के के भागने से पूरी तैयारी पर पानी फिर गया। लड़की पक्ष के घर उनके सैकड़ो रिश्तेदारों का तांता लगा हुआ था।

शादी से लेकर एक-एक रिश्तेदार घर पर पहुंच गया था लेकिन दूल्हे के भागने की जानकारी मिलने के बाद घर में कोहराम मच गया लड़की और उसकी मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया वही लड़की पक्ष के कई लोग लड़के के घर पर ढाबा बोलने की भी तैयारी कर रहे थे लेकिन पुलिस में उन्हें किसी तरह रोक लिया दोनों परिवारों के बीच तनाव बढ़ा हुआ है।

### दूसरी प्रेमिका के साथ भागने की खबर चर्चा में

जिस शिक्षक के ऊपर यह आरोप लगाए जा रहे हैं कि उसने दहेज के लिए शादी से इंकार किया है उसके मामले में यह भी चर्चा आम रही की वह किसी और प्रेमिका को लेकर भाग गया है।

# यूपीकैटेट 2024 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म 17 मार्च से 7 मई तक भरें

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्र छात्राएं कृषि क्षेत्र में करियर की असीम संभावनाओं को देखते हुए कृषि स्नातक, परास्नातक एवं पी एचडी कोर्स में न केवल प्रवेश ले रहे हैं बल्कि कृषि शिक्षा के साथ कृषि शोध में महारत हासिल कर अपने सपनों को भी सरकार कर रहे हैं। यह बात सीएसए कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने कहीं।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में तरह-तरह के तकनीकी बदलाव किए जा रहे हैं। जिसके चलते आज युवाओं की रुचि कृषि क्षेत्र में कैरियर बनाने की ज्यादा दिखाई दे रही है। कुलपति ने बताया कि कृषि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ फसल उत्पादकता बढ़ाना ही नहीं है बल्कि युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों की जरूरत के हिसाब से तैयार करना है ताकि छात्र छात्राएं कृषि विश्वविद्यालय से स्नातक पर स्नातक एवं पीएचडी करके प्रशासनिक पदों के साथ ही अन्य संबंधित विभागों में अधिकारी / कर्मचारी के रूप में चयनित हो सके।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.पी.के.उपाध्याय ने बताया कि कृषि क्षेत्र में युवाओं के बढ़ते रुझान को देखते हुए यूपीकैटेट 2024 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म 17 मार्च से 7 मई 2024 तक भरे जा रहे है।

जिसके लिए ऑनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 8 मई 2024 है। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राएं https://upcatet.org या www.svpuat.edu.in वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# पुलिस ने गांजे के साथ युवक को किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान मे थाना साढ पुलिस ने एक गांजा तस्कर को हिरासत मे लिया है। बीते दिन मंगलवार को थाना साढ पुलिस ने चेकिंग के दौरान तिवारीपुर पुलिया के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए व्यक्ति ने अपना नाम बांदा निवासी किशोरी लाल बताया है। किशोरी लाल वर्तमान मे थाना साढ क्षेत्र के ग्राम तिवारीपुर मे रहता है। पुलिस ने किशोरी लाल के पास से 300 ग्राम गाँजा बरामद किया है। जिसके उपरांत पुलिस ने किशोरी लाल के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट मे मुकदमा पंजीकृत किया है। अब पुलिस किशोरी लाल को जेल भेजने की तैयारी कर रही है। वहीं इसे गिरफ्तारी करने वाली टीम मे उप निरीक्षक नवनीत कुमार के साथ उप निरीक्षक शिवनारायण मिश्रा और कांस्टेबल मोहित सिंह शामिल रहे।

# स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



नागरिक सुरक्षा कोर नवाबगंज प्रखंड कानपुर नगर द्वारा पं.शिव गोविंद मिश्र, आचार्य नगर इंटर कॉलेज में मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अतिथियों को मोतियों की माला पहनाकर हुआ। संगोष्ठी में उप नियंत्रक शिवराज सिंह ने 18 वर्ष के बच्चों को मतदान की महत्ता और उसके विषय मे जानकारी दी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.चंद्रशेखर ने मतदान क्यों जरूरी है विषय पर चर्चा की। प्रधानाचार्य डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा छात्रों को अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। वही पीएसजी एम मेमोरियल विद्यालय की प्रधानाचार्या विमी त्रिपाठी, वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक नीरज चक, विष्णु कुमार शर्मा, सेक्टर वार्डन राजीव सिंह आदि ने मतदान के विभिन्न पहलुओं के विषय में जानकारी दी। संगोष्ठी के अंत में उप नियंत्रक द्वारा सभी को मतदाता जागरूकता पर शपथ दिलाई गई। डिविजनल वार्डेन धनंजय नारायण सिंह ने आए हुए अतिथियों, विद्यालय प्रबंधन एवं अध्यापकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। संगोष्ठी का संचालन स्टाफ अधिकारी ददन मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बृजेंद्र कुमार अग्निहोत्री, स्टाफ अधिकारी रविंद्र सिंह राजा रिजर्व, घटना नियंत्रण अधिकारी अनूप मेहरोत्रा, पोस्ट वार्डन राजकुमार अग्रवाल, सेक्टर वार्डन/मीडिया प्रभारी संतोष तिवारी, विभव सिंह, दुर्गेश कुमार निषाद, शत्रुघ्न आदि मौजूद रहे।

### आलोक मिश्र को नहीं पहचान पाई पुलिस

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर में मंगलवार को पुलिस अधिकारी नामांकन दाखिल करने आए इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी आलोक मिश्रा को ही नहीं पहचान पा रहे थे। जब आलोक मिश्रा नामांकन कराने पहुंचे तो पुलिस अधिकारी बोले आप प्रस्तावक नहीं हैं अंदर नहीं जा सकते आलोक मिश्रा बोले भाई साहब मैं प्रत्याशी हूँ। इसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा जमीन पर बैठ गए और पुलिस अधिकारियों से उनकी कुछ देर तक बहस होती रही, बाद में पुलिस अधिकारियों ने मामला पूरा समझने के बाद आलोक मिश्रा को प्रस्तावकों के साथ अंदर जाने दिया।

# आईपीएल के सटोरी को सट्टा लिखते पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

इस समय आईपीएल मैच के चलते कानपुर पुलिस सटोरियों पर अपनी नजरें गड़ाए हुए है और मौका पाते ही सटोरियों पर झपट्टा मार रही है। ऐसे मे ही थाना काकादेव पुलिस ने कल आईपीएल पर सट्टा खिलवाने एक सटोरीये को गिरफ्तार किया है। बीते दिन मंगलवार को थाना काकादेव क्षेत्र मे स्थित पांडू नगर चौकी पुलिस को सूचना मिली कि बीमा अस्पताल परिसर के अंदर एक गगन सिंह उर्फ माइकल नाम का युवक सट्टा खिलवा रहा है। जिसकी सूचना पाकर पुलिस ने बीमा परिसर मे दबिश दी और 21 वर्षीय गगन उर्फ माइकल को सट्टा खेलते/खिलवाते पकड़ लिया। गगन के पास से पुलिस ने 1350 रुपए, सात पर्चियां, एक पेन और एक स्मार्ट फोन बरामद किया है। पुलिस गगन पर 13 जी एक्ट के तहत मुकदमा लिखकर कार्यवाही की है। इसको गिरफ्तार करने मे उप निरीक्षक राहुल शुक्ला के साथ कांस्टेबल आमोद कुमार शामिल रहे।

# चोरों ने मन्दिर को बनाया निशाना, दान पात्र तोड़ फरार



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर मे कानपुर पुलिस अपराध रोकने के लिए भले ही अपराधियों के विरुद्ध भिन्न भिन्न अभियान चला रही हो लेकिन चोर अपने चोरी के व्यापार को आगे बढ़ाते जा रहे हैं। चोरों ने अब अपने व्यापार मे मंदिरों को भी निशाना बना लिया है।

बीते दिन मंगलवार को थाना हरवंशमोहाल के तेलियाना चौराहे पर स्थित आदिशक्ति मंदिर मे चोरों ने दान पात्र को तोड़ कर चोरी कर ली। सुबह जब मंदिरों मे रहने वाले पुजारियों को आंख खुली तो उन्हे दान पात्र का ताला टूटा मिला। जिसकी जानकारी फौरन पुजारियों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब पूछताछ करी तो पता चला कि जब चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया है। तब मंदिर परिसर मे रहने वाले पुजारी सोए हुए थे। पुजारियों ने बताया कि दान पात्र मे लगभग 15 हजार रुपए मौजूद थे। मंदिर परिसर मे लगे कैमरे मे चोरी करने वाले चोर सीसीटीवी फुटेज मे कैद भी हो गए हैं। वहीं पुलिस ने अश्वासन दिया है कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से जल्दी ही घटना का खुलासा किया जाएगा और तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं मे मुकदमा भी पंजीकृत किया जाएगा।

# सामाजिक अधिकार शिविर का किया आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बसेरा सामाजिक संस्थान ने मन्नत मां फाउंडेशन के सहयोग से निधि अग्निहोत्री (एडवोकेट) की मदद से केपी ग्रांट सी19आरएम के उदार प्रायोजन के तहत एक व्यापक सामाजिक अधिकार शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन ने सामुदायिक कल्याण में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया, जिसमें पुरुषों, महिलाओं और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की गईं।

कानपुर में आयोजित शिविर में विभिन्न सामाजिक अधिकारों तक पहुँचने के लिए उत्सुक प्रतिभागियों की प्रभावशाली उपस्थिति देखी गई। आयोजन के दौरान, पहचान दस्तावेजीकरण और वित्तीय समावेशन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए 160 से 200 सेवाएँ प्रदान की गईं।

# इंडिया गठबंधन में क्या आ गई दरार?

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल पूर्वाहन के समय कांग्रेस मुख्यालय तिलक हॉल से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ नामांकन कराने के लिए एक जुलूस की शक्ल में निकलें। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश दिख रहा था। कचहरी में जब कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा नामांकन कराने के लिए अंदर जाने लगे तो उनके होश उस समय उड़ गएं जब यह पता चला कि सपा विधायक अमिताभ बाजपेई (जो उनके प्रस्तावक हैं) वो आये ही नहीं।

फिर क्या था आलोक मिश्रा ने फोन पर ही मिन्नतें करने लगें। की आप आईये आप हमारे प्रस्तावक हैं आप आइए, आप जरूर आइए। आलोक ने यहां तक कहा कि आप नही आएंगे टी हम जा रहे है हम कल नामांकन कराएंगे।

# मुकदमें मे वांछित चल रहे आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



प्रदेश मे कमिश्ननरेट कानपुर नगर के आदेशानुसार अपराध व अपराधियो पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के चलते कल एक वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 मे शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना बेकनगंज पुलिस द्वारा बीते दिन मंगलवार को क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुरवा थाना बेकनगंज पुलिस गश्त पर थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि दो वारन्टी आमिर जो कि 98/179 गोरा कब्रिस्तान थाना बेकनगंज, कल्लू 98/179 गोरा कब्रिस्तान के पास के रहने वाले हैं। दोनो ही अभियुक्त अपने घर पर मौजूद हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो अभियुक्तों को दबिश के दौरान गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस का कहना है कि आमिर और कल्लू की थाना बेकनगंज पुलिस को धारा 323/504 के मुकदमें मे काफी दिनो से तालाश थी। गिरफ्तार करने के बाद दोनो वारन्टी को थाना बेकनगंज मे लाया गया है। जिसके बाद दोनो पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करने की तैयारी करी जा रही है। दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरीक्षक आरिफ रजा और उप निरीक्षक शिवम वर्मा शामिल रहे।

# कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में एमओयू पर किया गया हस्ताक्षर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के मध्य एकेटीयू लखनऊ में समर्थ पोर्टल लागू करने के लिए हुयी कार्यशाला मे कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में एमओयू हस्ताक्षर किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य सीएसजेएमयू में समर्थ मॉडल को लागू करना रहा। इस अवसर पर कुलाधिपति ने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी जरूरत के अनुसार इसमें डाटा भरता रहे। उन्होंने पोर्टल के समग्रता से क्रियान्वयन के लिए टीमवर्क को जरूरी बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने को कहा। उन्होने दिल्ली विश्वविद्यालय का जिक्र करते हुए बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने शोध पूर्ण तरीके से काफी समय देकर इस पोर्टल का निर्माण किया है। विश्वविद्यालयों में इस पोर्टल के लागू हो जाने से विभिन्न समस्याओं का समाधान भी हो जाएगा। उन्होंने पोर्टल लागू होने के फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि इससे समय की बचत, धन के दुरुपयोग से बचत, एक क्लिक पर विश्वविद्यालय की जानकारियों का प्राप्त होना, फाइलों की सहज ट्रैकिंग जैसे अनेक कार्यों की सुगमता हो जाएगी। इस अवसर पर दोविश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में शुरू किए गए डिजिटल कल्चर से कैंपस का माहौल बदला है। जिसके परिणाम स्वरूप पिछले अकादमिक सत्र में हमारे यहां कैंपस मे लगभग तीन गुना अधिक प्रवेश हुए हैं। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस से लेकर, ऑनलाइन अटेंडेंस और सभी क्षेत्रों में पोर्टल के माध्यम कामकाज ने विश्वविद्यालय में एक नई संस्कृति पैदा की है। समर्थ के साथ विश्वविद्यालय के एमओयू होने से कार्य को और अधिक विस्तार भी मिलेगा। जिसका श्रेय उन्होंने कुलाधिपति को दिया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ.सुधीर बोबडे, डॉ पंकज एल. जानी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## ऑटो, फार्च्यूनर की टक्कर में एक की मृत्यु, एक गम्भीर रूप से घायल

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पिपरी गाव के पास प्रयागराज हाइवे पर एक ऑटो एवम फॉर्च्यूनर की टक्कर में देवा राय की मृत्यु एवम अजय श्रीवास्तव थाना बीकापुर गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है वही पूराकलंदर पुलिस ने फॉर्च्यूनर के चालक को गिरफ्तार कर लिया हैं। मंगलवार की दोपहर पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ प्रवेश वर्मा अपनी फॉर्च्यूनर वाहन संख्या यूपी42 एजेड 3222 गाड़ी से बीकापुर की तरफ कहि जा रहे थे जैसे ही पिपरी के पास पहुँचे सामने से आ रही ऑटो वाहन संख्या यूपी42बीटी6393 से जोरदार टक्कर हो गयी जिसमे घटना स्थल पर ही देवा राय उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी नरोत्तमपुर थाना बीकापर जनपद अयोध्या की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी वही अजय श्रीवास्तव पुत्र विजय श्रीवास्तव उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी नरोत्तमपुर गम्भीर रूप से घायल हो गए जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना पाकर थाना प्रभारी रतन शर्मा एवम चौकी प्रभारी स्वतंत्र मौर्या घटना स्थल पर पहुँच गए।

### अमेठी में कांग्रेस और सपा के कार्यकर्ता थाम रहे भाजपा का दामन

# गौरीगंज से सपा के बागी विधायक राकेश प्रताप सिंह के भाई समेत सपा नेता भाजपा में शामिल

**जन एक्सप्रेस | गौरीगंज, अमेठी**




इन दिनों अमेठी लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न दलों के कार्यकर्ता और नेता भाजपा का दामन थाम रहे हैं। विपक्षी दल से अभी तक कोई भी प्रत्याशी अमेठी लोकसभा में मैदान में नहीं उतरा। जिसको लेकर कांग्रेस और सपा में भगदड़ मची हुई है। योगी, मोदी की नीतियों तथा अमेठी सांसद स्मृति इरानी के विकास कार्यों से प्रभावित अमेठी में लोग भारतीय जनता पार्टी और स्मृति इरानी में भरोसा जाता रहे हैं। इसी कड़ी में शुकुल बाजार क्षेत्र के दिग्गज नेता एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह कांग्रेस और सपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। जिला मुख्यालय गौरीगंज में प्रदेश सह प्रभारी एवं सांसद संजय भाटिया तथा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने सभी लोगों को भाजपा का पटका और अंग वस्त्र पहनाकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल किया। इस दौरान मीडिया विभाग सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा एवं शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राम उंजेरे शुक्ला सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। बताते चलें कि उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह के भाजपा में शामिल होने से शुकुल बाजार में भारतीय जनता पार्टी और भी मजबूत हुई है। महेंद्र विजय सिंह का भारतीय जनता पार्टी से गहरा लगाव रहा है। महेंद्र विजय सिंह के ससुर उमानाथ सिंह कल्याण सिंह सरकार में कारागार मंत्री रह चुके हैं।और उनके साले केपी सिंह जौनपुर से भाजपा सांसद रह चुके हैं।

ऐसे में भारतीय जनता पार्टी से इनका पुराना रिश्ता और लगाव रहा है। साथ ही साथ उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि मोदी और योगी की नीतियों तथा अमेठी सांसद स्मृति इरानी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर हम सभी ने भाजपा में शामिल होने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा राहुल गांधी सिर्फ चुनाव में अमेठी दिखाई देते हैं। अमेठी की भोली भाली जनता को ठगने का कार्य करते हैं। चुनाव बाद लापता हो जाते हैं। इस दौरान शामिल होने वाले लोगों में प्रमुख रूप से अकलाख अहमद प्रधान बख्तावर नगर कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए, मोहम्मद अयूब कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए, जय सिंह चंदेल कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए, अनुपम शुक्ला कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए।तथा एजाज अहमद पूर्व प्रमुख के पुत्र समाजवादी पार्टी से भाजपा में शामिल हुए, सूर्यकुमार शुक्ला कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए, इकराम खान पूर्व प्रधान प्रतिनिधि हरखूमऊ कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए, मानवेंद्र विजय सिंह, अवनेन्द्र विजय सिंह, आफताब अहमद कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकरनगर।** जनपद में पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधीयों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मालीपुर में धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित 3 वांछित अभियुक्त शिवपूजन कुमार पुत्र रामदौर निवासी ग्राम श्यामपुर दरियापुर थाना मालीपुर रवि कुमार पुत्र राम बहादुर निवासी ग्राम श्यामपुर दरियापुर थाना मालीपुर अखिलेश पुत्र हलकम्पी निवासी ग्राम श्यामपुर दरियापुर थाना मालीपुर को पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के रामदास की मडैया बहद ग्राम सैदपुर भितरी के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए जनपद न्यायालय भेजा गया। जहां से उन्हें जनपद कारागार भेज दिया गया।

### दुष्कर्म में वांछित इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकरनगर।** जनपद में पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधीयों के विरुद्ध प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बसखारी पुलिस टीम द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 376/363 व ङ पाक्सो एक्ट में वांछित 10 हजार रूपये का ईनामियाँ अभियुक्त नदीम खान पुत्र जियाउल खान निवासी ग्राम उसिया थाना दीलदारनगर जनपद गाजीपुर को थाना क्षेत्र के किछौछा के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गय

### सपा महिला जिलाध्यक्ष ने छात्राओं का किया उत्साहवर्धन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की सभी पदाधिकारी ने कनौसा कॉन्वेंट की मेधावी छात्रा ईशान्वी यादव पुत्री अनिल यादव एवं पूनम यादव ने हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षा में 95न्न अंक लाकर अपने विद्यालय एवं जिले का मान बढ़ाया है यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। ईशान्वी यादव ने बताया कि इसी मेहनत और लगन के साथ आगे अपनी शिक्षा जारी रखते हुए नीट की तैयारी करेंगी और भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। समाजवादी पार्टी की महिला सभा जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने अपने साथियों के साथ उसे माला पहनाकर बुके भेट कर उसका उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। सरोज यादव ने उनके माता पिता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हमारे साथ महासचिव डा. निशात अख्तर, सचिव रूमा, रीता राही, बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष रीता निषाद, आर्शी, ओजस्वी, गुल्शी, यश, सौम्य आदि लोग उपस्थित रहे।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** अयोध्यावासियों एवम अयोध्या आने वाले यात्रियों के लिए निरंतर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आरंभ नहरबाग में ह्यूमन डेवलपमेंट सोसायटी और अनूप फाउंडेशन द्वारा किया गया।इस सामाजिक कार्य में डॉक्टर दीपिका चंद्रा द्वारा भारी संख्या में लोगों का परीक्षण कर के समुचित परामर्श के साथ साथ औषधि वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सविता सिंह, कंचन लता श्रीवास्तव,एकता भटनागर, सोनाली श्रीवास्तव, स्मिता, प्रीति सिंह, रंजीता चौहान, चंदन कसेरा, स्वप्निल श्रीवास्तव, सरजू कनौजिया, अरुण सुदर्शन समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

### पासी समाज तय करेगा जनपद का सांसद: संजय पासी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** राष्ट्रीय पासी सेना के तत्वाधान में एक आवश्यक बैठक कैम्प कार्यालय मलिकमऊ में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सेना के अध्यक्ष संजय पासी ने करते हुए कहा कि जनपद रायबरेली में सर्वाधिक पासी समाज के लोग रहते हैं, जिनकी संख्या लगभग सात लाख पचास हजार है, फिर भी पासी समाज को महत्व नहीं देने से समाज में आक्रोश है। जनपद का पासी समाज एकजुट होकर मतदान करेगा, जिसके लिए जल्द ही जनपद के 18 ब्लाक के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में किस प्रत्याशी को समर्थन देना है कि रूपरेखा तय करेगा। श्री पासी ने समाज के लोगों से आग्रह किया है कि वह अपनी ताकत को पहचाने और एक मंच पर आकर राजनैतिक भागीदारी का हिस्सा बने। विगत पूर्व में सम्पन्न हुए चुनावों में दिशाविहीन होकर मतदान किया गया है, जिससे समाज रसातल में पहुँच गया है। समाज के मान-सम्मान बढ़ाने के लिए जनपद के पासी समाज के लोगों को मिलकर एक दिशा में कार्य करना होगा, तभी समाज का सम्मान सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से राज पासी, अनुज पासी, रामशरण पसी, रोहित पासी, संतोष पासी, अमरेश पासी, अतुल पासी, भीम पासी, करन पासी आदि लोग उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।
इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने श्रद्धा-भक्ति पूरित मन से संकटमोचन हनुमान जी का पूजन अर्चन सम्पन्न किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्टूडेन्ट्स् को महावीर हनुमान जी के जीवन से जुड़ी अनेक रोचक जानकारियों के साथ-साथ उनके साहसिक कार्यों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हर साल चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। हनुमत-भक्त इस दिन को बहुत ही धूमधाम और उत्साह पूर्वक मनाते हैं। प्रोग्राम में बाल हनुमान की जीवन्त भूमिका एवं स्कूल की छात्राओं के भक्तिपूर्ण सुमधुर गीत मनमोहक रहे। इस कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में एक्टिविटी इंचार्ज प्रमांशु श्रीवास्तव के निर्देशन में सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव, नीतू सिंह, रविन्दर कौर और उनके सहयोगी साथियों का सराहनीय योगदान रहा। अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पवन पुत्र हनुमान भगवान राम और सीता के प्रति अटूट भक्ति रखने वाले, अपार शक्ति सम्पन्न, संकट मोचक कहे जाते हैं। वे अपने भक्तों के सभी संकटों को दूर करते हैं। इसीलिए तो उनके सम्बन्ध में लिखा गया है कि-
'संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलवीरा।' इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### रायबरेली की जीत के साथ अण्डर-19 आयु वर्ग की अन्तर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज़

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सत्र-2024-25 हेतु बनने वाली अण्डर-19 आयु वर्ग (बालक) क्रिकेट टीम के लिए पूरे प्रदेश में अन्तर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में रायबरेली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा रायबरेली मण्डल के अंतर्गत आने वाले जनपद रायबरेली, जनपद प्रतापगढ़ व जनपद अमेठी की अन्तर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता 22 अप्रैल से स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में शुरू हो गयी है। इस प्रतियोगिता में पहला मैच जनपद रायबरेली व जनपद प्रतापगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतापगढ़ ने निधारित 45 ओवरों में दीपक यादव के 50 रन नाबाद व हर्ष पाण्डेय के 53 रनों की बदौलत 9 विकेट खोकर 234 रन बनाये। रायबरेली जनपद की ओर से गेंदबाजी में मो0 अब्बास खान ने 3 विकेट तथा आदित्य पाण्डेय व मोहित सिंह ने 2-2 विकेट हासिल किये।

## सही ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु 936 मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



मंगलवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में मतदान कार्मिकों को तीसरे दिन प्रशिक्षण दिया गया।मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी अधिकारी कार्मिक सूरज पटेल की उपस्थिति में पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया। तीसरे दिन प्रशिक्षण में सभी 936 मतदान कार्मिक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों को ईवीएम, वीवीपैट मशीनों को जोड़ने, कंट्रोल यूनिट, वैलेट यूनिट और वीवीपैट को जोड़ने, माक पोल कराने, माकपोल की पर्ची लिफाफे में रखकर शील करने, मतदाता रजिस्टर, मत पत्र लेखा को तैयार करने, पीठासीन की डायरी को भरने आदि महत्वपूर्ण बातों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया की गंभीरतापूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जो कुछ शंका हो उसका समाधान अपने मास्टर ट्रेनर से कर लें। उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीन संबंधित सभी प्रक्रिया को अच्छी तरह से जान लें। साथ ही मास्टर ट्रेनर को भी निर्देशित किया कि मतदान कार्मिकों को गंभीरतापूर्वक एवं अच्छे ढंग से प्रशिक्षण दें।जिससे निर्वाचन की प्रक्रिया को मतदान कार्मिक अच्छे से समझ कर जनपद में मतदान सकुशल संपन्न कराएं।
प्रशिक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक अजय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## हनुमान जयंती के अवसर पर शिविर लगाकर लोगों को प्रसाद वितरित किया

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** सिन्धु युवा मंडल ने रामनगर चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर शिविर लगाकर प्रसाद के रुप में शर्बत, बिस्कुट व लड्डू वितरित किए इस अवसर पर प्रभु श्रीराम व हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेश सावलानी ने पहली बार हनुमान जयंती के अवसर पर अपनी टीम के साथ शिविर लगाकर राह चलते लोगों को प्रसाद वितरित किया इस अवसर पर सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश अंदानी, उत्तर प्रदेश सिंधी युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश ओमी, सिंधु महिला समिति की अध्यक्ष किरन पंजवानी, सिंधु महिला परिवार की अध्यक्ष मुस्कान सावलानी, युवा समाजसेवी हरीश सावलानी, चिन्मय मध्यान, वैभव राजपाल, भावेष वरियानी, कबीर दासवानी, शोभित उतरानी, मयंक उतरानी, हर्ष, उमेश संगतानी, मीना साधवानी, गोपी आडवानी, प्रकाश रुपानी, गोपी रुपानी, कमलेश खत्री आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों ने भी बोर्ड की परीक्षा में अपना परचम लहराया

**जन एक्सप्रेस | अयोध्याधाम**

ज्ञात हो कि प्रॉमिनेंट पब्लिक स्कूल समिति द्वारा संचालित मुस्कान पुनर्वास केंद्र कनीगंज अयोध्या के दिव्यांग होनहार 24 बच्चे बोर्ड की परीक्षा में बैठे थे, जिनका रिजल्ट 100न्न उत्तीर्णेन रहा। इसमें 14 बच्चे प्रथम व 10 बच्चे द्वितीय श्रेणी में रहे।
सभी बच्चे ना ही सुन सकते हैं और ना ही बोल सकते हैं किंतु बुद्धि के अत्यंत ही तीव्र है और प्रत्येक बात को साइन लैंग्वेज से समझ लेते हैं। संस्था में शिक्षक साइन लैंग्वेज में ही पढ़ाते हैं तथा विज्ञान आदि प्रयोग व डेमोंसट्रेशन के द्वारा सीखाते हैं। संस्था की प्रधानाचार्य संगीता यादव, निशा निषाद, अनीता सोनकर, नवनीत, पूजा, उषा मिश्रा मनोज सोनकर आदि ने बच्चों के रिजल्ट पर खुशी व्यक्त की है और बच्चों को आगे भी इसी प्रकार परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया है। संस्था के प्रबंधक राघवेंद्र अवस्थी एवं सचिव सर्वेश अवस्थी द्वारा भी खुशी व्यक्त करते हुए बच्चों को पुरस्कृत करने के लिए संस्था की प्रधानाचार्य को सौपा है। संस्था की अध्यक्ष डॉ रानी अवस्थी का कहना है की प्रथम श्रेणी में पास होने वाले होनहार बच्चे जिग्नेश सोनी, दीपेश यादव, रूबी, शिवम, शिवशंकर, आकाश, सुधांशु आदित्य, अनिल, रिया, रजनीश, अभिषेक मिश्रा, माही आदि बधाई के पात्र हैं तथा द्वितीय श्रेणी में पास होने वाले बच्चे भी आगे परिश्रम करें व भविष्य में प्रथम आए यह संस्था के शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। बच्चों की शिक्षा में शिक्षण सामग्री, स्पीच थेरेपी मशीन, कंप्यूटर आदि के लिए दिल्ली की संस्था दि बोस्टन कंसल्टेंसी ग्रुप इंडिया के सहयोग की भी सराहना की है तथा कंपनी को हृदय से धन्यवाद दिया है कि दिव्यांगों की अच्छी शिक्षा हेतु सहयोग किया। द्वितीय श्रेणी में पास होने वाले बच्चे तनुजा, अनूप, सौरवगौर, सुमित, सौरभ, चांदनी, रितेंद्र, धनंजय, सुमन, प्रदीप, हर्षित को भी डॉक्टर रानी अवस्थी ने अपना स्नेह प्रदान करते हुए प्रोत्साहित किया।

## सांसद लल्लू सिंह के द्वारा बालिकाओं में वितरित की गई मोदी टी-शर्ट

### सपा जिलाध्यक्ष ने लगाया आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



प्रशिक्षण शिविर में बालिकाओं में वितरित की गई मोदी टी-शर्ट सांसद लल्लू सिंह द्वारा समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने लगाया आरोप ।
बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बालिकाओं में वितरित की गई मोदी गोल गले की टी शर्ट, टी शर्ट पर छपी है पीएम मोदी की तस्वीर, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा उम्मीदवार व सांसद लल्लू सिंह ने वितरित किया मोदी टी-शर्ट, सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाया उन्होंने चुनाव आयोग से तत्काल कार्रवाई की मांग सपा जिला अध्यक्ष ने कहा भाजपा सांसद द्वारा मोदी टी-शर्ट वितरण करके आचार संहिता का सरासर उल्लंघन किया इसको तुरंत संज्ञान में लेकर कार्रवाई करें उक्त मामला मसौधा के राणी सती मंदिर परिसर का मामला है ।श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान व अवध खेल संगठन ने आयोजित किया था प्रशिक्षण शिविर।

## एनएसपीएस त्रिपुला में मनाई गई हनुमान जयंती

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला में हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ हनुमान जी के चित्र पर पुष्पाचर्न कर पूजा-अर्चना की और बजरंगबली से सभी के लिए आंतरिक शांति, समृद्धि और शक्ति की कामना की। इस दौरान छात्रा दीपशिखा, कृतिका और आरती द्वारा प्रस्तुत किये गए भजन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।
प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि हनुमान जी बल और बुद्धि के देवता माने गए हैं, उन्होंने अपनी इन्द्रियों पर विजय प्राप्त की थी। हमे बजरंगबली के चरित्र और बुद्धि एवं कौशल का अनुशरण करना चाहिए जिससे हमारा जीवन सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंच सके।
कार्यक्रम का संचालन छात्रा पलक और अलंकृता ने किया।

## भारतीय जनता पार्टी का चुनाव अभियान तेज करने के लिए हुआ पूजन

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

भारतीय जनता पार्टी का चुनाव अभियान तेज करने के लिए अयोध्या मंडल का कार्यालय बाबू बाजार अयोध्या नगर पालिका पर हनुमानगढ़ी के सरपंच महंत रामकुमार दास ने पूजन करा करके किया। पूजन अर्चन के बाद सभा की अध्यक्षता करते हुए अयोध्या लोकसभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा की हमें यह मन करके आराम नहीं करना है कि अयोध्या है लल्लू सिंह जीत रहे हैं हमको आज से ही अयोध्या मंडल के सभी कार्यकर्ता कमर कस कर मतदाताओं के बीच में जाना होगा। जिससे अधिक से अधिक मतों से विजई बनाया जा सके। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि हमें मोदी जी के सपनों को साकार करना है। मेयर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि कार्यकर्ता आज से 24 घंटे पूरे तन मन से काम करेंगे और हम सब अयोध्या के सेट को 400 में एक सीट प्लस करेंगे। अयोध्या विधानसभा संयोजक रमापति पांडे ने कहा की भाजपा का प्रत्येक पन्ना प्रमुख अपनी जिम्मेदारी पूरे तन मन से निभाए जिससे हम अयोध्या की सेट को भारी अंतर से जीत सकें कार्यालय पर सभी कार्यकर्ताओं की व्यवस्था की जाएगी। कार्यालय उद्घाटन में अयोध्या के सैकड़ो महिला शक्ति भी भारी मात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर रुदौली के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक कसौधन, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, अयोध्या मंडल के अध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य, पूर्व अध्यक्ष संजय शुक्ला,पूर्व अध्यक्ष वीडी दुवेदी, रामचंद्र अग्निहोत्री, महामंत्री प्रतीक श्रीवास्तव ने अपने विचार वक्त किया। अयोध्या मंडल कार्यालय महंत धनुषधारी शुक्ला ने वैदिक विद्वानों के साथ पूजन पाठ कराया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव , उपाध्यक्ष बिंदु सिंह, पूर्व अध्यक्ष बिंदु श्रीवास्तव, दया मिश्रा, पार्षद विनय जायसवाल, पार्षद सुल्तान अंसारी, पार्षद प्रतिनिधि अभय श्रीवास्तव, पूर्व महामंत्री दुर्गेश पांडे,सहित लगभग सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ता आज से 24 घंटे पूरे तन मन से काम करेंगे: महापौर

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



भारतीय जनता पार्टी का चुनाव अभियान तेज करने के लिए अयोध्या मंडल का कार्यालय बाबू बाजार अयोध्या नगर पालिका पर हनुमानगढ़ी के सरपंच महंत रामकुमार दास ने पूजन करा करके किया। पूजन अर्चन के बाद सभा की अध्यक्षता करते हुए अयोध्या लोकसभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा की हमें यह मन करके आराम नहीं करना है कि अयोध्या है लल्लू सिंह जीत रहे हैं हमको आज से ही अयोध्या मंडल के सभी कार्यकर्ता कमर कस कर मतदाताओं के बीच में जाना होगा। जिससे अधिक से अधिक मतों से विजई बनाया जा सके। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि हमें मोदी जी के सपनों को साकार करना है।मेयर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि कार्यकर्ता आज से 24 घंटे पूरे तन मन से काम करेंगे और हम सब अयोध्या के सेट को 400 में एक सीट प्लस करेंगे।अयोध्या विधानसभा संयोजक रमापति पांडे ने कहा की भाजपा का प्रत्येक पन्ना प्रमुख अपनी जिम्मेदारी पूरे तन मन से निभाए जिससे हम अयोध्या की सेट को भारी अंतर से जीत सकें कार्यालय पर सभी कार्यकर्ताओं की व्यवस्था की जाएगी। कार्यालय उद्घाटन में अयोध्या के सैकड़ो महिला शक्ति भी भारी मात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर रुदौली के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक कसौधन, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, अयोध्या मंडल के अध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य, पूर्व अध्यक्ष संजय शुक्ला,पूर्व अध्यक्ष वीडी दुवेदी, रामचंद्र अग्निहोत्री, महामंत्री प्रतीक श्रीवास्तव ने अपने विचार वक्त किया। अयोध्या मंडल कार्यालय महंत धनुषधारी शुक्ला ने वैदिक विद्वानों के साथ पूजन पाठ कराया।
इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष बिंदु सिंह, पूर्व अध्यक्ष बिंदु श्रीवास्तव, दया मिश्रा, पार्षद विनय जायसवाल, पार्षद सुल्तान अंसारी, पार्षद प्रतिनिधि अभय श्रीवास्तव, पूर्व महामंत्री दुर्गेश पांडे,सहित लगभग सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गाजे-बाजे के साथ उत्साह से चली यात्रा

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर- अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से चांदपुर तक प्रमुख मार्ग से होते हुए पूर्व आयोजित विश्व हिंदू परिषद द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सभी कार्यकर्ता बड़े उत्साह से गाजे बाजे के साथ स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ जिले के प्रमुख पदाधिकारी कार्यक्रम में शिरकत करके सोभा यात्रा मे चार चांद लगाया है। जय श्रीराम सहित भक्ति के नारो से क्षेत्र गुंजायमान रहा है।
उक्त शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से राकेश यादव, संतोष तिवारी ,राजाराम साहू ,अरुण तिवारी जिला उपाध्यक्ष ,सुरेश कुमार ,राम प्रगट उपाध्याय , नुवावां के प्रधान राम जियावन ,अशोक मोदनवाल नगर उपाध्यक्ष ,भोला तिवारी , विश्वनाथ यादव ,हरिहर सिंह ,रवि मिश्रा ,चंद्र देव मिश्रा, राहुल सिंह ,कृष्णा पांडे ,जितेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, रामकुमार राय वकील आदि वरिष्ठ लोगों के देखरेख में गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई।

## तीन दिवसीय बालिका आत्मरक्षा शिविर का सांसद ने किया समापन

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

### बालिकाओं में आत्मविश्वास व साहस पैदा करने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता: सांसद लल्लू सिंह



राणी सती मंदिर मसौधा में तीन दिवसीय बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार हुआ। शिविर की शुरूवात 20 अप्रैल की हुई थी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि लल्लू सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र दिया। शिविर का आयोजन श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान एवं अवध खेल एसोशिएसन द्वारा किया गया था। जिसमें बालिकों को आत्मरक्षा के गुण सिखाए गए। गाजीपुर में आयोजित स्टेट लेबल किंग बाक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले 17 बच्चों को सम्मानित किया गया।समारोह में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। बालिकाएं स्वंय की रक्षा करें और दूसरों की भी कर सकें। इस तरह की ट्रेनिंग बालिकाओं को देना जरूरी है। बालिकाओं में आत्मविश्वास व साहस पैदा करने के लिए इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता है। पीएम मोदी इस प्रकार के आयोजनों तथा खेलों को प्रोत्साहन देते हैं।
श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान की प्रबंधक उर्मिला सिंह ने कहा इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, आत्म-अनुशासन और आत्म-सम्मान के साथ-साथ दूसरों के प्रति सम्मान विकसित होता है। बालिकाएं आवश्यक्ता पड़ने पर अपनी रक्षा करने के साथ दूसरों की भी सहायता कर सकें इस भाव के साथ तीन दिवसीय बालिका आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया गया था।अवध खेल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम ने कहा आयोजित शिविर में 250 बालिकाओं ने भाग लिया। जिन्हें प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। गाजीपुर में आयोजित स्टेट लेवल किंग बाक्सिंग में जिले के 17 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। सभी प्रतिभागियों को शिविर के समापन के अवसर पर सम्मानित किया गया।पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना द्विवेदी ने कहा इस प्रकार के आयोजन से बालिकाओं में आत्मनिर्भरता का भाव जागृत होता है।
इस दौरान रीना द्विवेदी, शशि रानी शर्मा, पायल जायसवाल, शांति गुप्ता, शांति शर्मा, आशा देवी सहित बड़ी संख्या में बच्चे व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 23°C |
| कानपुर | 40°C | 23°C |
| देहरादून | 33°C | 20°C |
| नई दिल्ली | 38°C | 25°C |

# हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह हुए रामायण के पाठ, कहीं हुए राम भजन तो कहीं सुन्दर काण्ड

- लखरैन माता धाम में हनुमान का हुआ भव्य श्रृंगार, विधि विधान से हुई पूजा अर्चना
- इटौंजा भाजपा चेयरमैन के निवास स्थान पर हुआ रामायण का पाठ, भंडारे में हजारों लोग हुए शामिल

**जन एक्सप्रेस । इटौंजा, लखनऊ**

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत इटौंजा में जगह-जगह रामायण के पाठ व सुंदरकांड पाठ एवं भजन कीर्तन करतें लोग दिखाई दिये। बता दे कि हनुमान जयंती के पावन पर्व पर इटौंजा नगर पंचायत में कई वार्डों में रामायण के पाठ एवं सुंदरकांड के पाठ लोगों द्वारा किए गए। वहीं लखरैन माता धाम पर बने हनुमान मंदिर में लखरैन माता धाम महंत गुरु दामोदरदास शुक्ला ने हनुमान जी का लाल सिंदूर लगाकर सिंगार किय तथा पूजा अर्चना कर विधि विधान से पूजा की। वहीं सैकड़ो लोगों ने हनुमान जी के दर्शन कर प्रसाद में लड्डू का भोग भी लगाया। आपको बताते चले कि हनुमान जयंती के पावन पर्व पर इटौंजा नगर पंचायत चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल ने अपने निजी आवास पर रामायण का पाठ सोमवार को करया तथा मंगलवार को हनुमान जयंती के दिन रामायण हवन पूजा अर्चना कर शाम 3 बजे समाप्त हुई।




वहीं चेयरमैन द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के लोग व भाजपा कार्यकर्ता भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इटौंजा व अन्य गांवों क्षेत्र में रामायण, सुंदरकांड, रामडोल, सहित कई लोग भजन कीर्तन करते दिखाई दिए, चारों तरफ हनुमान मय एवं राम मय नजर आए।

# बेहता नाले पर पक्का पुल बनवाने के लिए केंद्रीय मंत्री, उपमुख्यमंत्री व विधायक को भेजा पत्र

- लंबे समय से बांस बल्ली के सहारे बने पुल से ग्रामीण व स्कूली बच्चे जाने को मजबूर

**जन एक्सप्रेस । अभिमन्यु कुमार रावत**



**लखनऊ।** मलिहाबाद क्षेत्र के ग्राम लोधौसी गांव के मुख्य मार्ग पर बेहता नाला है और मुख्य मार्ग से आने जाने के लिए बांस बल्ली का कई पीढ़ी पुराना रास्ता है, जिस पर से आसपास के ग्रामीण व स्कूल जाने वाले बच्चे इस बांस बल्ली के बने रास्ते से जाते हैं और कई लोग तो इस नाले में गिरकर घायल भी हो गये हैं, ग्रामीणों ने यह भी बताएं कि बरसात के समय बेहता नाले में भारी बहाव के चलते हम सभी क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ-साथ हमारे बच्चे भी चार महीने स्कूल नहीं जा पाते जबकि दर्जनों बार संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्रीय नेताओं को भी लिखित शिकायत की जा चुकी है पर अभी तक बेहता नाले पर पक्का पुल नहीं बना, क्योंकि अधिकारियों के साथ-साथ सत्ता में रहें नेताओं ने भी ध्यान नहीं दिया। लोधौसी निवासी पप्पू सिंह, महेंद्र सिंह यादव, लखन, ओमप्रकाश, सिया राम, राम किशन, ज्ञानेंद्र यादव, संतोष कुमार, प्रदीप कुमार, उमेश कुमार आदि ग्रामीणों ने पुल का निर्माण ना होने से चिंता जताई हैं, वहीं इस मुख्य मार्ग से घनश्यामपुर, इमलिया, जमलापुर, ज्योति खेड़ा, असत्यखेड़ा, शाहपुर, सरैया, बसरेला, लगौटहा खेड़ा, बबुरियन खेड़ा गांव के ग्रामीणों का आना जाना रहता है। फिलहाल आसपास के ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल को पत्र लिखकर पुल का निर्माण करने की अपील की।



> बेहता नाले पर बने बांस बल्ली के पुल को पक्का बना दिया जाए ताकि आस-पास के हम सब ग्रामीणों व स्कूल जाने वाले बच्चों को किसी प्रकार कोई दिक्कत ना हो।
> – विनोद कुमार उर्फ छोटू विजेता बीडीसी लोधौसी मलिहाबाद



> बेहता नाले पर बांस बल्ली के सहारे बना पुल कई पीढ़ी पुराना है और इस पुल के निर्माण को लेकर लंबे समय से हम सब क्षेत्रवासी मिलकर संबंधित अधिकारियों व नेताओं को लिखित शिकायत करते चले आ रहें है पर अभी तक किसी की नजर नहीं पड़ी, फिर भी हम लोग लगातार शिकायत पत्र भेज कर बेहतर नाले पर पुल बनवाने की मांग कर रहें हूं।
> – अजय मौर्या लोधौसी, मलिहाबाद



> मेरी उम्र 30 साल है और मैं जब से जानने वाला हूंआ हूं तब से देखता चला आ रहा हूं इस बांस बल्ली के सहारे बने पुल को और पूर्व में कई लोग पुल से गिरकर चोटिल भी हुए हैं, अगर यह पुल बन जाए तो सभी लोगों को बहुत राहत मिलेगी।
> – राजेश कुमार यादव पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य बसरैला काकोरी

# खुले सीवर में गिरा आठ साल का मासूम

## रेस्क्यू ऑपरेशन में नहीं बच सकी जान, जेई पर हुई एफआईआर




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार में एपीजे अब्दुल कलाम विवि के पास मंगलवार को भंडारे से प्रसाद लेकर बहन के साथ लौट रहा आठ वर्षीय शाहरुख की खुले सीवर में गिरने से मौत हो गई। बहन ने घटना की जानकारी घर वालों को दी। सभी भाग कर घटनास्थल पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस फायर ब्रिगेड का सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। एसडीआरएफ की टीम को भी रेस्क्यू के लिए बुलाया। जब तक बच्चे को रेस्क्यू किया जाता गड्ढे में गिरकर उसकी मौत हो चुकी थी। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### जेई पर एफआईआर के साथ निलंबन

जानकीपुरम में सीवर मैनहोल में गिरने से हुई बच्चे की मौत के मामले में जलकल जेई, सुपरवाइजर और काम करने वाले ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। सुपरवाइजर और जेई को निलंबित कर दिया गया है। शासन द्वारा पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद देने की बात कही गई।

# भारतीय सभ्यता पार्टी ने कांग्रेस को दिया समर्थन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




भारतीय सभ्यता पार्टी ने राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यों से प्रभावित होकर अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं प्रदेश कार्यकारिणी जिसमें की अजय कुमार लोधी राष्ट्रीय अध्यक्ष, वीरेंद्र कुमार धानुक राष्ट्रीय संयोजक, धर्मेंद्र राय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, डॉ0 आर0 डी0 चंद्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अखिलेश कुमार सिन्हा राष्ट्रीय महासचिव, राधेश्याम वर्मा राष्ट्रीय सचिव, एवं प्रदेश कार्यकारिणी से नसीम अली प्रदेश अध्यक्ष, विमल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विवेक पाल प्रदेश महासचिव आदि एवं कई जिला अध्यक्षों के साथ-साथ मौके पर सैकड़ो सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ 2024 लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पूर्ण समर्थन किया।



# किसान के गेहूं खेत में लगी आग, तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख

- महिगवां थाना प्रभारी व फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने आग पर पाया काबू
- किसान का साल भर का अनाज जला, कैसे गुजरेंगी जिंदगी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के महिंगवां थानाक्षेत्र के अंतर्गत गुलालपुर गाँव में गेहूँ के खेत में आग लगने से गेहूं जलाकर राख हो गए। वहीं जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय थाना महिंगवां के थानाध्यक्ष शिवमंगल सिंह मय फ़ोर्स सहित मौके पर पहुँचे, जिस दौरान फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों व ग्रामीणों के अथक प्रयासों से आग पर काबू पाया गया। सूत्रों की माने तो गुलालपुर निवासी बशीर पुत्र फकीरे का करीब 01 बीघे गेहूं व रामू के बटाईदार गोकरन प्रसाद पुत्र रूपन निवासी परसहिया का करीब 02 बीघे जमीन का गेहूँ जलकर राख हो गए। वहीं पीड़ित व्यक्ति शासन और प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। वहीं सूत्रों की माने तो किसान का कहना है कि साल भर का अनाज जलकर राख हो गया पता नहीं आग कैसे लगी, लेकिन साल भर की मेहनत जलकर राख हो गई, अब बिना अनाज के जिंदगी कैसे गुजरेंगे।

# भाजपा पार्षद द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, हवा में असलहा लहराकर हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



जहां आदर्श आचार संहिता के चलते ज्यादातर शस्त्र पुलिस द्वारा जमा कराए जा रहे हैं वहीं राजधानी में खुलेआम हवा में असलहा लहराते हुए डीजे की धुन दर डांस करते हुए हर्ष फायरिंग करने का विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड के पार्षद बृजमोहन शर्मा का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में डांस के दौरान फायरिंग करते हुए पार्षद बृजमोहन शर्मा उर्फ मुकेश शर्मा बेटे के बर्थडे पार्टी में जश्न मना रहे थे। बर्थडे पार्टी के दौरान शर्मा के हर्ष फायरिंग करने के दौरान वीडियो बनाकर उनके करीबी द्वारा ही इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट किया गया था। जानकारों की मानें तो फायरिंग के दौरान बर्थडे कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग मौजूद थे। उक्त मामला लखनऊ के थाना सुशांत गोल्फ सिटी के अंतर्गत का बताया जा रहा है। जबकि थाना प्रभारी सुशांत गोल्फ सिटी द्वारा यह जानकारी दी गई कि यह प्रकरण रजनी खंड का है, जोकि आशियाना थाने के अंतर्गत आता है। वहीं आशियाना थाना प्रभारी के आधिकारिक बैठक में होने के चलते संपर्क नहीं हो पाया।

## एनसीसी विंग ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** आज स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में चारबाग मेट्रो स्टेशन पर पंचानन मिश्रा (डीजी एम जन संपर्क अधिकारी, लखनऊ मेट्रो) तथा अन्य अधिकारीयों की उपस्थिति में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें कैडेट पलक गुप्ता, शुभांगी निगम, आयुशी शर्मा, नैंसी विश्वकर्मा, श्रेया गुप्ता, साक्षी सोनकर, शिवानी वर्मा, सुहानी झा, गौरवी यादव ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले प्रयोग करने, कचरा इधर उधर नहीं फेंकने, ऐतिहासिक धरोहरों को नुकसान ना पहुंचाने का संदेश दिया। पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से भी स्वच्छता के महत्त्व को समझाया, कैडेटस ने यह भी दर्शाया कि केवल सीमा पर जा कर बलिदान देना ही देश सेवा नहीं है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 22/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण :** इज्जतनगर डिवीजन के लालकुआँ–काशीपुर अनुभाग में गुलरभोज–बाजपुर स्टेशन के मध्य समइं/काशीपुर के अंतर्गत ब्रिज सं. 46 (7x12.2 मी. पीएससी स्लैब) का पुनर्निर्माण कार्य, **अनुमानित लागत:** रु. 11,59,83,340.44, **बयाना राशि :** रु. 7,29,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 माह।

**क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण :** म.इं./प्रथम/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में प्रमुख पुल मार्गों का सुदृढ़ीकरण करना (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत इज्जतनगर मंडल में प्रमुख एवं महत्वपूर्ण पुलों के मार्गों को सुदृढ़ करने का कार्य), **अनुमानित लागत :** रु. 4,12,16,303.44, **बयाना राशि :** रु. 3,56,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 09 माह।

**क्र. सं. : 3, कार्य का विवरण :** इज्जतनगर मंडल के लालकुआँ–काशीपुर अनुभाग में 32 किमी. में सेस एवं फार्मेशन में सुधार/चौड़ीकरण का कार्य (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत रामपुर–लालकुआँ–काशीपुर एवं भोजीपुरा–पीलीभीत–टनकपुर में कुल 171.79 किमी. में सेस एवं फार्मेशन में सुधार/चौड़ीकरण का कार्य) (नोट–मिट्टी निजी भूमि से है), **अनुमानित लागत :** रु. 3,48,53,483.20, **बयाना राशि :** रु. 3,24,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 09 माह।

**क्र. सं. : 4, कार्य का विवरण :** समइं/पीलीभीत के अंतर्गत भोजीपुरा–पीलीभीत–टनकपुर एवं पीलीभीत–शाहजहाँपुर अनुभाग में ट्रॉली रिफ्यूज का प्रावधान, **अनुमानित लागत :** रु. 1,09,34,632.37, **बयाना राशि :** रु. 2,04,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह।

**क्र. सं. : 5, कार्य का विवरण :** समइं/पीलीभीत के अधिकार क्षेत्र में बीसलपुर रेलवे स्टेशन पर बीसलपुर एप्रोच रोड का विकास कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 30,11,143.00, **बयाना राशि :** रु. 60,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 04 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 15.05.2024 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)**
**मुजाधि/डब्ल्यू-30 इज्जतनगर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# अब तक निर्विरोध चुने गए 35 सांसद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पहले लोकसभा चुनाव से लेकर अबतक पैंतीस उम्मीदवार ऐसे हैं, जो निर्विरोध जीतकर संसद पहुंच चुके हैं। निर्विरोध जीतने वाले उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा कांग्रेस के हैं। सपा के हिस्से भी एक चुनाव है, जब डिंपल यादव निर्विरोध जीतकर संसद पहुंची थी। अब बीजेपी भी निर्विरोध सांसदों के चयन वाली सूची में शामिल हो गई है। भाजपा के हिस्से से मुकेश दलाल की बीते सोमवार को एंट्री हो गई, जब उन्होंने सूरत सीट से निर्विरोध जीत हासिल की। अठारहवीं लोकसभा के लिए दलाल के निर्विरोध चुनाव के पहले 1951 से अब तक संसदीय चुनाव में 34 अन्य उम्मीदवारों को बिना मुकाबला जीत हासिल हुई थी। आम चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वाले अन्य नेताओं में वाईबी चव्हाण, फारूक अब्दुल्ला, हरेकृष्ण महताब, टीटी कृष्णामाचारी, पीएम सईद और एससी जमीर का नाम शामिल है। कांग्रेस के सबसे अधिक उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की है।सिक्किम और श्रीनगर लोकसभा सीट पर दो बार निर्विरोध निर्वाचन देखने को मिला। समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट के उपचुनाव में निर्विरोध जीतकर संसद पहुँची थी। उनके पति अखिलेश यादव के उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के बाद सीट खाली हुई थी। अधिकतर उम्मीदवार सामान्य या नियमित चुनावों में निर्विरोध चुनाव जीते हैं।

## डीएम और जॉइंट कमिश्नर पुलिस ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और जॉइंट कमिश्नर पुलिस उपेंद्र अग्रवाल ने किया है। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने को लेकर जरूरी दिशा निर्देश अधिकारियों ने दिया। शांति और निष्पक्ष रूप से चुनाव सम्पन्न कराने की तैयारी में प्रशासन जुटा है। इसके लिए जरूरी दिशा निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं। प्रशासन की तरफ से नामांकन करने वाले उम्मीदवारों के लिए गाइडलाइन तैयार की गई है, जिसे दो दिन में जारी किया जाएगा। डीएम सूर्यपाल गंगवार ने आने वाली 20 मई को 100 फीसद वोट देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए एप का इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं, 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है। लखनऊ सहित यूपी की 14 लोकसभा सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। शांति और निष्पक्ष रूप से चुनाव सम्पन्न कराने की तैयारी में प्रशासन जुटा है। इसके लिए जरूरी दिशा निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं।

# यूपी में कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने की तैयारी में भाजपा

## पार्टी अमेठी के बाद कांग्रेस को रायबरेली में भी हराना चाहती है और उसको लेकर बड़ी रणनीति तैयार की है

- बीजेपी पहले कांग्रेस के उम्मीदवार के नाम का इंतजार कर रही है, उसके बाद पार्टी अपने उम्मीदवार के नाम का एलान करेगी
- पार्टी गांधी परिवार से कोई उम्मीदवार होगा तो उसके हिसाब से उम्मीदवार उतारेगी
- अगर गांधी परिवार से बाहर का कोई होगा तो उसके हिसाब से उम्मीदवार के नाम की घोषणा करेगी

**जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा**




**लखनऊ।** इस बार भाजपा यूपी में कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने की तैयारी में है। पार्टी अमेठी के बाद कांग्रेस को रायबरेली में भी हराना चाहती है और उसको लेकर बड़ी रणनीति तैयार की है। उसी रणनीति के तहत बीजेपी ने अब तक रायबरेली से अपने उम्मीदवार का एलान नहीं किया है। बीजेपी पहले कांग्रेस के उम्मीदवार के नाम का इंतजार कर रही है, उसके बाद पार्टी अपने उम्मीदवार के नाम का एलान करेगी। पार्टी गांधी परिवार से कोई उम्मीदवार होगा तो उसके हिसाब से उम्मीदवार उतारेगी, अगर गांधी परिवार से बाहर का कोई होगा तो उसके हिसाब से उम्मीदवार के नाम की घोषणा करेगी। अमेठी के बाद रायबरेली में गांधी परिवार के गढ़ को ध्वस्त करने के लिए बीजेपी ने मजबूत रणनीति बनाई है। पिछले लोकसभा चुनाव में स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव हराकर गांधी परिवार को बड़ा झटका दिया था। अब रायबरेली में भी बीजेपी ने कांग्रेस को हराने के लिए बड़ी रणनीति तैयार की है। बीजेपी ने रणनीति के तहत ही अब तक रायबरेली के उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है। बीजेपी कांग्रेस के उम्मीदवार के नाम का इंतजार कर रही है, उसके बाद ही अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा करेगी।

### मनोज पांडे, दिनेश शर्मा, अदिति सिंह और दिनेश प्रताप सिंह के नाम की चर्चा

सूत्रों के मुताबिक रायबरेली के लिए बीजेपी ने चार नेताओं के नाम पर चर्चा की है, उनमें मनोज पांडे, दिनेश शर्मा, अदिति सिंह और दिनेश प्रताप सिंह शामिल हैं। रायबरेली में कांग्रेस अगर गांधी परिवार से बाहर का उम्मीदवार देती है तो मनोज पांडे सबसे मजबूत दावेदार हैं। वहीं, अगर गांधी परिवार से प्रियंका या राहुल गांधी चुनावी मैदान में आते हैं तो बीजेपी यूपी के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा या अदिति सिंह को चुनावी मैदान में उतार सकती है। प्रियंका के सामने मजबूत महिला उम्मीदवार देने पर भी बीजेपी ने विचार किया है। उसके लिए रायबरेली से अदिति सिंह के नाम पर भी मजबूती से चर्चा हुई है। अदिति सिंह के नाम को लेकर यूपी के बड़े नेता ने पार्टी आलाकमान से सिफारिश भी की है।

## लखनऊ शहर में नहीं उठ रहा है नियमित कूड़ा, इंदिरा नगर से लेकर विकास नगर तक नियमित कूड़ा निस्तारण नहीं होने से जनता परेशान

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** ईद की छुट्टी समाप्त होने के बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हो पाई है। शहर की सफाई व्यवस्था बे-पटरी हो गई है। शहर के कई वार्ड में कूड़ा नियमित नहीं उठ रहा है। स्थिति यह है कि कुछ जगहों पर टीम आती भी है तो कूड़ा वार्ड में ही डंप कर दिया जा रहा है। इसकी वजह से ज्यादातर वार्ड में सडक़ डंपिंग जोन बन गए है। वर्तमान और पूर्व पार्षदों का कहना है कि शिकायत के बाद भी उनके यहां कोई कार्रवाई नहीं होती है। इसकी वजह से ज्यादातर वार्ड में कूड़ा उठाने का काम ठप हो गया है। आरोप है कि एक तरफ कूड़ा न उठाए जाने से लोग बाहर इधर उधर कूड़ा फेंकने को मजबूर हैं। शहरों में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए गीला व सूखा कूड़ा अलग अलग उठान की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए बकायदा अलग अलग कंपाउंड की गाडियां हैं। शान के आदेश के बाद भी कूड़ा उठाने में लापरवाही हो रही है। ईस्माइल गंज वार्ड द्वितीय में इन दिनों में ईकोग्रीन की गाडिय़ों से कूड़ा खुले में डंप किया जा रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एनसीसी विंग ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** आज स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में चारबाग मेट्रो स्टेशन पर पंचानन मिश्रा (डीजी एम जन संपर्क अधिकारी, लखनऊ मेट्रो) तथा अन्य अधिकारीयों की उपस्थिति में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें कैडेट पलक गुप्ता, शुभांगी निगम, आयुशी शर्मा, नैंसी विश्वकर्मा, श्रेया गुप्ता, साक्षी सोनकर, शिवानी वर्मा, सुहानी झा, गौरवी यादव ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले प्रयोग करने, कचरा इधर उधर नहीं फेंकने, ऐतिहासिक धरोहरों को नुकसान ना पहुंचाने का संदेश दिया। पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से भी स्वच्छता के महत्त्व को समझाया, कैडेटस ने यह भी दर्शाया कि केवल सीमा पर जा कर बलिदान देना ही देश सेवा नहीं है, अगर सभी इधर-उधर कचरा फेंकना व थूकना छोड़ दे तो वास्तव में देश सेवा होगी। मेजर डॉ. सोढी ने सभी को यह शपथ भी दिलाई कि 'हम ये शपथ लेते हैं कि किसी भी प्रकार का कचरा सार्वजनिक स्थलों पर नहीं फेंकेगे तथा औरों को भी इस के लिए प्रेरित करेंगे। स्वच्छता अभियान मात्र एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारी सोच में सम्मिलित होना चाहिए। हमारे द्वारा फैलाई गई गन्दगी हम सब के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालती है। रीयूज, रिफयूज, रीडयूज व रिफयूज को अपना कर हम पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। हम सभी को अपने स्तर से अपने पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना होगा, तभी स्वच्छ व स्वस्थ्य समाज का निर्माण संभव हो सकेगा। प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कैडेट्स के प्रयास की सराहना की। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कोरपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने नवयुग डिग्री कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स द्वारा चारबाग मेट्रो स्टेशन पर साफ सफाई के लिए जागरूकता अभियान तथा नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए कहा कि यूवपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन भी हमेशा से एक सुगम परिवहन संचालन के साथ अपने स्टेशनो पर भी सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान देता है जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े और आगे भी हम ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों का अभिवादन एवं निमंत्रण देते है जो समाज और राष्ट्र हित के अनुकूल हो।

### हनुमान जयंती पर योगी ने की हनुमत महाप्रभु की आराधना

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने चौत्र शुक्ल पूर्णिमा, हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सुखदायक और शोक नाशक श्री हनुमान महाप्रभु की विधि विधान से आराधना की। उन्होंने सभी नागरिकों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देने के साथ ही उनके आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय और शांतिमय जीवन के लिए प्रभु हनुमान से प्रार्थना की। लोकसभा चुनाव में पार्टी (बीजेपी) के लिए प्रचार में योगी की प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों में भी यह ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। युद्धस्तरीय चुनावी व्यस्तता के बीच सोमवार को अलीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जनसभा करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम को गोरखपुर पहुंचे। गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने तथा अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेकने के बाद उन्होंने रात विश्राम गोरखनाथ मंदिर में किया। मंगलवार सुबह योगी की परंपरागत दिनचर्या में हनुमान जयंती पर विशेष आराधना भी शामिल रही। चौत्र शुक्ल पूर्णिमा को होने वाले श्री हनुमत के प्रकटोत्सव के दिन उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में बजरंग बली की प्रतिमा के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया और आरती उतारी। गोरखनाथ मंदिर में हनुमान जी के दो विग्रह स्थापित हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों विग्रहों के समक्ष आराधना कर हनुमान जी से लोकमंगल की प्रार्थना की। वहीं, प्रातः भ्रमण के दौरान सीएम योगी ने बच्चों को दुलार किया और उन्हें चॉकलेट दी। श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व पर सभी लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# मतदान में गिरावट लोकतंत्र के लिए अशुभ

**दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते। जितनी ऊर्जा कॉलेज या अन्य किसी भी तरह के चुनाव में देखने को मिलती है उतनी उपस्थिति वह चुनाव में दर्ज नहीं करवा पा रहे। देखा जा रहा है कि चुनाव पहले से ज्यादा रोमांचक होते जा रहा है जिसका सबसे बडा कारण सोशल मीडिया माना जाता है।**

*चुनाव के महासंग्राम लोकसभा 2024 का आगाज हो चुका है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 66.65 प्रतिशत मतदान सहारनपुर में हुआ जबकि रामपुर 55.75 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे कम वोटिंग हुई। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवालों का सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नही ले रहे। इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है। बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरुकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नहीं। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेंगे। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38 प्रतिशत ने 2024 के चुनाव के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है। राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नहीं समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। आज वह अपने वोट की कीमत नहीं समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरी जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है। युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं। अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**रोहिंग्याओं ने कमोबेश यही स्थिति बांग्लादेश में बनाई हुई है। यहां 10.10 लाख रोहिंग्या संकट का सबब बने हुए हैं। रोहिंग्या शरणार्थियों के शिविर बांग्लादेश के चटगांव क्षेत्र में हैं जो इस्लामी चरमपंथ और अलगाववादी गतिविधियों के लिए कुख्यात है। अतीत में, उत्तर-पूर्व के आतंकवादियों ने भारत में आतंकवादी हमलों से पहले और बाद में इस क्षेत्र में आश्रय लिया था। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना कह रही हैं कि हमारे यहां अधिकांश रोहिंग्या ड्रग एवं महिला तस्करी जैसे अपराधों में लिप्त हैं। जोकि कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए हैं। ये स्थानीय संसाधनों पर लगातार काबिज होते जा रहे हैं।**

# म्यांमार में रोहिंग्या का इस्लामिक आतंक और दुनिया की चुप्पी



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**मुस्लिम देश होने के बाद भी इंडोनेशिया इनके आपराधिक चरित्र से इतना परेशान हो चुका है कि इन्हें अपने देश से बाहर निकाल रहा है। जो रोहिंग्या नेपाल चले गए, वे वहां भी जिहादी गुट में शामिल होकर इस बहुसंख्यक हिन्दू देश में अति इस्लामिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। थाईलैंड में 92 हजार रोहिंग्याओं ने शरण ली थी।**

म्यांमार में इस्लामिक आतंकवादी समूहों ने 1600 से अधिक हिंदुओं और 120 बौद्धों को बंधक बनाकर रखा है। दुखद यह है कि इन पर हो रहे मानवीय अत्याचार के खिलाफ अब तक कोई भी अंतरराष्ट्रीय संस्था की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यूएन एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं तो छोड़िए, जिनका काम ही मानवाधिकारों की रक्षा करना है, उसके हित में काम करना है और जो छोटी-छोटी बातों को भी कई बार तूल देकर वैश्विक रूप देने एवं किसी के भी खिलाफ माहौल बनाने में महारत रखती हैं, वह संस्थाएं भी इस विषय पर चुप्पी साधकर बैठी हैं, जैसे कि हिन्दू और बौद्धों के साथ होनेवाला यह अत्याचार कोई खबर ही न हो! देखा जाए तो पहले भी जब 2017 में रोहिंग्या आतंकी समूहों ने रखाइन राज्य में महिलाओं और बच्चों सहित 99 हिंदुओं का नरसंहार किया था, तब भी यह खबर तुरंत सामने नहीं आ सकी थी, किंतु रोहिंग्याओं ने इस घटना को अंजाम देते वक्त जिन हिन्दू महिलाओं और बच्चों को जबरन कलमा पढ़वाकर इस्लाम में कन्वर्ट किया और इन्हीं में से कुछ किसी तरह से भागने में कामयाब रहीं, तब इन महिलाओं की दुखद कहानियों से दुनिया को पता चला था कि ये रोहिंग्या इस्लाम को हर हाल में अधिक से अधिक फैलाने के लिए काम करनेवाले और दूसरे धर्मों के प्रति कितने क्रूर हैं। म्यांमार की सरकार ने रोहिंग्याओं द्वारा एक के बाद एक अनेक हत्याकांडों को अंजाम देने और बढ़ते अत्याचार को देखते हुए अपने देश में सख्त कानून बनाए और उन्हें सख्ती से लागू करना शुरू कर दिया, जिसमें प्रमुख तौर पर विवाह, परिवार नियोजन, आंदोलन की स्वतंत्रता, रोजगार, शिक्षा, धार्मिक पसंद-नापसंद पर बने कानूनों को देखा जा सकता है। अब इन कानूनों के पालन में ये रोहिंग्या फिट नहीं बैठ रहे थे तो इन्होंने यहां से पलायन करना आरंभ किया और इस पर पूरा आरोप म्यांमार की सरकार पर थोप दिया कि वह इन्हें यहां रहने नहीं दे रही है। फिर दुनिया भर में इनकी दयनीय तस्वीरें छपने लगीं। ये रोहिंग्या, शरणार्थी का दर्जा लेकर और कई देशों में अवैध तरीके से घुस गए। फिर देखते ही देखते कई अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़ी संस्थाएं स्यापा करने लगीं कि हाय, इन रोहिंग्याओं के साथ म्यांमार की बौद्ध सरकार कितना बुरा बर्ताव कर रही है। लेकिन, हकीकत यही है कि अपनी आदत की मुताबिक ये जहां भी गए, वहीं इन्होंने अराजकता और हिंसा फैलाना जारी रखा है। वास्तव में म्यांमार में दमन के बाद करीब एक दशक में रोहिंग्या मुस्लिम भारत, नेपाल, बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया, पाकिस्तान समेत 18 देशों में पहुंचे। एशिया में जिन देशों में इनकी घुसपैठ हुई, उनमें से छह देशों की सरकारों के लिए ये परेशानी का सबब बने हुए हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण आज भारत है। यहां भारत में यह हिंसा, अपराध और आतंकवादी गतिविधियां कर रहे हैं। वर्तमान में भारत का कोई राज्य नहीं बचा, जहां इनकी घुसपैठ न हो। दिल्ली से सटे हरियाणा के मेवात (नूंह), उत्तराखण्ड के हल्द्वानी, बनभूलपुरा इलाके में हुए दंगों को अभी बहुत समय नहीं बीता है, इस हिंसा में रोहिंग्या मुसलमानों के हाथ होने की बात सामने आ चुकी है। नूंह की हिंसा में शामिल दो रोहिंग्या युवकों सैफुल्ला और महबूब समेत कई अन्य अब तक एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं। प्रतिबंधित कट्टरपंथी पीएफआई संगठन से इनके संबंधों की तस्दीक हो चुकी है। बेंगलुरु में भी इनकी अवैध बसाहट संकट पैदा कर रही है। अभी हाल ही में एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीस) ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन से बांग्लादेशी नागरिक मो. राशिद अहमद को अरेस्ट किया है। राशिद फर्जी दस्तावेज तैयार कर बंग्लादेशी और रोहिंग्याओं की भारत में घुसपैठ कराता था। एटीएस ने उसके पास से कूटरचित दस्तावेज से तैयार किया हुआ आधार कार्ड, दारूल उलूम देवबंद मदरसे का आईडी कार्ड और मोबाइल बरामद किया। राशिद बंग्लादेश के लक्ष्मीपुर चटगांव में मदारी गांव का रहने वाला है। उसने बताया कि आठ साल पहले बंग्लादेश से टूरिस्ट वीजा लेकर भारत आया था। वह अवैध रूप से बंग्लादेशियों-रोहिंग्याओं को भारत में बसाने वाले गिरोह का सदस्य है। इस गिरोह के सक्रिय सदस्य शेख नजीबुल हक और अबु हुरैरा गाजी भी हैं। जिन्होंने उसके फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आधार कार्ड बनवाया। इसके बाद 2016 में देवबंद में बसाने में मदद की और फिर अपने गिरोह में शामिल कर लिया। राशिद को भारत में अवैध रूप से रह रहे बंग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के कूटरचित दस्तावेज बनवाने का काम सौंपा गया था। पूछताछ में राशिद ने कई नाम भी बताए हैं जिनकी उसने घुसपैठ कराई और फिर उनके कूटरचित भारतीय दस्तावेज तैयार कराए हैं। इससे पहले यूपी एटीएस ने झकरकटी बस अड्डे से 8 रोहिंग्या मुस्लिमों को अरेस्ट किया था। इनमें सुबीर, मो जकारिया, म्यामार निवासी मो शोएब, नूर मुस्तफा, फारसा, सबकूर नाहर, नूर हबीब और रजिया को अरेस्ट किया था। यह सभी रोहिंग्या नागरिक बंग्लादेशी सीमा पार कर अवैध रूप से भारत की सीमा में दाखिल हुए थे। सोचने वाली बात है, आज देश में न जाने कितने राशिद घूम रहे हैं, जो रातदिन रोहिंग्याओं को अवैध तरीके से भारत में बसा रहे हैं। रोहिंग्या मुस्लिमों के आतंकवादी संगठन अका-उल-मुजाहिदीन के पाकिस्तान में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई), जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) और लश्करे-तोयबा के साथ संबंध उजागर हो चुके हैं। ऐसी खबरें भी हैं कि जम्मू में अवैध रूप से रहने वाले रोहिंग्याओं ने सनजूवान में सेना शिविर के स्थान के बारे में जैशे-मुहम्मद के आतंकवादियों की मदद की थी। सूचना के आधार पर ही जेएम ने एक सेना शिविर पर हमला किया, जिसमें छह भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। अब तक देश के अलग-अलग राज्यों में कई प्रकरण सामने आ चुके हैं जिनमें पाया गया कि कैसे ये रोहिंग्या मुसलमान अपराधों में लिप्त हैं।



**मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बनभूलपुरा इलाके में तकरीबन 5,000 रोहिंग्या मुसलमान और अन्य बाहरी लोग रहते हैं। बांग्लादेश के रास्ते भारत में दाखिल हुए रोहिंग्याओं ने नेपाल के बाद भारत के मैदानी और पहाड़ दोनों ही स्थानों पर अपनी अवैध बस्तियां बनाना जारी रखा है।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | प्रतिपदा (अहोरात्र) |
| नक्षत्र: | स्वाती 24:40 तक |
| पक्ष: | कृष्ण (अहोरात्र) |
| वार: | बुधवार |
| योग: | सिद्ध, 29:05 |
| सूर्योदय: | 05:47 |
| सूर्यास्त: | 18:51 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 12:19-13:57 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | वैशाख |
| शुभ मुहूर्त: | अभिजीत नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### आंकना ना कम !

*होने लगे दावे ।*
*बहने लगी बयार ।।*
*जीतेगा गठबंधन ।*
*तय मिलना है प्यार ।।*
*आंकना ना कम ।*
*ला रहे सुधार ।।*
*सजग हो कर उनसे ।*
*रहना खबरदार ।।*
*है कोशिश भरपूर ।*
*एड़ी चोटी ज़ोर ।।*
*देख कर ये दुर्दशा ।*
*हुए भावविभोर ।।*
*देकर एक मौका ।*
*लें हमको संभाल ।।*
*वरना होंगे सारे ।*
*और भी बेहाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*शब्द भी सीधे सपाट बढ़ते जाते हैं रुकते नहीं, नदिया भी निर्झरिणी की तरह बलखाती, लहराती, खिलखिलाती बहती है, रुकती नहीं निर्बाध,बहती जाती है समंदर में समूचा विलीन होने तक, इसी तरह कविता भी पल्लवित पुष्पित होती जाती है, खंडकाव्य होने तक, पल प्रति पल की कविता. या कविता का प्रति पल भी इसी तरह होते हैं मेरे घर की सीढ़ीयाँ भी ऊपर की जाती है नीचे क्यों कर नहीं आती, शब्द भी इसी तरह अंतरिक्ष में चले जाते लौटकर नहीं आते जाते हैं, कविता,दोहा,चौपाई,और छंद बनकर, कविता का आज, आज की कविता भी इसी तरह की होती है, ऊपर जाती है सीढ़ियां संदेश बनकर फिर लौटकर कोई नहीं आती कोई न कविता न सीढ़ियां, बस चलती जाती है बहती जाती है मेरे विचारों की तरह।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*यदि आप हार मान लेते हैं तो दुनिया की कोई भी ताकत आपको जीता नहीं सकती, इसलिए कहा गया है, मन में हारे हार है मन के जीते जीत*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गर्मियों की डाइट में जरूर शामिल करें 5 हाइड्रेटिंग वेजिटेबल, मिलेंगे कई फायदे

**गर्मियों** में हमें डाइट पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है। इस दौरान वातावरण का तापमान ज्यादा होता है, जिससे हमारे शरीर में भी पानी की कमी होने लगती है। इसलिए गर्मियों में हाइड्रेटेड रखने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। बॉडी को हाइड्रेटेड रखने के लिए सब्जियां सबसे ज्यादा फायदेमंद होती हैं। हमारे आसपास की कई ऐसी सब्जियां पाई जाती हैं, जिनमें वाटर कंटेंट ज्यादा होता है। इन सब्जियों में एंटीऑक्सीडेंट भी पाए जाते हैं, जो हमें दिनभर एक्टिव रख सकते हैं। चिलचिलाती गर्मी में हाइड्रेटेड रहने के लिए आप इन सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।



**खीरा:** खीरे में 96 प्रतिशत तक केवल पानी होता है। यह बॉडी को हाइड्रेटेड रखने और डिटॉक्स करने में भी मदद करता है। अगर आपको कब्ज या अपच जैसी समस्याएं रहती हैं, तो ऐसे में भी यह फायदेमंद हो सकता है। डेली डाइट में खीरा एड करने से आपमें पानी की कमी नहीं होगी।

**ककड़ी:** खीरे की तरह ककड़ी भी बॉडी हाइड्रेटेड रखने के लिए फायदेमंद होती है। इसमें 90 प्रतिशत तक पानी होता है, जिससे शरीर में पानी की कमी नहीं होती है। यह बॉडी से टॉक्सिन निकालने में भी फायदेमंद होती है। इसमें फाइबर अधिक पाया जाता है, जिससे इसे खाने से पाचन स्वस्थ रहता है। साथ ही, इससे जल्द वजन घटाने में भी मदद मिलती है।

**टमाटर:** टमाटर में भी वाटर कंटेंट ज्यादा होता है। इसमें फाइबर होने के साथ एंटीऑक्सीडेंट और कई विटामिन्स पाए जाते हैं। इसमें कैलोरी भी कम मात्रा में होती हैं। इस कारण यह वेट लॉस के लिए भी अच्छा विकल्प है। यह इम्यूनिटी बढ़ाने और पाचन को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। इसे आप बीज निकालकर सलाद की तरह खा सकते हैं। साथ ही, इसे रोज खाने में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

**लौकी:** गर्मियों में हल्के मसाले वाली लौकी की सब्जी खाने से बेहतर क्या ही होगा। इसमें वाटर कंटेंट ज्यादा होता है, जिससे इसके सेवन से बॉडी हाइड्रेटेड रहती है। आप इसका जूस बनाकर भी सेवन कर सकते हैं। लौकी में कैलोरी कम होने के साथ फाइबर ज्यादा होता है। इस कारण यह वेट लॉस के लिए फायदेमंद मानी जाती है। लौकी के सेवन से गट हेल्थ को भी फायदा होता है। यह बॉडी से टॉक्सिन निकालने में भी मदद करती है, जिससे बीमारियों का खतरा भी कम होता है।

**तोरई:** गर्मियों में तोरई का सेवन करना बेहद फायदेमंद होता है। इसमें भी वाटर कंटेंट ज्यादा होने से यह बॉडी हाइड्रेटेड रखने के लिए फायदेमंद मानी जाती है। इसमें सोडियम, पोटेशियम, फाइबर, प्रोटीन और विटामिन जैसी कई मिनरल्स होते हैं। तोरई के सेवन से वेट लॉस में भी मदद मिलती है। साथ ही, इससे कब्ज और त्वचा सम्बन्धित समस्याएं भी कम होती हैं। गर्मियों में हाइड्रेटेड रहने के लिए आप इन खाद्य पदार्थों को डाइट में शामिल कर सकते हैं। लेख में दी गई जानकारी पसंद आई हो, तो इसे शेयर जरूर करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# ईवीएम की आड़ में अपनी हार की पेशबंदी करने लगा विपक्ष



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**याचिकाकर्ता एडीआर ने मतदान और पर्ची की 100 फीसदी क्रॉस चेकिंग की मांग की है। न्यायिक पीठ के सामने चुनाव आयोग ने खुलासा किया कि चार करोड़ ईवीएम वोट और वीवीपैट पर्चियों के मिलान कराए गए हैं। बहरहाल अदालती फैसले की प्रतीक्षा है।**

**मोदी** विरोधी मोर्चा के नेता आजकल एक और कैंपेन कर रहे हैं। वो कह रहे हैं कि मोदी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की वजह से जीतते हैं। वैसे ईवीएम को गलत ठहराने वाला राग तो पुराना है। 17 अप्रैल को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया कि अगर ईवीएम से छेड़छाड़ न हो तो भाजपा 180 सीटों पर सिमट जाएगी। जो राजनीतिक दल और नेता पिछले पांच साल तक जमीन पर उतरे नहीं, आज जब उन्हें अपनी हार साफ तौर पर दिख रही है तो उन्होंने ईवीएम की हार में पेशबंदी शुरू कर दी है। आखिरकार अपनी गलतियों, कमियां और कमजोरियों का ठीकरा किसी के सिर तो फोड़ना ही है, ऐसे में बेजुबान ईवीएम से बेहतर विकल्प कोई दूसरा नहीं हो सकता। देश में आम चुनाव के पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। करोड़ों देशवासियों ने उन्हीं ईवीएम का बटन दबाकर अपना वोट दिया है, जिन पर अधिकतर विपक्षी दल प्रलाप कर रहे हैं। वे दल चुनावी दौड़ में शामिल हैं, उनके सांसद और विधायक चुने जाने हैं, लेकिन वे ईवीएम पर अब भी संदेह कर रहे हैं। ईवीएम की शुरुआत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के ही कार्यकाल में हुई थी। 2004 के उस दौर से लेकर आज तक करीब 340 करोड़ मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं और चार लोकसभा चुनाव ईवीएम के जरिए सम्पन्न कराए जा चुके हैं। 26 विधानसभा चुनाव और एक लोकसभा चुनाव में वीवीपैट पर्ची का भी इस्तेमाल किया जा चुका है। इसी ईवीएम के दम पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में तीन बार और पंजाब में एक बार चुनाव जीता। 2012 में समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला। बहुजन समाज पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला और कांग्रेस ने 2023 में तेलंगाना जीता। 2018 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस सत्तारूढ़ हुई थी। तब भी मतदान ईवीएम के जरिए ही हुआ था। वर्तमान में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही सत्तासीन हुई हैं। अगर विपक्ष को लगता है कि ईवीएम में हेरफेर किया गया है, तो वो प्रचार करने ही क्यों जाता है? विपक्ष उन राज्यों में चयनात्मक आलोचना करता है, जहां वो चुनाव हार जाता है। असल में विपक्ष को अपनी हार को स्वीकार करने और समझने की जरूरत है। ईवीएम को लेकर अकसर प्रलाप मचाया जाता है और चुनाव आयोग को भी कठघरे में खड़ा किया जाता रहा है, यह प्रवृत्ति दुराग्रह पूर्ण है। आयोग ने ईवीएम को हैक करने या उसके सिस्टम से छेड़छाड़ करने के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया था, कुछ दल गए भी, लेकिन कोई भी आपत्ति नहीं उठा सका या गड़बड़ी को साबित नहीं कर सका। एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने निर्णय सुरक्षित रखा है। वास्तव में प्रश्न यह है कि विपक्ष का चरित्र इतना दोगला क्यों है? संवैधानिक व्यवस्था के ही विरुद्ध क्यों है? ईवीएम का प्रयोग छोड़कर बैलेट वाले मतदान के पाषाणकाल की ओर लौटना क्यों चाहता है? हालांकि बूथ छापने, लूटने और फर्जी मतदान के उस दौर को सर्वोच्च न्यायालय पृथक कर चुका है। साल 2009 के आम चुनाव में जब भाजपा के नेता ईवीएम पर सवाल उठा रहे थे, ठीक उसी वक्त ओडिशा कांग्रेस के नेता जेबी पटनायक ने भी राज्य विधानसभा में बीजू जनता दल की जीत की वजह ईवीएम को ठहराया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद कांग्रेस के नेता और असम के मुख्यमंत्री तरुण गोगोई ने भी ईवीएम पर सवाल उठाए थे और कहा था कि भाजपा की जीत की वजह ईवीएम है। ऐसे में ये कहा जा सकता है कि भारत में जब तक पार्टियां चुनाव नहीं हारने लगतीं तब तक उन्हें ईवीएम मशीन से कोई शिकायत नहीं होती। मौजूदा समय में भारत का प्रत्येक राजनीतिक दल कभी न कभी ईवीएम का विरोध कर चुका है। ऐसे में संसद की संयुक्त संसदीय समिति को ईवीएम के इस्तेमाल की जांच करनी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एक आम चुनाव में 55 लाख से अधिक ईवीएम का प्रयोग किया जाता है और करीब 1.5 करोड़ चुनावकर्मी मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं। सभी एक विशेष पार्टी के पक्षधर हो जाएं या ईवीएम का प्रोग्राम एक ही पार्टी के पक्ष में तय कर दिया जाए और इतने चुनावकर्मी एक साथ 'भ्रष्ट' हो जाएं, यह बिल्कुल भी संभव नहीं है। ईवीएम किसी लैपटॉप, कम्प्यूटर अथवा इंटरनेट नेटवर्क से जुड़ी हुई नहीं है, उसे हैक करना या छेड़छाड़ करना भी संभव नहीं है।

**चुनाव आयोग ने अदालत में अपना समूचा पक्ष रखा है। वीवीपैट पर्ची और वोटिंग के आपसी मिलान पर भी स्पष्टीकरण दिया है। पर्ची सात सेकंड के लिए दिखती है। उसके बाद पर्ची मशीन में ही चली जाती है। न्यायिक पीठ को बताया गया कि पर्ची को मतदाता को देना जोखिम का काम है। इससे गोपनीयता भंग हो सकती है और बाहर निकालने पर पर्ची का दुरुपयोग भी किया जा सकता है।**

# लोकसभा चुनाव: डीएम-एसपी ने की राजनीतिक दलों संग बैठक, बताए चुनावी कायदे कानून

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



मंगलवार कोलोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनीतिक दलों संग बैठक कर निर्वाचन के संबंध में जरूरी दिशा निर्देशों से अवगत कराया। बैठक का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मतदान जैसे कार्य को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए हम सभी का दायित्व है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें और अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाएं। जिससे किसी के ऊपर कोई आरोप न आए और मतदान की शुचिता भी बनी रहे।उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट के लिए प्रशिक्षण स्थल पर विधानसभावार फैसिलिटेशन सेंटर बनाएं हैं, जिन कार्मिकों की ड्यूटी उसकी लोकसभा से इतर लगी है, उन्हें पोस्टल बैलेट निर्गत किया जाएगा। वही जिन कार्मिकों की ड्यूटी अपनी लोकसभा के किसी मतदेय स्थल पर लगी है, वह कार्मिक प्रशिक्षण स्थल से 12-ए पर आवेदन जारी होगा। जिसे भरकर संबंधित कार्मिक ईडीसी प्राप्त करेंगे।ताकि मतदान दिवस पर वह अपने ड्यूटी स्थल पर ईवीएम से मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 28 अप्रैल को जिला सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में कार्मिकों का सेकंड रेंडमाइजेशन होगा, जिसके जरिए उन्हें विधानसभा अलर्ट होगी। 02 मई से कार्मिकों की द्वितीय ट्रेनिंग शुरू होगी। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें। जिससे मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ सके। डिप्टी डीईओ एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि रैली, जुलूस आदि आयोजनों के लिए निर्धारित समय से आवेदन करें। जिससे उसकी अनुमति समय से दी जा सके। कोई भी निर्वाचन संबंधित कार्य बिना अनुमति के नहीं किया जाए, जिससे कोई समस्या उत्पन्न हो। बैठक में सभी राजनीतिक दलों की अधिकृत प्रतिनिधि, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तौसीफ अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# धौरहरा से सपा, भाजपा सहित कुल चार लोगों ने दाखिल किया नामांकन

**खीरी से निर्दलीय नरेश सिंह भदोरिया ने दाखिल किया दूसरा पर्चा**

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



मंगलवार को आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के तहत मंगलवार को नामांकन के पांचवें दिन 29द्धधौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए सपा से आनंद भदौरिया ने दो सेट, भाजपा से रेखा वर्मा ने एक सेट, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार और आम जनता पार्टी (इंडिया) से आशुतोष पाठक एक-एक सेट में अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं 28-खीरी संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय नरेश सिंह भदोरिया ने आज पुनः एक सेट सेट दाखिल किया।नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

## डीएम ने किया निर्वाचन सामग्री पैकिंग का निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मंगलवार को चकबंदी प्रशिक्षण संस्थान में चल रही निर्वाचन सामग्री पैकिंग को देखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बैग में पीठासीन अधिकारी वाले लिफाफो को रखा जाये। बैगों में एक चेक लिस्ट भी रखी जाये। बैगों को कक्ष में व्यवस्थित ढंग से रखा जाये। मतदान पार्टी के प्रस्थान से पूर्व सामग्री के वितरण की योजना बना ली जाये। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकास खण्ड बावन में चुनाव पाठशाला/मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**




विकास खण्ड बावन के ग्राम पंचायत मुजाहिदपुर के प्रा0 पाठशाला मुजाहिदपुर के बूथ संख्या 72, व 73 पर पर चुनाव पाठशाला का आयोजन डा0 राम प्रकाश खण्ड विकास अधिकारी बावन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। चुनाव पाठशाला में उपस्थित मतदाताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु सपरिवार प्रातः वोट डालन हेतु निर्देशित किया गया, तथा अन्य कार्यो को बाद में किया जाये। ग्राम वासियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि दिनांक 13 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन सर्वप्रथम समस्त मतदाता अपने परिवार के साथ वोट डालने का कार्य करेगें, उसके बाद अन्य कार्यो को निपटायें। ग्राम वासियों द्वारा बूथ पर शत-प्रतिशत मतदान किये जाने का आश्वासन भी दिया गया। उपस्थिति अध्यापकों/बी0एल0ओ0 द्वारा शत-प्रतिशत मतदान कराये जाने का आवश्वासन दिया गया, तथा अवगत कराया गया कि इस हेतु मतदान टोली घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक कर रही है। इन्चार्ज प्रधानाध्यापक स्नेह सिंह द्वारा भी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान किये जाने की अपील की गयी। चुनाव पाठशाला के बाद ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी।

उक्त के अतिरिक्त ग्राम पंचायत पकरी के बूथ संख्या 211 प्रा0पाठ0 रामपुर लालजी में मतदाता शपथ दिलायी गयी, तथा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया गया। ग्राम सचिवालय भवन मिरकापुर के बूथ संख्या 200, प्रा0पा0 मझिगवां के बूथ संख्या 201 तथा कन्या जू0हाई तत्योरा के बूथ संख्या 92, 93, 94 का निरीक्षण किया गया। जिसमें निरन्तर साफ-सफाई की व्यवस्था हेतु निर्देश दिये गये। रोस्टर के अनुसार बघौरी, गढिया झब्बू, सकरा, खलीफापर मत्ती, भीखपुर, दरवेशपरु, चन्द्रा देवी शिक्षण निकेतन हायर से0 नयागांव हबीबपुर, बजेहरा, मिरगावां, में मतदाता जागरूकता शपथ तथा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ0 राम प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी बावन, आनन्द सिंह, अनिल कुमार चौरसिया, सचिव, स्नेह सिंह इन्चार्ज प्रधानाध्यापक के साथ अन्य शिक्षक/शिक्षिकाऐं एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

# खीरी में संभावित बाढ़, सूखा, हीटवेव से निपटने की शुरू हुई तैयारी, बनी रणनीति

**डीएम बोले, सम्भावित बाढ़ को देखते हुए तैयार करें कारगर और प्रभावी कार्ययोजना**

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



मंगलवार को खीरी में संभावित बाढ़, सूखा एवं हीट वेव की स्थिति से निपटने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरों संग मंगलवार शाम सम्बन्धित विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट में जिलास्तरीय बाढ़ स्टेरिंग ग्रुप बैठक ली। बैठक के दौरान डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ से सम्बन्धित अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना बना ले, जिससे संभावित बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों के प्रभावी संचालन हेतु कार्ययोजना को अन्तिम रूप दिया जाए।जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने सभी सम्बन्धित एसडीएम को निर्देश दिया कि बाढ़ चौकियों, बाढ़ राहत केन्द्रों, बाढ़ शरणालयों, लंगर स्थलों के चयन, तहसील अन्तर्गत उपलब्ध सरकारी व गैर सरकारी नावों, मल्लाहों, गोताखोरो की उपलब्धता का जायजा लेकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत प्रभावी पेट्रोलिंग के साथ-साथ आपातिक स्थिति में एनडीआरएफ व फ्लड पीएसी से समन्वय के लिए कार्ययोजना तैयार कर लें।बैठक के दौरान एडीएम को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ के दौरान राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कारगर एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें। बाढ़ के दौरान प्रभावित क्षेत्रों स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के लिए जलनिगम, बाढ़ के दौरान प्रभावित लोगों के लिए स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था हेतु डीपीआरओ, बाढ़ से पूर्व प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं का टीकाकरण तथा उपचार हेतु स्वास्थ्य कैम्पों का आयोजन तथा दौरान-ए-बाढ़ पशुओं के लिए चारा-भूसा की उपलब्धता हेतु सीवीओ को प्रभावी कार्ययोजना तैयार किये जाने के निर्देश दिए।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने बाढ़ से पूर्व प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के उपचार, टीकाकरण, फागिंग, एण्टीलार्वा का छिड़काव, बाढ़ के दौरान, बाढ़ के उपरान्त संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक दवाओं, एण्टी स्नेकवेनम तथा अन्य लॉजिस्टिक हेतु समय से कार्ययोजना तैयार के लिए सीएमओ को निर्देशित किया। बैठक में अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने संभावित बाढ़ से निपटने के लिए पावरप्वाइंट के जरिए अपना प्रेजेंटेशन दिया। बैठक में संभावित सूखा एवं हीटवेव से निपटने के लिए तैयारियों पर भी गहन मंथन हुआ। सीएमओ डॉक्टर संतोष गुप्ता ने हीट वेव्स से निपटने के उपाय बताएं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को उनके उत्तरदायित्व समझाएं, जरूरी निर्देश दिए। समस्त संबंधित अधिकारियों द्वारा हीटवेव योजना का अनुपालन सुनिश्चित करवाया जाए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड अजय कुमार, सभी उप जिला अधिकारी, तहसीलदार,नगरीय निकायों के ईओ, बीडीओ, डीपीआरओ, सीवीओ डॉ सोमदेव सिंह, सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# लोकसभा क्षेत्र हरदोई से 03 तथा मिश्रिख से 01 नामांकन पत्र दाखिल

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



रिटर्निंग आफिसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 31-हरदोई (अ0जा0) एवं रिटर्निंग आफिसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 32-मिश्रिख (अ0जा0) द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की नामांकन प्रक्रिया का पंचम दिवस सम्पन्न हुआ। आज पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक नामांकन प्रक्रिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 31-हरदोई (अ0जा0) न्यायालय कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट, हरदोई एवं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 32-मिश्रिख (अ0जा0) न्यायालय अपर कलेक्टर/अपर जिला मजिस्ट्रेट, हरदोई में सम्पन्न हुई। जिसमें लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 31-हरदोई में जयप्रकाश भारतीय जनता पार्टी, प्रफुल्ल कुमार वर्मा निर्दलीय व प्रदीप कुमार भारतीय कृषक दल कुल 03 नामांकन दाखिल किये गये तथा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 32 मिश्रिख में ललित कुमार भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये शपथ-पत्र भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये है तथा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 31-हरदोई (अ0जा0) एवं 32-मिश्रिख (अ0जा0) के नामांकन कक्ष के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। साथ ही आज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 31-हरदोई (अ0जा0) में सुनील कुमार द्वारा नामांकन कक्ष से 01 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया गया तथा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 32 मिश्रिख (अ0जा0) में रामशंकर भार्गव व भरत लाल द्वारा नामांकन कक्ष से नामांकन पत्र प्राप्त किया गया। पंचम दिवस का नामांकन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।

# सांडी पुलिस ने 10-10 हजार के दो इनामी अपराधी गिरफ्तार कर भेजे जेल



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

**सांडी।** अपराधों पर नियंत्रण के लिए अपराधियो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत सांडी पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट से सम्बंधित दस दस हजार रुपये के फरार चल रहे दो इनामिया शातिर अपराधियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना सांडी में राघवेंद्र सिंह उर्फ राजा पुत्र ब्रजेश व संदीप कुमार पुत्र श्याम सिंह निवासी मलौथा थाना हरपालपुर के खिलाफ 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था।जिसमे दोनो आरोपी फरार चल रहे थे।फरार दोनो अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने दस दस हजार का इनाम घोषित किया था। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष छोटेलाल ने उपनिरीक्षक आदित्य मौर्य, हेड कांस्टेबिल रजनीश यादव, कांस्टेबिल जगन्नाथ के साथ लमकन पुल के निकट घेराबंदी कर पकड़ लिया।सांडी थानाध्यक्ष छोटेलाल ने बताया कि गिरफ्तार दोनो अपराधियो को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया।

# एसपी ऑफिस के सामने आत्मदाह करने पहुंचे युवक को पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**





घर में घुस कर मारपीट, तोड़फोड़ करने वालों पर पुलिस द्वारा लगाम न लगाने जिससे से परेशान युवक मंगलवार को एसपी ऑफिस के सामने आत्मदाह करने के इरादे से अपने ऊपर डीज़ल डाल लिया, उसके कुछ करने से पहले ही वहां मौजूद पुलिस के जवानों ने उसे दबोच लिया। ऐसा करने की वजह पूछने पर उसने पुलिस पर कई तरह के आरोप लगाए।एएसपी नृपेन्द्र कुमार का कहना है कि पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई कर चुकी थी।

बताया गया है कि मंगलवार को कोतवाली शहर के मोहल्ला आज़ाद नगर निवासी हिमांशु पाल नाम का युवक एसपी ऑफिस के सामने पहुंचा और वहीं पर अपने ऊपर डीज़ल डाल लिया, माचिस जलाता उससे पहले ही वहां मौजूद पुलिस जवानों ने उसे दबोच लिया। युवक का आरोप है कि उसी के मोहल्ले के प्रियांशु सिंह चौहान उर्फ टाइगर और सचिन गुप्ता अपने साथियों के साथ उसके घर में घुस कर मारपीट और तोड़फोड़ करते हुए उसकी अलमारी से नगदी तक लूट ले गए।

शिकायत करने पर भी पुलिस द्वारा कोई सुनवाई नहीं हुई, उसके बाद आरोपियों ने फिर वही किया जिससे परेशान हो कर उसने आत्मदाह करने की कोशिश की। हालांकि एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि युवक की तहरीर उप निरीक्षक प्रमोद पाल से जांच कराई गई, तो कोई आरोप साबित नहीं हुआ, हालांकि फिर भी आरोपी प्रियांशु सिंह के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की जा चुकी है।

## अंशिका शर्मा को सर्वाधिक अंक हासिल करने पर कॉलेज में किया गया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

सांडी। वरिष्ठ पत्रकार बृजेन्द्र शर्मा की बेटी अंशिका शर्मा ने इण्टर मीडियट की परीक्षा में 94.40 अंक पाकर सफलता हासिल की। विघालय प्रंबधक ने सम्मान समारोह में पांच हजार की चेक, ट्राफी, मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान कर उज्जवल भनिष्य की कामना की। इण्टरमीडियट के परीक्षा फल में डी पी एस डी इंटर कालेज कन्नौज रोड बिलग्राम मे सर्वाधिक अंक पाकर परिवार का रोशन करने वाली अंशिका शर्मा ने 94.40 अंक हांसिल किये।जिसमें विघालय प्रबधक नितिन गुप्ता ने अंशिका शर्मा को पाँच हज़ार रुपये की चेक, मेडल, ट्राफी व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ट्रैक्टर चालक की संदिग्ध हालात में मौत, सड़क पर मिला शव

**जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव लधौली निवासी रामगुलाम के 26 वर्षीय पुत्र परविंदर कुमार की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उनका शव पुवायां-लधौली लिंक मार्ग पर खून से लथपथ मिला। पुलिस के अनुसार, उनकी हादसे में जान गई है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। गांव के बाहर मुख्य रोड पर स्थित कुर्रम के ईंट भट्ठे में परविंदर ट्रैक्टर-ट्रॉली से ईंट की ढुलाई करते थे। रविवार शाम गांव का युवक उसे बुलाकर ले गया था। रात करीब आठ बजे पुवायां-लधौली लिंक मार्ग पर उनका शव खून से लथपथ मिला। सिर पर चोट का निशान था। वहीं पर एक क्षतिग्रस्त साइकिल भी पड़ी मिली।

# भारतीय जनता पार्टी एक राजनैतिक दल के साथ-साथ एक परिवार है: अजय मिश्रा टेनी

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



मंगलवार को केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विधानसभा श्रीनगर एवं निघासन के विकासखण्ड फूलबेहड़, रमियाबेहड़ एवं निघासन के विभिन्न ग्रामों शीतलापुर, सोहरिया, सिरसी, बिनौरा, मोहबतियाबेहड़, त्रिकौलिया, मिर्जागंज, बरौठा, झण्डीराज एवं अदलाबाद में जनसम्पर्क किया।

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विधानसभा श्रीनगर एवं निघासन के विकासखण्ड फूलबेहड़, रमियाबेहड़ एवं निघासन के विभिन्न ग्रामों शीतलापुर, सोहरिया, सिरसी, बिनौरा, मोहबतियोबहड़, त्रिकौलिया, मिर्जागंज, बरौठा, झण्डीराज एवं अदलाबाद में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राजनैतिक दल के साथ-साथ एक परिवार है और हम सब आम बोल चाल की भाषा में यही कहते है कि भारतीय जनता पार्टी परिवार है या भाजपा परिवार है ऐसे बोलते है परिवार जैसे हम लोगों के समाज में है अपने देश में है कि परिवार के सभी सदस्य हमेशा साथ खड़े होते है किसी भी सदस्य के ऊपर कोई समस्या आती है या सुख दुख आता है तो हम सब मिल बांट करके ही सारी चीजों को करते है।उस दृष्टि से मैं आपको यह विश्वास दिलाता हूं कि हम सब आपके सुख दुख मान सम्मान स्वाभिमान जहां कही भी आवश्यकता होगी हम सदैव आपके साथ खड़े रहेंगे।

उक्त जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान ग्राम सतनापुर(महेवागंज) में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने बहुजन समाज पार्टी छोड़कर आए सतनाम सिंह, समाजवादी पार्टी छोड़कर आए इकबाल सिंह, गुरूबख्श सिंह सहित सैकड़ों सिक्ख समुदाय के लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

कार्यक्रम में विनीत मनार अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लखीमपुर, पवन गुप्ता ब्लाक प्रमुख नकहा, दिव्या सिंह ब्लाक प्रमुख लखीमपुर, विश्वनाथ सिंह प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख फूलबेहड़, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोंटी, मिथलेश सिंह जिला पंचायत सदस्य, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह संजय, आशीष गुप्ता, जी0एस0 सिंह, कनकपाल सिंह राना, नागेन्द्र सिंह सेंगर, वीरेन्द्र मिश्रा, राहुल निषाद, रतीराम लोधी, महेश गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा मुखिया पर साधा निशाना

**जन एक्सप्रेस । बरेली।** बरेली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो से पहले सोमवार को शहर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव पर निशाना साधा। कहा कि अखिलेश यादव को सपने देखने की आदत और अधिकार है। लगातार हार के बाद भी वह इस आदत को नहीं छोड़ पाए हैं। लोकसभा चुनाव में एक और बार हार मिलेगी। भूपेंद्र चौधरी ने सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय पर लोकसभा चुनाव संचालन समिति के सदस्यों की बैठक में हिस्सा लिया। साथ ही चुनाव प्रचार अभियान का फीडबैक लिया। कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर चुनाव अभियान तेज करने के निर्देश दिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, सेक्टर अध्यक्ष और सेक्टर प्रभारी के अलावा 11 सदस्यीय बूथ की टीम प्रत्येक मतदाता के घर जाकर मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियां बताएं।

# बच्चों के डॉक्टर ने किया बुजुर्ग का ऑपरेशन, मौत

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

बेहोशी व बच्चों के डॉक्टर ने बुजुर्ग के गॉल ब्लैडर का तीन बार ऑपरेशन किया। इसके बाद रविवार की देर शाम बुजुर्ग कृपाराम की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने सीएम, डीएम व थाना दरगाह में शिकायत की है। वहीं सीएमओ ने जांच कमेटी गठित करते हुए शासन को अस्पताल का लाइसेंस रद्द करने के लिए पत्र लिखा है। उधर पुलिस ने सोमवार को मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया। मामले में अभी तक कोई केस नहीं दर्ज किया गया है। परिजनों ने निजी अस्पताल के बाहर हंगामा भी किया।

शव का पोस्टमार्टम कराने आए श्रावस्ती के भिनगा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मच्छरीवा निवासी उज्ज्वल मिश्रा ने आरोप लगाया कि उन्होंने 17 फरवरी को अपने गांव के ही कृपाराम यादव (60) को गॉल ब्लैडर में पथरी की शिकायत होने पर शहर के एके हॉस्पिल में भर्ती कराया था। वहां एनेस्थीसिया व बच्चों के डॉ. अतुल मिश्रा ने कहा था कि सर्जन को बुलाकर ऑपरेशन करवा देंगे। लेकिन उन्होंने खुद ऑपरेशन कर दिया। आरोप लगाया कि मरीज की हालत बिगड़ने पर डॉक्टर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह छोटा-मोटा ऑपरेशन है जो हम खुद ही करते हैं। ऑपरेशन मैंने ही किया है। हॉस्पिटल व मैं इंश्योर्ड हूं। उज्वल ने दावा किया कि डॉक्टर से बातचीत का वीडियो उन्होंने बना लिया था। इसकी शिकायत उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर करने के साथ ही जिलाधिकारी व थाना दरगाह में की है। मृतक के पुत्र रंगीलाल ने बताया कि इलाज शुरू करने से पहले डॉक्टर ने 10 हजार रुपये जमा करा लिए थे। इसके बाद आयुष्मान कार्ड से उनके पिता का इलाज शुरू कया गया। उसने बताया कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण ऑपरेशन वाली जगह से यूरिन आ रहा था। इंफेक्शन होने की वजह से उनके पिता की मौत हुई है। मौत होने से पहले बुजुर्ग कृपाराम ने भी डॉक्टर की करतूत का पर्दाफाश किया है। परिजनों द्वारा बनाए गए वीडियो में कृपाराम कह रहे हैं कि वे चार तारीख को भर्ती हुए थे। डॉ.अतुल मिश्रा ने सर्जन से ऑपरेशन न कराकर स्वयं कर दिया है। जख्म बहुत हैं। बहुत परेशानी है। टांका काट दिया है। घाव भी बहुत हैं।

# कुशीनगर लोकसभा 65 में प्रत्याशियों का गांव-गांव में जन संपर्क का सिलसिला जारी, मतदाता खामोश

## पार्टी जातीय समीकरण के आधार पर उम्मीदवार को देती है टिकट, कुशीनगर सीट पर जातीय समीकरण बैठाने वाले ही मारते हैं बाजी

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर





कुशीनगर लोकसभा 65 में चुनाव को लेकर भले ही चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने कार्यकर्ताओं के साथ जन सम्पर्क कर चुनावी हलचल को भले ही बढ़ा दिया है। लेकिन यहां के मतदाताओं की चुप्पी ने सभी उम्मीदवारों को चौंका रहा है। इस लोकसभा के जातिय समीकरण किसके साथ सटिक बैठेगा वह तो आने वाला समय ही बतायेगा।
लोकसभा कुशीनगर की सीट में पांच विधानसभा आती है जिसमें कुशीनगर, हाटा, रामकोला, पड़रौना खड्डा शामिल हैं। इन पांचों विधानसभा में भाजपा व भाजपा गठबंधन के विधायक निर्वाचित हुए है। जिसमें चार भाजपा व एक निषाद पार्टी के विधायक हैं। कुशीनगर लोकसभा सीट पर भाजपा ने पुनः निर्वतमान सांसद विजय कुमार दूबे को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है तो इंडिया गंठबंधन कोटे से सपा ने देवरिया के पूर्व विधायक रहे स्व.जनमेजय सिंह के पुत्र अजय प्रताप सिंह उर्फ पिन्टू सिंह को जातीय समीकरण को साधते हुए टिकट देकर चुनाव लड़ा रही है। जबकि पूर्व कबिना मंत्री व तीन बार लगातार पूर्व में पड़रौना से विधायक रहे राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुनाव मैदान में हैं ।बसपा ने अभी तक इस सीट पर अपने किसी प्रत्याशी के नाम का पत्ता नहीं खोला है।
कुशीनगर लोकसभा में जातीय समीकरण की बात कि जाए तो किसी भी दल के प्रत्याशी को यह सीट उतना आसान नहीं है जितना राजनीतिक पंडित आंकड़ा लगा रहे हैं। पांचों विधानसभाओ में विभिन्न दलों से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार जातीय समीकरण को साधने की जुगुत लगा रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी भी अपने उम्मीदवार की घोषणा कर देगी तभी कुशीनगर लोकसभा चुनाव का परिदृश्य साफ हो सकेगा। वैसे तो प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ गांव गांव कस्बा व शहरों में जाकर मतदाताओं से जनसंपर्क कर रहे हैं। सबसे रोचक यह है देखा जा रहा है कि उम्मीदवार के साथ कार्यकर्ताओं के अलावा उस भीड़ में मतदाता नजर नहीं आ रहे। भीषण गर्मी व लूं के चलने से मतदाता अपने घरों दूबके पड़े है और इस हो हल्ला से अपने को दूर रखें हुए हैं।
कुशीनगर लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी लगातार अपने संगठन के साथ कार्यकर्ताओं के समूह में जन सम्पर्क कर रहे हैं सरकार की उपलब्धियों को बताकर अपने द्धारा करायें गये विकास कार्यो की चर्चा कर आम मतदाताओं से अपने पक्ष में समर्थन की अपील कर रहे हैं। इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह भी अपने गठबंधन के साथियों के साथ क्षेत्र में घूम कर लोगो से समर्थन मांग रहे हैं। आरएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्या अपने कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में अपने पुत्र अशोक मोर्या के साथ जन समर्थन की जोरदार अपील कर व करवा रहे। चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद लगभग चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशी लगातार क्षेत्रों में घुम घुम कर जन सम्पर्क कर रहे। मजेदार बात यह है कि मतदाताओं का रूझान प्रत्याशियों को लेकर नहीं दिख रहा है।गांव में किसान खेती बारी में लगा हुआ है।
ज्यों ज्यों चुनाव का समय नजदीक आता जायेगा प्रत्याशियों को लेकर मतदाताओं में भी रूझान देखने को मिलने लगेगा। चुनाव जीत व हार का असली निर्णय तो आगामी 4 जून को चुनाव मतगणना में ईवीएम मशीन की गिनती के बाद ही पता चल सकेगा। वैसे कुशीनगर लोकसभा में मतदाताओं की खामोशी ने उम्मीदवारों की बैचेनी तो बढ़ा ही दिया है। जातिगत समीकरण इस बार के चुनाव में काफी अहम फैसला देने वाला होगा। इसके लिए अमामी 4 जून तक इन्तजार के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# घर-घर जाकर किया जा रहा बच्चों का नामांकन

जन एक्सप्रेस | लार, देवरिया



सरकारी स्कूलों में घटती विद्यार्थियों की संख्या को लेकर शिक्षा विभाग गंभीर नजर आ रहा है। नए शैक्षणिक सत्र में सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की प्रवेश संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में लार ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय करमुआ के शिक्षकों ने गांव में घर घर जाकर लोगों को बच्चों का दाखिला विद्यालय में कराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान गांव के 5 बच्चों का नामांकन किया गया। अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए कहा बच्चों के शिक्षित होने से परिवार में न सिर्फ खुशहाली आएगी बल्कि समाज की मुख्य धारा से जुडने का अवसर मिलेगा। शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में इस समय स्कूल चलो अभियान के तहत 6 वर्ष के ऊपर के सभी बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराया जा रहा है। इसलिए सभी घर घर जाकर अभिभावकों को सभी बच्चों के नामांकन के लिए जागरूक कर रहे हैं। शिक्षक शिशिर राय ने बताया कि डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है, जिसका अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। अभिभावक बढ़-चढ़कर सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर सर्वे जारी रहेगा ताकि कोई भी बच्चा बिना दाखिला व शिक्षा के न रहे।
इस दौरान ग्राम प्रधान तपनारायण यादव, संजीव तिवारी, धनजय दुबे, अजय यादव, अंजला यादव, मनोज दुबे आदि शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

# कक्षा-01 से 12 तक के प्रत्येक छात्र-छात्रा के लिये पर्सनल एजुकेशन नंबर अनिवार्य

जन एक्सप्रेस | देवरिया

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने बताया है कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कक्षा-01 से 12 तक के प्रत्येक छात्र-छात्रा के लिये क्ष्ब्ह (पर्सनल एजुकेशन नंबर) अनिवार्य कर दिया गया है, जो यू-डायस प्लस पोर्टल पर सम्बन्धित विद्यालय के यू-डायस कोड के अन्तर्गत बच्चे का सामान्य प्रोफाइल/नामांकन प्रोफाइल / फैसिलिटी प्रोफाइल दर्ज करने पर ही पोर्टल द्वारा आंवटित होता है। साथ ही नवीन सत्र से पोर्टल के ट्रांसफर सर्टिफिकेट मॉड्यूल से जनेरेटेड टी0सी0 ही मान्य होगी, यदि विद्यालय का एक भी छात्र-छात्रों का यू-डायस प्लस पोर्टल से जनरेटेड क्ष्ब्ह (पर्सनल एजुकेशन नंबर) से वंचित रह जाता है तो उस छात्र-छात्रों की गणना किसी भी प्रकार के शैक्षिक सरकारी रिकार्ड में नहीं हो सकेगी, जिसके फलस्वरुप ऐसे छात्र-छात्रा को किसी भी प्रकार का सरकारी अनुदान/छात्रवृत्ति आदि का लाभ नहीं मिल सकेगा और न ही किसी शासकीय प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा / मान्य विद्यालय में पंजीकरण हो सकेगा।
जनपद के कक्षा 1-12 तक की कक्षायें संचालित करने वाले सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों / प्रधानाचार्यों को उन्होंने निर्देश किया हैं कि वे अपने-अपने विद्यालय के प्रत्येक छात्र-छात्रों की (जीपी/ईपी/एपी) यू-डायस प्लस पोर्टल के निर्धारित प्रारूप पर त्रुटिहीन ढंग से भरना सुनिश्चित करें, जिससे विद्यालय के प्रत्येक छात्र छात्रों का शैक्षिक भविष्य सुरक्षित हो सके। अन्यथा किसी भी प्रकार के शिथिलता के लिए विद्यालय प्रशासन स्वयं उत्तरदायी होगा।

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन एलर्ट

# उड़नदस्ते (एफएसटी) एवं स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) टीम की हुई ट्रेनिंग

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



कलेक्ट्रेट कुशीनगर सभागार में सोमवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल चुनाव संपन्न कराने हेतु उड़न दस्ते (एफएसटी) तथा स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) टीम की ट्रेनिंग उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा की अध्यक्षता तथा नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण सेल/वरिष्ठ कोषाधिकारी परशुराम ओझा की उपस्थिति में कराई गई।
उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिला अधिकारी वैभव मिश्र ने बताया कि एफएसटी टीम प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र व खण्ड में तीन या अधिक समर्पित उड़न दस्ते होंगे जो अवैध नकदी का आदान प्रदान या शराब का वितरण या अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुएं जो मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए प्रयोग में लाई जा रही हों उसका पता लगाएंगे। उड़नदस्ते में टीम प्रमुख एक वरिष्ठ कार्यकारी मजिस्ट्रेट होगा। पुलिस स्टेशन का एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, एक वीडियोग्राफर और 3-4 सशस्त्र पुलिस कार्मिक होंगे।
उड़नदस्ते (एफएसटी) निर्वाचन की घोषणा की तिथि के बाद से कार्य करने लगेंगे और स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) अधिसूचना की तिथि से लेकर मतदान व पुनर्मतदान की तिथि तक कार्य करेंगे।
निर्वाचनों की शुचिता को बनाए रखने के प्रयोजनार्थ निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में अत्यधिक प्रचार खर्चा, रिश्वत की की मदों का नकद या वस्तु रूप में वितरण, अवैध शस्त्रों, गोला-बारूद्र, शराब या असामाजिक तत्वों आदि पर नजर रखने के लिए गठित उड़नदस्तो स्थैतिक निगरानी दलों और चेकपोस्टों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मानक प्रचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) जारी की है। उड़नदस्ते एवं स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली दैनिक गतिविधि रिपोर्ट भी उपलब्ध कराएगी।

**कैश लिमिट सीजर फॉर एसएसटी**

ट्रेनिंग के अंतर्गत उन्हें बताया गया कि एसएसटी/एफएसटी द्वारा अभ्यर्थी/प्रतिदिन/पार्टी कार्यालय द्वारा वाहन में 50,000 रूपये से अधिक नकद धनराशि एवं 10,000 रूपये से अधिक का उपहार जिनका प्रयोग निर्वाचन को प्रलोभन दिए जाने की सम्भावना हो, या वाहन में गैर कानूनी वस्तुयें पायी जाती है, तो जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। यदि कोई स्टार प्रचारक या दलीय प्रतिनिधि 1 लाख की नकदी अपने उपयोग हेतु साथ ले जा रहा है तो पार्टी का अथार्टी लेटर साथ हो तो जब्ती की कार्यवाही नही की जायेगी। 10 लाख से अधिक की नकदी जाँच करेंगे, वैधता देखेगें एवं तत्काल आयकर के अधिकारी को सूचित करेगें।
तत्पश्चात जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता ने सी विजिल एप से दर्ज शिकायतों का निस्तारण करने तथा ईएसएमएस एप की ट्रेनिंग एफएसटी एवं एसएसटी टीम को दिया।
इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी परशुराम ओझा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तेंदुए के हमले से एक महिला घायल, इलाज के दौरान हुई मौत, ग्रामीणों में दहशत

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर




जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र मे तेंदुआ के हमलें से एक महिला घायल हो गई थी इलाज के दौरान उसकी हो गई। घटना के बाद परिजनों मे कोहराम मच गया।इस घटना को लेकर लोग भयभीत हैं और सरेह मे जाने से डर सहमे है।इस घटना की सूचना के बाद वन विभाग की टीम खेतों मे लगतार कांबिंग कर रही है।
मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना के नौरंगिया गांव के बलुआड़ टोला निवासनी मनोरमा सिंह पत्नी जगदीश 40 वर्ष सरेह स्थित अपने खेत मे करीब दो सप्ताह पूर्व दोपहर के समय सिचाई के लिए गई हुई थी जहां तेंदुए ने चेहरा सहित शरीर के कई हिस्से पर हमला कर घायल कर दिया था। जहां से घायल अवस्था में महिला किसी तरह जान बचा कर घर पहुंची। परिजन उसे सीएचसी नेबुआ नौरंगिया व निजी अस्पताल मे इलाज कराने के बाद रविवार को हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज गोरखपुर ले गए जहां इलाज के दौरान मंगलवार की दोपहर में महिला की मौत हो गई। जिसकी जानकारी होने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। इस घटना के बाद लोग पूरी तरह दहशत में हैं और सरेह मे जाने से डर हुए हैं। मामले की जानकारी होते ही डिप्टी रेंजर अमित तिवारी के निर्देश पर नेबुआ नौरंगिया बीट प्रभारी शिवम पाठक अपनी टीम के गुडडू, लक्की, रियाजुद्दीन आदि वन कर्मियों के साथ लगतार सरेह मे कांबिग कर रहे हैं।बताया जा रहा है कि सिधरिया देवी मंदिर के बगल सरेह मे एक तेंदुआ का चहलकदमी का वीडियो पिछ्ले एक सप्ताह से इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसको लेकर किसान अपने खेतो मे काम करने से डर गये है। स्थानीय लोगो का कहना है कि इस क्षेत्र मे तेंदुआ काफी दिनों से विचरण कर रहा है लेकिन वन विभाग की टीम ध्यान नही दे रही है।इस संबंध मे खडडा वन रेंज के डिप्टी रेंजर अमित तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान मे है, टीम मौके पर जाकर कांबिग कर रही है। तेंदुआ का कोई पद चिन्ह नही मिला है और अभी तक उसका कोई सूराग नही लग सका है।

# दूसरी शादी करने जा रहा युवक हिरासत में

**जन एक्सप्रेस/लार।** बिहार के एक गांव की लड़की लार थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने रिश्तेदार के यहां आई थी। इस दौरान उसकी गांव के एक युवक से पहचान हुई और दोनों में बातचीत होने लगी। कुछ दिन बाद दोनों मुंबई चले गए और वहां कोर्ट मैरिज कर साथ रहने लगे। इस बीच युवक गांव आ गया और दूसरी शादी की फिराक में लग गया। 23 अप्रैल को शादी भी तय हो गई। इस बीच युवती को इस बात की भनक लग गई तो वह भी मुंबई से गांव आ गई और इसकी जानकारी पुलिस को दी।लड़की की तहरीर पर पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। युवक के हिरासत में लिए जाने के बाद युवती अपनी मां के साथ थाने पहुंच गई। इंस्पेक्टर कपिल देव चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। युवक को लाया गया था लड़की भी पहुंची थी। दोनों पक्ष आपस में बातचीत किए। लड़का पहली पत्नी को रखने को तैयार हो गया है।

# सीएम योगी बोले- दादी से लेकर पोता छह दशकों तक हटाते रहे गरीबी

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने 1970 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया था लेकिन छह दशक से अधिक शासन करने के बावजूद वह कभी गरीबी हटा नहीं पाई। छह दशक से अधिक समय तक %दादी से लेकर पोते तक% इसी नारे से देश की जनता की आंखों में धूल झोंकने का कार्य कर रहे हैं। देशवसियों ने इन्हें ही देश से हटा दिया।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहली बार देश के अंदर %पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस% मोदी जी के कारण आया है। इसका सर्वाधिक लाभ गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को मिला है। कांग्रेस, सपा व अन्य कई दलों का इंडी गठबंधन मोदी जी की जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की उपलब्धियों से बौखलाहट में है। इसी बौखलाहट के चलते कांग्रेस, सपा और उसके सहयोगी दल चुनाव में सामाजिक वैमनस्यता फैलाने की विभाजनकारी राजनीति पर आमादा हैं।
जनता इनके मंसूबे को जानती है। इन्हें डकैती डालने की छूट नहीं देगी। मंगलवार सुबह गोरखपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने 1970 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया था लेकिन छह दशक से अधिक शासन करने के बावजूद वह कभी गरीबी हटा नहीं पाई। छह दशक से अधिक समय तक %दादी से लेकर पोते तक% इसी नारे से देश की जनता की आंखों में धूल झोंकने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सही मायने में अगर देखा जाए तो गरीबी हटाने और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ईमानदारी से, बिना भेदभाव हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्ष के कार्यकाल में 25 करोड लोग गरीबी रेखा से उबरकर खुशहाल जीवन जी रहे हैं।
सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में चार करोड़ गरीब परिवारों को मकान मिला और अगले पांच साल में तीन करोड़ और लोगों को मकान देने का लक्ष्य भाजपा के संकल्प पत्र में दर्शित है। मोदी जी के शासन में गरीब कल्याण के कार्यों की एक लंबी श्रृंखला है।

# गैस सुरक्षा को लेकर घर-घर पहुंच उपभोक्ताओं को जागरूक कर रहे गैस कर्मी

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

जिले में आये दिन गैस सिलेंडर को लेकर हो रहे हादसे को रोकने के लिए एलपीजी गैस सुरक्षा के प्रति अपने ग्राहकों को इंडियन आयल कारपोरेशन के निर्देश पर बचाव के लिए उपभोक्ताओं को राजेंद्र इंडेन ग्रामीण वितरक जड़हा के कर्मचारियों ने नगर के विभिन्न घरों में जाकर गैस सिलेंडर प्रयोग करते समय गैस सावधानी के प्रति उपभोक्ताओं को जागरूक किया। उपभोक्ताओं को विशेष सतर्कता बरतने के लिए कई प्रकार की भजानकारी भी दिया।
विशुनपुरा ब्लाक के राजेंद्र इंडेन ग्रामीण वितरक जड़हा से सम्बंधित सेल्स ऑफिसर अनुभव तिवारी प्रोपराइटर मुरारी मिश्र के नेतृत्व में डिलीवरी मैन क्षेत्र के भुजौली, जंगल जगदीशपुर, मेलानगरी, जडहा, खजुरिया, बरवा पूर्दिल, ढोरही, खजुरिया, सरपतही, कुकुरहा, चक्रधर छपरा,बडहरा सहित दर्जनो गांव के विभिन्न घरों में जाकर लोगों को गैस जलाते समय विभिन्न प्रकार के सतर्कता बरतने के लिए विस्तृत रूप जागरूक करते हुए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। प्रोपाइटर मुरारी मिश्र ने बताया कि गैस सिलेंडर लेते समय डिलीवरी मैन से लीकेज की जांच उपभोक्ता को जरुर करवा लेनी चाहिए। गैस रिसाव की जांच करने के लिए माचिस का प्रयोग नही करना चाहिए।
उपयोग के उपरांत सदैव रेगुलेटर को बंद रखना चाहिए।
अगर एलपीजी के नियमों का पालन किया जाए तो हम गैस के बड़े से बड़े हादसे से बच सकते हैं थोड़ी सी लापरवाही हमारे लिए बड़ी घटना का रूप ले सकती ती है।

# बाईक से बकरी को ठोकर लगने से मारपीट, केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/खुखुन्दू।** थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव निवासी विरापति प्रसाद ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल को बाइक से बकरी को ठोकर मारने की बात को लेकर गाली गलौज देते हुए मारपीट की गई। जिसमें इन्हें एवं बचाव करने आई बहू विद्यापति देवी व उसके बेटे नीरज को भी मारपीट में चोटें लगी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अमरजीत उर्फ गुड्डू, चंदा एवं शालू कुमारी पर केस दर्ज किया है। दूसरे पक्ष से अमरजीत की पत्नी चंदा देवी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है की भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुई। जिसमें मुझे एवं पति अमरजीत प्रसाद दोनों को चोटें लगी। पुलिस ने अमरजीत प्रसाद की तहरीर पर विरापति प्रसाद, नीरज, शीला देवी, रोशन कुमार, विद्यापति देवी एवं नंदनी कुमारी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# बस हादसा : गोरखपुर से दिल्ली जा रही एसी स्लीपर बस ट्रक से भिड़ी

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के करीब सवा चार बजे गोरखपुर से दिल्ली जा रही एक एसी स्लीपर बस सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में गोरखपुर की एक युवती समेत चार लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा 35 अन्य यात्री घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।
जहां से गंभीर रूप से घायल 11 लोगों को हैलेट कानपुर रेफर कर दिया गया। घायलों में सात गोरखपुर, छह देवरिया, पांच संतकबीरनगर और एक-एक बस्ती और कुशीनगर के यात्री हैं।
जानकारी के अनुसार, नौसड़ स्थित के एन नेहरा ट्रैवेल से एसी स्लीपर बस सोमवार रात करीब नौ बजे 40 यात्रियों को लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुई। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर कन्नौज के ठठिया थाना क्षेत्र में पिपरौली गांव के पास भोर में करीब 4ः15 बजे बस चालक को झपकी आ गई, जिससे बस डिवाइडर तोड़कर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई।
इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हो गई और 35 यात्री घायल हो गए। आसपास के लोगों से सूचना पाकर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बस से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। मृतकों की पहचान कर घरवालों को सूचित किया।
मरने वालों में गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के पादरी बाजार हनुमंत नगर कालोनी निवासी हेमंत कुमार श्रीवास्तव की बेटी प्रियांशी उर्फ अदिति श्रीवास्तव है। इनके अलावा बाराबंकी थाना क्षेत्र के सुबेहा हुसैनाबाद निवासी बस चालक नीलकंठ (32) और उसके पुत्र मनीष (8) की भी मौत हो गई। एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुविधा पोर्टल का दिया गया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस | देवरिया

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुविधा पोर्टल के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। इस पोर्टल के माध्यम से राजनीतिक दल, प्रत्याशी चुनाव से सम्बन्धित अनुमति के लिए आवेदन कर सकते हैं और अनुमति पत्र डाउनलोड भी कर सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुविधा पोर्टल के माध्यम से राजनीतिक पार्टियों और प्रत्याशियों को विभिन्न प्रकार की अनुमति समयबद्धता के साथ दी जा रही हैं। सुविधा पोर्टल पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धांत पर पारदर्शी रूप से विभिन्न प्रकार के

**पोर्टल के माध्यम से प्रत्याशियों को विभिन्न प्रकार की अनुमति समयबद्धता के साथ दी जा रही है**

अनुमति अनुरोधों को निस्तारित करता है। सुविधा पोर्टल रैलियों का आयोजन करने, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने, डोर टू डोर प्रचार, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट प्राप्त करने और पम्फलेट वितरण आदि के लिए अनुमति प्रदान करता है।
सुविधा पोर्टल (https://suvidha.eci.gov.in) के माध्यम से राजनीतिक पार्टियां और उम्मीदवार सहजता से किसी भी स्थान से, किसी भी समय ऑनलाइन अनुमति अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

## तांत्रिक ने लूटी आबरू

जन एक्सप्रेस | गाजियाबाद

तांत्रिक ने भूत-प्रेत का साया होने की बात कह किशोरी को गांव के श्मशान में झाड़-फूंक एवं तांत्रिक क्रिया करने के बहाने बुलाया। जहां उसने लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बुलंदशहर के छतारी थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग किशोरी के साथ पहासू क्षेत्र के एक गांव निवासी तांत्रिक ने अकेले में बुलाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता की तहरीर पर तांत्रिक के खिलाफ दुष्कर्म तथा पॉस्को एक्ट में मुकदमा लिखकर जेल भेज दिया है।

छतारी के एक गांव निवासी किशोरी कुछ समय से बीमार चल रही थी। गांव के लोगों ने पहासू के एक गांव निवासी तांत्रिक को दिखाने को कहा। तांत्रिक से मिलकर किशोरी ने अपनी समस्या के बारे में बताया। तांत्रिक ने भूत-प्रेत का साया होने की बात कह किशोरी को गांव के श्मशान में झाड़-फूंक एवं तांत्रिक क्रिया करने के बहाने बुलाया। जहां उसने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। शिकारपुर सीओ शोभित कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गंगागढ़ निवासी राहुल पुत्र श्रीओम के खिलाफ सुसंगत घराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# भाजपा अपराधी और भ्रष्टाचारियों का गोदाम: अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़



भाजपा के गोदाम में अपराधी और भ्रष्टाचारी भर गए हैं एक ऐसा ताला बनाओ जो भाजपा के गलत मंसूबों पर हमेशा हमेशा के लिए लगा दिया जाये। यह उद्गार समाजवादी पाट्री के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अलीगढ़ के प्रदर्शनी मैंदान स्थित कोहिनूर मंच से चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। अपने भाषणों में अखिलेश यादव बीजेपी तीखे प्रहार किये। उन्होने कहा 10 साल कोई छोटा-मोटा समय नहीं होता है, बहुत लंबा समय होता है। जिन्हें मौका दिया गया।

अखिलेश यादव ने कहा कि अलीगढ़ में एक बार नहीं कई बार सोहाद्र का परिचय दिया है, यह जो हमारी मिली जुली संस्कृति है, हम लोग मिलजुल कर रहते हैं। यहां अब मन की बात नहीं संविधान की बात हो। एनसीआरबी का आकड़ा बताता है कि एक लाख किसानों आत्महत्या कर ली। सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। जहां किसान दुखी है, नौजवान जानता होगा मेहनत करके पढ़ाई करते हैं, अच्छी कोशिश करके लेकिन इस सरकार में पेपर लीक हो गया। केवल एक पेपर लीक नहीं हुआ है जितनी परीक्षाएं हुई है सभी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। सरकार ने आपका एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया आपके जीवन से खिलवाड़ कर रही है सरकार। अग्निवीर जैसी व्यवस्था कर दी। व्यवस्था आधी अधूरी है, यह कोई पक्की नौकरी नहीं है। हमारा नौजवान पक्की नौकरी चाहता है।

चुनाव के रुझान आने लगे हैं। इंडिया गठबंधन की चर्चा होने लगी है। जो पश्चिम से हवा चली है, पश्चिम के लोगों ने मतदान किया है उस मतदान ने ऐलान कर दिया है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी का सफाया होने जा रहा है। एक ऐसा ताला बनाओ जो भाजपा के गलत मंसूबों पर हमेशा हमेशा के लिए लगा दिया जाये। नफरत फैलाने वालों पर ऐसा ताला लगा देना जैसा कि हमेशा हमेशा के लिए नफरत बंद हो जाए।

दिल्ली में भी सरकार, यूपी में भी सरकार। जनता की तरफ से आवाज आ रही है सांसद जी हाजिर हों। चुनाव के रुझान तो बाद में आते हैं, लेकिन अभी दिल्ली वालों का और लखनऊ वालों का भाषण सुना होगा। अत~ में अखिलेश यादव ने अलीगढ़ से लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी बिजेन्द्र सिंह और हाथरस लोकसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी जसवीर बाल्मीकी को वोट देने की अपील की। इस दौरान कॉग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता गिरवर शर्मा, सपा की जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धन्गर, डा. रक्षपाल सिंह, मनोज यादव, गिरीश यादव, अशोक यादव, पवू विधायक जफर आलम, विनोद सविता, मुजाहिद किदवई, पूर्व विधायक वीरेश यादव, कुन्दन चौधरी आदि मौजूद थे।

### फ्लैट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, 1.11 करोड़ हड़पे

जन एक्सप्रेस/नोएडा। थाना बीटा-2 क्षेत्र में फ्लैट बेचने के नाम पर 1.11 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश मे आया है। पीड़ित ने बाप और बेटे सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सेक्टर-बीटा-1 निवासी पीड़ित पवन कुमार ने पुलिस से शिकायत में कहा है कि प्रापर्टी डीलर ने जेपी ग्रीन सोसाइटी में रहने वाले सुनील सैनी से मुलाकात कराई। सुनील ने अपना फ्लैट बेचने की ख्वाहिश जाहिर की थी। 2.25 करोड़ में सौदा तय हो गया। आधा पैसा फ्लैट मालिक को दे दिया। पवन ने ऋण लेने के लिए आवेदन किया। इस दौरान पता चला कि सुनील ने पहले ही ऋण ले रखा है। जब पवन ने सुनील से फ्लैट का ऋण चुकाने को कहा तो वह आनाकानी करने लगा। साथ ही फ्लैट मालिक ने रजिस्ट्री करने से भी इनकार कर दिया। जब रजिस्ट्री के लिए दबाव बनाया तो आरोपी धमकाने लगा। मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की गई।

# भतीजे से शादी करने पर लोग उड़ाते थे मजाक

जन एक्सप्रेस | आगरा

भतीजे से शादी करना मुझे बदार्शत नहीं हुआ। लोग मजाक उड़ा रहे थे। मुझे बहुत चुभन होती थी। जब बर्दाश्त हद से पार हो गई तो पत्नी के प्रेमी एवं भतीजे को मारने की योजना बनाई और योजना के तहत उसे बुलाकर मार दिया। पुलिस ने आरोपी से तमंचा बरामद करने के बाद उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि राजस्थान के बाड़ी सैपऊ निवासी लक्ष्मण की शादी नीतू से सात साल पहले हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। नीतू पांच महीने से मनिया के कंचन के साथ रह रही थी। पति के साथ रहने से इन्कार कर दिया था। नीतू ने पति से तलाक के लिए केस कोर्ट में डाल रखा था। लक्ष्मण ने रविवार को नीतू को बहाने से घर बुलाया। कहा कि वह बच्चों से मिलना चाहता है। कंचन के पहुंचने पर लक्ष्मण ने कंचन के सीने में गोली मार दी थी। लोगों ने लक्ष्मण की पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया था। डीसीपी पश्चिमी जोन सोनम कुमार के मुताबिक, हत्यारोपी लक्ष्मण ने पूछताछ में बताया कि कंचन उसका रिश्ते में भतीजा लगता था। पत्नी भतीजे के साथ रह रही थी। उसको कई बार समझाया। मगर, वह वापस आने के लिए राजी नहीं हुई। कंचन को भी समझाने का प्रयास किया। लोग उसका मजाक उड़ाते थे। इसलिए उसने साजिश रची। पुलिस के मुताबिक लक्ष्मण ने पहले ही तमंचा खरीदकर ले आया था। बहाने से बुलाकर हत्या कर दी। आरोपी के भाई प्रकाश की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज किया है।

# श्री राम के जयकारों संग मना हनुमान जन्मोत्सव

जन एक्सप्रेस | आगरा



श्रद्धा और भक्ति भाव से भरा हृदय और मुख पर प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी महाराज के जयकारे। भगवान के उद्घोष बैंड बाजों के साथ भजनों पर झूमते गाते श्रद्धालु। हनुमान जन्मोत्सव पर हर तरफ भक्ति की लहर बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में देखने को मिली। शोभा यात्रा का शुभारंभ सुल्तानगंज की पुलिया से शुरू होकर सेंट्रल बैंक रोड टंकी रोड, सिटी मॉल होते हुए, चांदनी चौक से बलकेश्वर चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अंजनी पुत्र हनुमानजी की भव्य झांकी की आरती पूजा कर हुआ। शोभायात्रा में हजारों लोगों ने प्रभु श्री राम और हनुमान का गुणगान करते हुए श्रद्धा भाव से भाग लिया। शोभा यात्रा में भव्य बग्गी पर विराजमान मारुति नंदन की शोभा देखते ही बन रही थी। शोभायात्रा में सम्मिलित भक्तजनों का स्वागत आयोजन समिति की ओर से प्रभु श्री राम नाम का दुपट्टा पहनाकर माथे पर भगवा तिलक लगाकर किया गया।

**जगह-जगह हुआ स्वागत**

हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित शोभा यात्रा का मार्ग में भक्तजनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर एवं झांकी की आरती उतार कर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान महिलाओं ने मंगल गीत से हनुमान जी महाराज का स्तवन किया।

**भंडारे में दिखा भक्ति भाव**

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सिटी मॉल बलकेश्वर पर आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ो भक्तों ने हनुमान जी महाराज के प्रसाद के रूप में भंडारे का आनंद लिया। प्रभु श्री राम हनुमान जी महाराज की जय जयकार करते हुए भक्तजनों ने श्रद्धा भाव से प्रसादी ग्रहण की।

इस मौके पर शोभा यात्रा के मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी ने बताया हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पिछले कई वर्षों से यह आयोजन निरंतर होता आ रहा है। शोभायात्रा सुल्तानगंज की पुलिया से शुरू होकर कमला नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए बल्केश्वर चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचती है। उन्होंने कहा युवा पीढ़ी में धर्म के प्रति आस्था और भारतीय संस्कृति सभ्यता के परिचय के लिए इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज को एक सकारात्मक संदेश देते हैं।

**इनकी रही मौजूदगी**

मारुति नंदन हनुमान जी की शोभायात्रा में प्रमुख रूप से शशि अग्रवाल, राकेश त्यागी, कपिल त्यागी, अजय गर्ग, शैलेंद्र जूरैल, हेमंत दिवाकर, मेघराज दियालानी, राज कुमार जौहरी, कैलाश चंद शर्मा, राज कुमार गुरनानी, शिव कुमार गुप्ता, राहुल गुप्ता , अमित जैन, नीरज वर्मा, अभिषेक मिश्रा, के के अग्रवाल, रोबिन गुप्ता, राहुल वार्ष्णेय, दीपक अग्रवाल, राहुल कुशवाह, प्रशांत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में कारोबारी की थाने से 900मी. दूर गोली मारकर हत्या, हादसा मानकर अस्पताल ले गई पुलिस

जन एक्सप्रेस | गाजियाबाद

कारोबारी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में एक कार्यक्रम में लाइट लगाई थी। उस कार्यक्रम के रुपये बकाया थे। शनिवार सुबह कारोबारी को कॉल कर गाजियाबाद के लोनी बुलाया गया था।

गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी थाने से करीब 900 मीटर की दूरी पर फरीदाबाद के कारोबारी भगवान (38) की कमर में गोली मारकर हत्या कर दी। वह लोनी में अपने रुपये लेने आए थे। उनको कॉल कर बुलाया था। परिजनों ने अज्ञात बदमाशों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

फरीदाबाद में भगवान पत्नी संध्या और चार बच्चों के साथ रहते थे। वह फरीदाबाद में बिजली (डेकोरेशन) का काम करते थे। उनके भाई मंगल सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह उनका भाई घर से लोनी रुपये लेने के लिए गया था। भगवान ने दिल्ली के प्रगति मैदान में एक कार्यक्रम में लाइट लगाई थी। उस कार्यक्रम के रुपये बकाया थे। शनिवार सुबह भगवान को कॉल कर लोनी बुलाया था। उन्हें लोनी में करीब पांच लाख रुपये लेने थे।

वह बाइक से लोनी आए। जिस व्यक्ति से रुपये लेने थे। उसके ऑफिस में बैठे थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे भगवान का फोन घर पर आया था कि सुबह नौ बजे से बैठे हैं लेकिन व्यक्ति रुपये लेकर नहीं आया है। इसके बाद भगवान का फोन नहीं आया। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे लोनी पुलिस ने मंगल सिंह को फोन कर भगवान के एक्सीडेंट होने की जानकारी दी।

सूचना पाकर परिजन लोनी दो नंबर स्थित अस्पताल में पहुंचे। यहां आकर पता चला कि भगवान की कमर में गोली मार कर हत्या की गई है। भगवान की मौत की खबर सुनने के बाद परिवार में मातम पसर गया। संध्या ने अज्ञात बदमाशों पर गोली मारकर हत्या करने की तहरीर पुलिस को दी। मंगल सिंह ने बताया कि हत्या से कुछ दिनों पहले भगवान की रुपयों को लेकर किसी व्यक्ति से झगड़ा हुआ था। उन्हें आशंका है कि पैसों के विवाद में उनके भाई की हत्या की गई है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों की नजदीक है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

## बैठक में शिक्षा को लेकर की गई चर्चा

जन एक्सप्रेस | आगरा

श्रीमती भगवती देवी जैन कन्या महाविद्यालय में शिक्षक-अविभावक समिति की प्रभारी प्रो .अनुराधा गुप्ता तथा समिति के अन्य सदस्य डॉ. नीलम, डॉ. संगीता कुमार तथा सुश्री अमिता वर्मा के निर्देशन में शिक्षक अभिभावक मीटिंग आयोजित की गयी। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. वन्दना अग्रवाल ने महाविद्यालय में सभी पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की और इसके अतिरिक्त नयी शिक्षा नीति के लागू होने के बाद जो समस्याएं छात्राओं को हो रही है उन सभी समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव दिये गये। महाविद्यालय के सम्बन्ध में सभी अभिभावकों ने स्वयं के विचार रखें तथा उन्होंने महाविद्यालय के विकास से सम्बन्धित विचार प्रस्तुत किये।

समिति की प्रभारी प्रो. अनुराधा गुप्ता ने महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के कौशल विकास से सम्बन्धित जानकारी को विस्तार से उपलब्ध कराया। कार्यक्रम में लगभग 250 अभिभावकों ने भाग लिया, जिसमें छात्राओं के माता-पिता ने अपनी बच्चियों की शिक्षा एवं व्यवहार के विषय में शिक्षिकओं से जानकारी ली। कुछ अभिभावकों ने छात्राओं के लिए रोजगार परक विषयों की भी जानकारी ली। शिक्षिकाओं ने अभिभावकों से छात्राओं को प्रतिदिन नियमित समय पर महाविद्यालय भेजने का आग्रह किया। जिससे छात्राओं का सर्वांगीण विकास एवं ज्ञानवर्धन हो सके। इस अवसर पर प्रो. मीरा अग्रवाल, प्रो. कुसुम शर्मा, प्रो. किरन सिंह, प्रो. शिखा श्रीधर, प्रो. अनीता रानी, प्रो. अनुपम शैरी प्रो. शुमलेश कुमारी, डॉ. नीलम कान्त, डॉ. संतोष गाबा, डॉ. नसीम अख्तर, डॉ. नीलम सिंह, अमृता श्रीवास्तव, डॉ. कुमारी अनुपमा, अजरा, डॉ. पल्लवी दास गुप्ता, कविता सिंह, सुश्री सुरभि सत्यभा, डॉ. प्रेमलता, डॉ. नेहा विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया श्री हनुमान जन्मोत्सव

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

मंगलवार को जनपद और महानगर में श्री हनुमान जी जन्मोत्सव समारोह का आयोजन बडी ही धूमधाम से किया गया। इस मौके पर जगह-जगह विशाल भण्डारों का भी आयोजन किया गया। प्रातः की बेला में सर्वप्रथम हनुमान जी के मंदिर को सुंदर पुष्पों से सजाया गया साथ ही भगवान के विग्रह का श्रंगार किया गया। पूजन का सिलसिला प्रारंभ हुआ। इस दौरान मंदिर के महंत राजेन्द्र बालाजी के सानिध्य में मेहंदीपुर बालाजी महाराज का केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर यहाँ मंदिर प्रबंधक कौशल किशोर वार्ष्णेय,राजेंद्र बालाजी, अतुल कुमार, कपिल वार्ष्णेय के.के, जितेंद्र सर्राफ, सुरेंद्र कुमार बजाज, विष्णु कांत मामा, गौरव वार्ष्णेय, भानु वार्ष्णेय, दिनेश बालाजी, तिलक वार्ष्णेय, बबली अग्रवाल, मोनू वार्ष्णेय, अमित अग्रवाल, मीडिया प्रभारी हनी वार्ष्णेय बजाज आदि लोग मौजूद रहे। श्री बालाजी दरबार के द्वारा आज गूलर रोड स्थित मंत्रा लाज में भव्य 13 वां हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 10 बजे दरबार की स्थापना की गयी उसके पश्चात सर्वमनोकामनार्थ एवं पितृ दोष निवारण हेतु श्री बालाजी महाराज, श्री भेरों जी महाराज एवं प्रेतराज सरकार की अर्जी सुबह 10.30 से दोपहर 2 बजे तक लगाई गई।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-7-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-24 |
| 2. | कार्य का नाम | टी० आर० डी० कार्य इस संबंध में: 1. ओएचई संशोधन कार्य (अमेठी लखनऊ सेक्शन में एलसी नंबर 122/सी 145/सी 152/सी 159/सी 172/सी 182/सी और 188/सी के बदले आरयूबी के प्रावधान के संबंध में। रायबरेली-उतरेतिया सेक्शन में एलसी नंबर 175/बी (किमी 1025.059) के बदले आरयूबी का प्रावधान। 2. लखनऊ डिवीजन के अमौसी/टीएसएस में सेक्शनिंग व्यवस्था में सुधार और सर्किट ब्रेकर और इंटरप्टर्स के प्रतिस्थापन के संबंध में अकबरपुर से टांडा एसएसपी तक 25 केवी फीडर बायर की डिजाइन, आपूर्ति निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंगा 3. लखनऊ मंडल के कोधीर गुड्स शेड के सुधार के संबंध में टीआरडी कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रू. 4,00,79,618.09/- |
| 4. | बयाना राशि | रू. 3,50,400.00/- |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6. | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 16.05.2024 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की बेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की बेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी'जो भी कम हो होना चाहिए, जहा वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में। एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक), कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection testing & commissioning of 50 Hz, single phase 25 kVAC OHE 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं०: टीआरडी-7-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-24 दिनांक: 16.04.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1205/24

# पुलिस की टीमें आरोपियों की कर रही तलाश



जन एक्सप्रेस | आगरा

फतेहाबाद के कृष्णा धाम में भांजी की शादी में सालों ने जीजा को बुरी तरह पीटा था। जिससे उसकी अस्पताल में मौत हो गई थी। विवाद डीजे पर डांस करने को लेकर हुआ था। मारपीट करने के बाद हमलावर भाग गए थे। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया था। अभी तक आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। पुलिस उनकी तलाश में कई स्थानों पर दबिश दे रही है।

बता दें रामबरन पुत्र मुन्ना लाल निवासी कृष्णा धाम कस्बा फतेहाबाद की बेटी मधु की शादी का समारोह हो रहा था। जिसमें राजू पुत्र मोहरमन निवासी बाबरपुर फतेहाबाद अपनी भांजी को भात पहनाने अपने साथियों के साथ सम्मिलित हुए थे। डीजे बजाने को लेकर झगड़ा हो गया। लोगों ने मामले को शांत करा दिया गया। तड़के लगभग पांच बजे राजू पुत्र मोहरमन, सुनील पुत्र राजू निवासीगण बाबरपुर फतेहाबाद, सचिन पुत्र मुकेश निवासी हरकंद पुरा थाना दिहौली धौलपुर, विष्णु, पुष्पेंद्र पुत्रगण अशोक निवासी मनियां धौलपुर, रंजीत पुत्र राजेंद्र निवासी तिवाहा फतेहाबाद, विजय पुत्र सरनाम सिंह निवासी सधूपुरा इरादतनगर ने आकर मारपीट करने लगे। रामबरन और भूरी सिंह दोनों भाई घायल हो गए। सूचना मिलते ही एसीपी फतेहाबाद अमरदीप, इंस्पेक्टर राकेश कुमार चौहान पुलिस बल के साथ पहुंच गए। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। उपचार के दौरान रामबरन पुत्र मोहरमन की मौत हो गई। मृतक के भाई अनिल की तहरीर पर पुलिस ने धारा 147, 148, 323, 304 आईपीसी के तहत अभियोग दर्ज किया। दूसरे दिन तक आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगे थे। एसीपी का कहना है आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमों का गठन किया है। टीमें उनकी तलाश में कई स्थानों पर दबिश दे चुकी हैं।

### बालाजी महाराज को अर्पण किया स्वर्ण मुकुट

जन एक्सप्रेस/आगरा। ताजगंज कटरा जोगीदास स्थित श्री दाऊजी महाराज खाटूश्याम मंदिर पर मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव पर बालाजी महाराज को स्वर्ण मुकुट अर्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक कृष्ण मुरारी अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, अध्यक्ष राजू गोयल और सचिव मयंक अग्रवाल ने हनुमानजी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जन्मोत्सव पर मंदिर को दूधिया रोशनी की सजावट और रंग बिरंगी विद्युत झालरों से सजाया गया।

अध्यक्ष राजू गोयल ने कहा कि हनुमानजी से बड़ा कोई दूसरा भक्त नहीं हुआ है। हनुमान जी की भक्ति अनूठी व अद्भुत रही है, जिसका कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। भक्तों ने हनुमान बाबा का अलौकिक श्रृंगार, फूल बंगला का दर्शन लाभ और सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया। शाम को भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जो देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर कौषाध्यक्ष परवेश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, प्रदीप राठौर, ब्रजमोहन, राजेश गुप्ता, बबलू राठौर, संजय गोयल, राहुल आदि मौजूद रहे।

## एसटीएफ ने बिहार के एक लाख के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | नोएडा

यूपी एसटीएफ ने बिहार के एक लाख के इनामी बदमाश को गाजियाबाद के लोनी से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाश बिहार के टाइगर गैंग से जुड़ा हुआ है और दो साल से हत्या, डकैती के आरोप में फरार चल रहा था। नोएडा एसटीएफ की टीम ने गिरफ्तार बदमाश से पूछताछ के बाद विधिक प्रक्रिया के तहत पटना एसटीएफ को सुपुर्द कर दिया है।

अब पटना एसटीएफ इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी।

नोएडा एसटीएफ की टीम ने बृहस्पतिवार को सूचना के आधार पर गाजियाबाद के लोनी से बेगूसराय निवासी बदमाश सुशील राय को गिरफ्तार किया है। इस पर एक लाख रुपये का इनाम था। पूछताछ में सुशील राय ने बताया कि वह दसवीं पास है और वर्ष 2001 में गांव की जमीन के विवाद में उसके भाई मुन्ना राय की हत्या सुबोध राय व रामाधार राय ने कर दी थी। इसका बदला लेने के लिए रामाधार राय पर जानलेवा हमला किया था। इस मामले में जेल जाने के बाद 2002 में बाहर आ गया। जेल में ही सुशील की दोस्ती बिहार के टाइगर गैंग के सरगना जोगी टाइगर से हो गई थी। सुशील ने जोगी के साथ मिलकर अभ्रक बनाने की फैक्टरी के मालिक आलोक राजगढिया का अपहरण कर लिया था और एक करोड़ की फिरौती मांगी थी।

इस मामले में सुशील को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट से सुशील बरी हो गया था। इसके बाद वर्ष 2019 में सुशील राय पर अपहरण, पुलिस पर हमले समेत मुकदमें दर्ज हुए। वर्ष 2022 में सुशील राय पर ट्रैक्टर लूट व हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ। इसमें आर्म एक्ट के तहत भी कार्रवाई हुई थी। तब से सुशील राय फरार चल रहा था। अब बिहार एसटीएफ के इनपुट पर नोएडा एसटीएफ ने सुशील राय को गाजियाबाद से दबोच लिया।

### गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने में जुट जाएं कार्यकर्ता

जन एक्सप्रेस/आगरा। इंडिया गठबंधन के पदाधिकारियों की राजामंडी स्थित श्याम होटल में बैठक हुई। जिसमें कांग्रेस के यूपी प्रभारी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद अविनाश पांडे, आप की ब्रज प्रांत अध्यक्ष डॉ. हृदेश चौधरी ने गठबंधन के प्रत्याक्षियों को जिताने की अपील करते हुए कहा आप सभी एकजुट हो जाएं और दोनों प्रत्याशियों को जिताएं। बैठक में समाजवादी के महानगर अध्यक्ष वाजिद निसार, कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष अमित सिंह, लोकदल के पदाधिकारी के साथ फतेहपुर सीकरी के प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार, आगरा लोकसभा प्रत्याशी सुरेश चंद्र कर्दम मौजूद थे। इस अवसर पर गठबंधन में शामिल पार्टियों के कार्यकर्ताओं के सामने आह्वान किया, कहा लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने के लिए यूपी में गठबंधन की सभी 80 सीटों पर गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने के लिए कार्यकर्ता पूरी तरह मेहनत करेगा।

# वैन का रेडिएटर फटने से चार छात्राएं झुलसीं

जन एक्सप्रेस | आगरा

आगरा-हाथरस मार्ग पर एक हादसा हुआ। वैन का रेडिएर फटने से चार बच्ची झुलस गई। बच्चियों की चीख पुकार पर पहुंचे राहगीरों ने सभी को बाहर निकाला। वैन स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही थी। सूचना पर बच्चों के परिजन एवं स्कूल प्रबंधक पहुंच गए।

हादसा दोपहर तकरीबन 1:30 बजे हुआ। फाउंड्री नगर निवासी हाईस्कूल की छात्रा कृतिका, कक्षा तीन की छात्रा शांभवी, कक्षा 2 की छात्रा वंशिका और कक्षा 4 की छात्रा खुशबू झुलसीं। परिजन का कहना था कि चालक अनिल रोजाना 10-12 बच्चों को स्कूल से लेकर आता है। बच्चियां पिछले हिस्से में लगे रेडिएटर के पास सीटों पर बैठी थीं। घटना में पांच-छह अन्य बच्चों के शरीर पर भी खौलते कूलेंट के छींटे पड़ गए।

इस मामले में स्कूल मैनेजर ने बताया कि अनिल वाहन लेकर आ रहा था। वाहन में पीछे की तरफ रेडिएटर लगा है। उसका ढक्कन खुलने से हादसा हुआ था। खुशबू के पैर झुलस गए। बाकी को मामूली दिक्कत हुई। शहर में स्कूली वाहनों से कई बार हादसे हो चुके हैं।

इसके बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी खानापूर्ति कर रहे हैं। स्कूली वाहनों की फिटनेस की जांच तक नहीं होती है। क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को बैठाया जाता है। सुरक्षा के इंतजाम भी नहीं होते हैं। चालकों की जांच नहीं होती है।

# वन विभाग ने नौ लंगूरों को कराया मुक्त

जन एक्सप्रेस | आगरा



सदर स्थित कंपनी गार्डन में रस्सी से बांधकर रखे हुए नौ लंगूरों को वन विभाग की ीम ने मौके पर जाकर मुक्त कराया और सभी को जंगल में ले जाकर छोड़ दिया गया। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची थी।

वन विभाग को आगरा के सदर क्षेत्र में एक आवासीय कॉलोनी में आठ लंगूरों को बांधकर रखने की शिकायत मिली। सूचना मिलने पर वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी लंगूरों को बचाया। लंगूरों को अलग-अलग पिंजरों में बंद कर उन्हें सुरक्षित रूप से स्थानांतरित किया गया और अदालत से अनुमति प्राप्त करने के बाद उन्हें वाइल्डलाइफ एसओएस की सहायता से उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया।

प्रभागीय वन अधिकारी आदर्श कुमार ने बताया कि ÷यह एक अवैध व्यापार है और हम कई लोगों को ट्रैक करने और इस प्रथा को कम करने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि लंगूर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-के तहत संरक्षित हैं। अन्य जंगली जानवरों को रखना जैसे तोते और कछुए भी अवैध हैं और ऐसा करना हमें आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने पर मजबूर कर सकता है। वाइल्डलाइफ एसओएस के डायरेक्टर कंजरवेशन प्रोजेक्ट्स बैजूराज एमवी ने कहा कि %हम मानव-वन्यजीव संघर्ष और जंगली जानवरों की अवैध खरीद को कम करने के लिए दो दशकों से भी अधिक समय से वन विभाग के साथ काम कर रहे हैं। चूंकि हमारे पास वन्यजीव अस्पताल है, और जानवरों की जांच के लिए सुविधाएं और पशु चिकित्सा टीम है, इसलिए हम उन्हें जंगल में छोड़ने से पहले उनकी अच्छे से चिकित्सकीय परीक्षण करते हैं।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर घर में घुसकर लाठी डंडो से पीटा

* पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



घर में घुसे आरोपी ने ग्रामीण के साथ लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया।पुलिस ने घायल ग्रामीण को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा निवासी विनोद श्रीवास्तव ने दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया कि 20 अप्रैल शाम सात बजे गांव का ही अखिलेश गिरी जबरन घर में घुस आया। इसके बाद गाली गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी युवक ने ग्रामीण के साथ लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। पिटाई में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में थाने पहुंचे ग्रामीण को पुलिस ने उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया। सोमवार पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अखिलेश गिरी के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने,जान से मारने की धमकी व गाली गलौज की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

# जानवर चरा कर घर वापस लौट रही किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

* विरोध करने पर मां बेटी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी
* युवक पर कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



खेत से जानवर चरा कर घर वापस लौट रही किशोरी को अकेला देख गांव के ही युवक ने गलत नीयत से दबोच लिया। घर के अंदर ले जाकर जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़ित किशोरी की मां ने कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह सोमवार सुबह अपनी पुत्री के साथ खेत पर जानवर चराने के लिए गई हुई थी। शाम छह बजे उनकी 12 वर्षीय पुत्री घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने किशोरी को अकेला देख गलत नीयत से जबरन पकड़ लिया। युवक किशोरी को दुष्कर्म करने की नीयत से घर के अंदर खींच ले गया। जहां किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास किया। चीखने चिल्लाने पर जानवर चराकर घर वापस लौट रही महिला ने बमुश्किल किशोरी को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। आरोप है कि विरोध करने पर युवक ने किशोरी और उसकी मां के साथ जमकर मारपीट की। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। किशोरी की मां ने घटना की सूचना पीआरबी को दी। मौके पर पहुंची पीआरबी को देख युवक फरार हो गया। पीड़ित किशोरी की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की।

कोतवाली अपराध निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# वाराणसी समेत आसपास के जिलों में मौसम ने बदली करवट

* गर्मी से बेहाल रहे, वहीं दोपहर बाद अचानक आंधी के साथ बारिश शुरू हुई तो लोगों को गर्मी से राहत मिली।

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

वाराणसी समेत आसपास के कई जिलों में मौसम ने करवट ली है। मंगलवार को दोपहर तक कड़कड़ाती धूप के चलते लोग जहां गर्मी से बेहाल रहे, वहीं दोपहर बाद अचानक आंधी के साथ बारिश शुरू हुई तो लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस दौरान ओले भी पड़े। जिससे खेतों में सब्जियों व खड़ी गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा। दोपहर बाद वाराणसी के कई इलाकों में आंधी- पानी के साथ ओले पड़ने लगे। साथ ही सोनभद्र, भदोही व अन्य जिलों के कई हिस्सों में आंधी चलने के साथ ही बारिश हुई। वाराणसी के कपसेठी बाजार के आसपास के गांव में अचानक कड़ी धूप के बीच पानी के साथ ओले पड़ने लगे। तेज गति से आंधी चलने से खेतों में खड़ी फसलों को काफी नुकसान हुआ। मंगलवार की दोपहर बाद अचानक बारिश शुरू होने से गर्मी से लोगों को राहत भी मिला। आंधी के चलते कई घरों के टिन शेड उड़ गए। इसके साथ ही गेहूं की जो फसल अभी खेत में पड़ी हैं, उसको नुकसान हुआ। ज्यादातर किसानों के भूसा अभी खेत में ही पड़े हैं। भिगने से भूसा सड़ने की आशंका में किसान परेशान रहे। कई स्थानों पर पेड़ गिर जाने से लोगों को काफी दिक्कत हुई। ज्यादा नुकसान सब्जी की फसल को हुआ। ओले पड़ने के कारण टमाटर व लौकी की खेती पर ज्यादा असर पड़ा। किसानों का कहना है कि ओला पड़ने का सिलसिला ज्यादा देर तक नहीं चला, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।

## चारपाई पर सो रहे वृद्ध की गला दबाकर हत्या

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

सारीपुर मोहल्ला निवासी हरिराम उर्फ रामदुलार (86) रविवार को रात में खाना खाकर घर के पास चारपाई पर सोए हुए थे। सोमवार को सुबह वे चारपाई पर मृत अवस्था में पड़े मिले। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। पुत्र किशोरी लाल ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि पिता हरिराम रविवार को रात में घर के पास चारपाई पर सोए हुए थे। रात में एक बजे लघुशंका के लिए गए। वापस चारपाई पर सोने आए तो किसी ने गला दबाकर हत्या कर दी। उनके गले पर चोट के निशान हैं। सोमवार को सुबह छह बजे सोकर उठे तो पिता चारपाई पर मृत अवस्था में मिले।

# श्री सिद्ध बालाजी ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में धूमधाम से मनाया गया श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव







* श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव पर केक काट, आरती कर प्रसाद वितरण हुआ

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार को श्री हनुमान जी महाराज का पूरे जनपद घर में जन्मदिन बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें सभी श्री बालाजी महाराज के मंदिरों को भव्य रूप से सजाकर हनुमान चालीसा का पाठ एवं भव्य आरती कर प्रसाद एवं भंडारा वितरित किया गया।

वही श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव के अवसर श्री बालाजी ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में दरबार कर्ता सेवक विशाल द्वारा आयोजित दरबार में बालाजी महाराज का श्रृंगार कर पूरे दरबार को भव्य रूप से सजाया गया। इसी के साथ महंत सेवक विशाल द्वारा श्री बालाजी महाराज के मधुर मधुर भजन गाकर सभी भक्तों को आनंदमें कर दिया।

आज मंगलवार के शुभ अवसर पर जहां जनपद भर में श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया साथ ही इसके जगह-जगह प्रसाद वितरित कर श्री हनुमान जी महाराज के मंदिरों को सजा कर प्रसाद वितरित किया गया। बताते चले की जहां प्रत्येक मंगलवार को निशुल्क दरबार महंत सेवक विशाल द्वारा जनपद के ईदगाह फाटक समीप काशीराम कॉलोनी मनोकामना बालाजी मंदिर पर आयोजित लगाया जाता हैं। जिसमें जनपद के कोने-कोने से ही दूर दराज से भी श्रद्धालु आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं और उनका कल्याण भी होता है। आज श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव के उपरांत सेवक विशाल द्वारा मधुर मधुर भजन कीर्तन और बाबा के भोग प्रारंभ कर जन्मोत्सव मनाया गया। जन्म उत्सव के दौरान सैकड़ों लोग उपस्थित हुए और सभी ने बाबा का आशीर्वाद प्राप्त कर सभी भक्तों को केक एवं प्रसाद वितरित किया गया। आज जन्मोत्सव के इस पावन मौके पर सभी श्रद्धालुओं ने बाबा के जन्मोत्सव के दौरान खूब आनंद उठाकर तालियों के साथ बाबा का अभिनंदन किया। उसके बाद भव्य आरती करके काटकर सभी भक्तों ने आशीर्वाद लेते हुए प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत पकड़िया नौगवां अध्यक्ष पति संतोष सिंह, हर्ष तिवारी, बॉबी चौधरी, रवि, सौरभ, जानू शर्मा, मनीष अग्रवाल, मुकेश कुमार, अनिकेत, चिराग सैनी सहित सैकड़ो सेवक एवं हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहें।

## आईपीएल में सट्टेबाजी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

शहर कोतवाली पुलिस ने बीते रविवार को आईपीएल में सट्टेबाजी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। उनके पास से सट्टे का रेट लिखा रजिस्टर, 6100 नकद रुपये, तीन मोबाइल फोन, एक स्कूटी बरामद हुए।

पुलिस ने आरोपियों को जुआ एक्ट के अलावा धोखा देकर सट्टे में पैसे लगाने का मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

आईपीएल मैच शुरू होते ही जिले में सटोरिये सट्टा लगाने में जुट जाते हैं। नगर क्षेत्र से लेकर विंध्याचल तक आईपीएल का सट्टा होता है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के वासलीगंज इलाके में कई साल से सटोरिये आईपीएल मैच में सट्टा लगाते आ रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बारात में आये दो युवकों को दबंगों ने पीटकर किया लहूलुहान

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत नटौली गांव में मामूली कहासुनी के दौरान गांव के ही कुछ दबंग युवकों ने बारात में आये दो युवकों की पीटकर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। समीपवर्ती जनपद से सटे बैरकडीह गांव में सोमवार की फागूलाल राजभर के घर पर आजमगढ़ जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र गुडियार से बारात आई थी। जिसमें गुडियार गांव निवासी 20 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र प्रेम चंद व 32 वर्षीय नंदलाल पुत्र तिलकधारी राजभर बारात में आये थे। किसी काम से दोनों युवक नटौली गांव स्थित एक दाल मिल के समीप पहुंचे थे कि गांव के ही कुछ युवकों से मामूली कहासुनी हो गई। जिसके चलते युवकों ने लाठी डंडे से पीटकर लहूलुहान कर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों को सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायलों की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### ट्रैक्टर बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में दो लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। मडियाहूं कोतवाली क्षेत्र के मड़ियाहूं जलालपुर मार्ग पर स्थित टेकरडीह गांव में सोमवार की रात ट्रैक्टर व बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हुई, जबकि दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक की बोलेरो की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जाता है कि सोमवार की रात 11:30 बजे के लगभग ट्रैक्टर पर मिट्टी लादकर कहीं गांव में ही गिराने के लिए जा रहा था ।वह जैसे ही भगतगंज तिराहे पर पहुंचा था सामने से आ रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। बाइक व चालक ट्रैक्टर में फंसकर काफी दूर तक घसीटता रहा। जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक घबराकर ट्रैक्टर से कूद कर भागने लगा। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो की चपेट में आ गया जिससे उसकी भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रात में अंधेरे का फायदा उठाते हुए बोलेरो भाग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में दोनों मृतकों की पहचान ट्रैक्टर चालक विकास यादव उर्फ राजू यादव निवासी टेकरडीह थाना मडियाहू व बाइक चालक संतोष सरोज निवासी चवरी पराऊगंज के रूप में हुई मृतक अपनी ससुराल रानीपुर थाना मडियाहू के लिए आ रहा था। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त बाइक और ट्रैक्टर को पुलिस कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर रही है।

### पत्नी-सास व साले को दामाद ने पीटकर किया घायल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत लतीफपुर गांव में दामाद ने अपनी पत्नी सास व साले को पीटकर कर घायल कर दिया। पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दे इलाज राजकीय चिकित्सालय में कराया। बीबीगंज चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत लतीफपुर गांव में अपने बेटी के घर आयी। आजमगढ़ जनपद के मुबारकपुर कटरा गांव निवासी 45 वर्षीय प्रेमा देवी पत्नी संतोष कुमार व 22 वर्षीय गोलू पुत्र संतोष कुमार अपनी बहन मोनिका के घर सोमवार को आये थे। किसी बात को लेकर बहनोई विशाल से विवाद हो गया। जिसमें विशाल ने अपनी पत्नी व सास और साले को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। घायलों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित पक्ष से तहरीर ले दोषी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### एसडीएम ने हरसिंहपुर और सुल्तानपुर गोशाला का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर। मंगलवार को पूरनपुर एसडीएम ने गांव हरसिंहपुर की निर्माणाधीन और सुल्तानपुर की गोशाला का निरीक्षण किया। दोनों जगहों पर पशुओं के संरक्षण और उनके रख-रखाव व चारा, पानी, छाया आदि की व्यवस्था देखी। निर्माणाधीन गोशाला का कार्य धीमी गति से मिलने पर नाराजगी जताई और कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि हरसिंहपुर में नगर पालिका परिषद की देखरेख में गोशाला का निर्माण कार्य चल रहा है। मंगलवार को इसका निरीक्षण नगर पालिका ईओ केके सोनकर की उपस्थिति में किया। निर्माणाधीन कान्हा गोशाला की क्षमता लगभग 500 गोवंश की है। निर्माण कार्य समाप्ति की समय अवधि 31 मार्च 2024 बताई गई। इपपर निर्माण का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। ताकि क्षेत्र के छुट्टा गोवंशों को गोशाला में जल्द संरक्षण मिले। गांव सुल्तानपुर में दो टिन शेड में कुल 83 गोवंश संरक्षित मिले जो स्वस्थ हैं। चारा, जल की पर्याप्त व्यवस्था पाई गई। इस गोशाला में 10 से 15 गोवंश अभी और रखे जा सकते हैं। पशु चिकित्सक के बारे में जानकारी पर बताया गया कि निर्वाचन में व्यस्त होने के कारण कई दिनों से नहीं आए। निरीक्षण आख्या जिलाधिकारी को भेज दी गई है।

# अमेरिकी दूतावास आयी टीम ने राज्यमंत्री से चुनावों को लेकर हासिल की जानकारी

* फर्स्टफेज के सम्पन्न हुए चुनावों पर किया सर्वे, टीम अमेरिकी प्रशासन को भेजेगी रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



देश में चल रहे लोक सभा आम चुनाव पर सर्वेक्षण के लिए अमेरिकी दूतावास से आई टीम ने आज मंगलवार दोपहर को गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार से उनके आवास पर भेट की और फर्स्टफेज में हुए लोकसभा चुनाव की स्थिति पर चर्चा की। लगभग एक घण्टे तक आवास पर रहे राजनैतिक चर्चा के दौरान दूतावास के अभिराम घादियाल पाटिल, हीदी सीडराफ-जार्जो ने पीलीभीत सहित क्षेत्र की अन्य लोक सभा सीटो पर गत 19 अप्रैल को सम्पन्न हुए चुनावों की स्थिति के वारे में चर्चा की। टीम के सदस्यों ने लोकसभा चुनाव पारदर्शिता एवं शान्तिपूर्ण ठंग से चुनाव सम्पन्न होने एवं प्रशासनिक एवं व्यवस्थाओं से जुड़ी बातों पर चर्चा की। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने बताया की अमेरिकी दूतावास टीम प्रत्येक चुनाव में क्षेत्र में आती है और चुनाव सम्बन्धी जानकारी एवं विश्लेषण कर अपनी रिपोर्ट अमेरिकी प्रशासन को भेजती है। उन्होनें बताया की इसी क्रम आज अमेरिकी दूतावास की टीम इस जनपद में भी आई और चुनाव के बारे में चर्चा की। इससे पूर्व टीम बरेली आदि अन्य जनपदों में भी दौरा कर चुकी है और अन्य जनपदों में भी चुनाव सम्बन्धी विश्लेषण करने जायेगी। लगभग एक घण्टा रूकने के बाद टीम बरेली के लिए रवाना हो गई। मालूम रहे की देश में प्रत्येक लोकसभा चुनावों के दौरान अमेरिकी दूतावास की टीम क्षेत्र के अलग अलग जनपदो में जाकर चुनावों को लेकर विश्लेषण करती है जिसमें चुनाव निष्पक्ष होने, प्रशासनिक व्यवस्थायें, बिना भेदभाव चुनाव सम्पन्न होने आदि विन्दुओं पर सर्वे कर अपनी रिपोर्ट अमेरिकी प्रशासन को भेजती है इसके बाद अमेरिकी प्रशासन इस रिपोर्ट के आधार पर अपनी विदेश निति तय करता है।

## उधारी के रुपए मांगने पर दबंग ने महिला को पीटा

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

नगर के मोहल्ला रजागंज के वार्ड नंबर 6 निवासी कौशर जहां ने पुलिस को दिए गए शिकायती में बताया कि उसने नगर के मोहल्ला ढका निवासी एक युवक को 33 हजार रुपए उधर में दिए थे। कई बार रुपए मांगने पर युवक ने टालमटोल कर दिया। महिला ने मामले की जानकारी आसपास के लोगों को दी।

जिससे नाराज युवक अपनी पत्नी, दामाद और दो अज्ञात लोगों के साथ महिला के घर में घुस आया। आरोप है कि युवक ने गाली गलौज शुरू कर रुपए देने से इनकार कर दिया। दोबारा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

गाली गलौज का विरोध करने पर युवक ने पत्नी दामाद दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर महिला के बाद पकड़ कर जमीन पर गिरा लिया। इसके बाद जमकर मारपीट की। महिला ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी।

# सपा कार्यकर्ता को थप्पड़ मारना विधायक को पड़ा महंगा



जौनपुर लोकसभा के सपा प्रत्याशी का विरोध करना पड़ा म...
विधायक ने बीच सड़क पर कार्यकर्ताओं को जड़ा थप्पड़-वीडियो

बाबू सिंह कुशवाहा वापस जाओ वापस जाओ के लगे नारे

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

* पुलिस ने विधायक सहित चार पर किया मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सपा के लोकसभा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा का सपा कार्यकर्ताओं का विरोध करने पर मुंगराबादशाहपुर विधायक पंकज पटेल द्वारा अपने समर्थकों के साथ बीच सड़क अपशब्दों का प्रयोग करते हुए थप्पड़ मारना भारी पड़ गया स्थानीय पुलिस पीड़ित की तहरीर पर विधायक सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।

गौरतलब हो कि सोमवार को सपा के लोकसभा प्रत्याशी बाबूसिंह कुशवाहा के आगमन पर सपा कार्यकर्ता अश्विनी तिवारी के साथ दर्जनों कार्यकर्ता बाबूसिंह कुशवाहा की गाड़ी को रोक कर विरोध कर नाराजगी जता रहे थे। इसी बीच सपा विधायक पंकज पटेल ने अपने समर्थकों के साथ सपा नेता अश्विनी तिवारी बीच थप्पड़ जड़ दिया और साथियों के साथ धक्का मुक्की हटा दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर सपा में हंगामा मच गया।

सपा नेता अश्विनी तिवारी की तहरीर पर विधायक समेत उनके समर्थकों के उपर मारपीट गाली गलौज करने का आरोप लगाया पुलिस तहरीर के आधार पर विधायक पंकज पटेल, रामस्नेही यादव, शुभम पाल, रोहित यादव के खिलाफ 147, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई इस बाबत थानाध्यक्ष संतोष पाठक का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# जौनपुर में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को किया गया जागरुक

* जिलाधिकारी ने मानव श्रृंखला में शामिल होकर मतदान के लिए किया प्रेरित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जिलाधिकारी ने किया प्रेरित मानव श्रृंखला में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक शिक्षिकाओ व विभिन्न इंटर कालेज के छात्र छात्राओं ने सहभाग किया।

मानव श्रृंखला में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी रबीन्द्र कुमार मांदड़, सिटी मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने कतारबद्ध होकर एक दूसरे का हाथ से हाथ पकड़ कर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर मतदान की महत्वपूर्णता को प्रस्तुत करने के लिए मत चिन्ह और मतदान की मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया। मानव श्रृंखला सदभावना पुल से कलेक्ट्री तिराहा तक बनाई गई। पूरे रास्ते भर ई-रिक्शा पर मतदाता जागरूकता गीत बजता जा रहा, जो लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहा था।

मानव श्रृंखला में उमड़ी भीड़ से जिलाधिकारी बहुत उत्साहित दिखे उन्होंने कहा कि जनपद के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मानव श्रृंखला बनाई गई है। उन्होंने सभी से अपील की है कि आगामी 25 मई को अधिक से अधिक को संख्या में मतदान कर पिछले चुनाव का रिकॉर्ड तोड़ने में अपना सहयोग करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें। 25 मई को जनपद की दोनों लोकसभा सीट जौनपुर व मछलीशहर सीट पर चुनाव है। इस दिन सभी मतदाता अपने अपने घर से निकलकर शत प्रतिशत मतदान कर जौनपुर का मान बढ़ाएं।

सिटी मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को मतदान के लिए जागरूक करना हमारा दायित्व है, इसके मद्देनजर विभिन्न माध्यमों से मतदान के प्रति जागरूकता लाई जा रही है।

बड़े बूढ़े, युवा जवान, महिलाएं व दिव्यांग सभी मतदान में सहभागी बने।

### हत्या के आरोप पर विवाहिता का शव चिता से उठा ले गई पुलिस

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर। मझवां गांव की नेहा सिंह (34) पत्नी राज उर्फ गोलू सिंह की रविवार को दोपहर में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से शव लटकता मिला था। देवर योगेश ने नेहा के मायके वालों को सूचना दी। ससुराल वालों ने पुलिस को सूचना न देकर अंतिम संस्कार के लिए गंगा किनारे पहुंच गए। मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस को मौत संदिग्ध होने की सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने जलती चिता से शव उठवाकर कब्जे में ले लिया और बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विद्यालयों में पेयजल, शौचालय की करें व्यवस्था : डीएम

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को पुलिस लाइन में विद्यालयों के प्रधानाचार्य और प्रबंधकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को विद्यालयों में पेयजल, शौचालय और जनरेटर आदि की व्यवस्था कराने की हिदायत दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान एक जून को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए बाहर से सुरक्षाकर्मियों के आने की भी जानकारी दी। उन्होंने विद्यालयों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को आगाह किया कि सुरक्षा बलों के रुकने के लिये चिह्नित सभी विद्यालयों में जनरेटर चालू हालत में मिलने चाहिए। शौचालय आदि में कोई गड़बड़ी हो तो उसे उसे समय से दूर करा लें। उन्होंने मुख्य राजस्व अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को सभी विद्यालयों में उपलब्ध शौचालयों की संख्या की जानकारी करने की हिदायत दी। कहा कि यदि वहां पर रुकने वाले सुरक्षा बलों की संख्या को देखते हुए और शौचालय की जरूरत हो तो जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से अस्थायी शौचालय बनवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पेयजल के अलावा विद्यालयों के सभी कमरों में प्रकाश और पंखों की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

# स्लीपर बस ट्रक से टकराई, चार की मौत

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

40 यात्रियों से भरी एक बस डिवाइडर तोड़कर ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस ड्राइवर समेत 4 लोगो की मौत हो गई जबकि 36 लोग घायल हो गए। बस सवारियों को लेकर गोरखपुर से दिल्ली जा रही थी। हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर इनायतपुर गांव के पास हुआ। स्लीपर बस की स्पीड तेज थी। इस दौरान ड्राइवर को झपकी आ गई। उसने बस से अपना नियंत्रण खो दिया। इसके बाद बस डिवाइडर से टकराती हुई रांग साइड पहुंच गई, तभी सामने से आ रहा ट्रक बस में भिड़ गया। प्राइवेट स्लीपर बस गोरखपुर से दिल्ली जा रही थी।



### मरने वालों में 1 महिला और 3 पुरुष

हादसे की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने सभी घायलों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने 4 लोगों को मृत घोषित कर दिया। मरने वालों में 1 महिला और 3 पुरुष हैं। सिर्फ बस ड्राइवर नीलकंठ की पहचान हुई है।

### धमाका हुआ, फिर कई सवारियां आकर ऊपर गिरीं

संतकबीरनगर के रहने वाले शंकर दीन यादव ने बताया कि मैं बस की 6 नंबर सीट पर सोते रहा था, तभी अचानक तेज धमाका हुआ और उनकी नींद खुल गई। हालत ये थी कि 6 नंबर की सीट खिसक कर ड्राइवर सीट के पास पहुंच गई। कई सवारियां ऊपर आकर गिर गईं। मैं किसी तरह से बच गया। बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से डैमेज हो गया।

### रास्ते में 2-3 जगहों पर डगमगाई थी बस

संतकबीरनगर के रहने वाले पवन सैनी ने बताया कि रास्ते में 2-3 जगहों पर बस डगमगाई। लगा कि ड्राइवर नशे में बस चला रहा है। बस में ऑनलाइन सीट बुक कराई थीं, इसलिए बस भी नहीं बदल सकते हैं। दिल्ली के रहने वाले गोविंद ने बताया कि ड्राइवर ने 1 बजे के एक ढाबे पर बस रोकी थी। जहां सवारियों ने नाश्ता-पानी किया। वहीं पर ड्राइवर ने शराब पी और फिर बस लेकर आगे बढ़ गया। हादसे के वक्त हम सब सो रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह ने बताया कि ट्रक आलू लादकर लखनऊ जा रहा था। बस गोरखपुर से दिल्ली जा रही थी। हादसे में 4 की मौत हुई है। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया था। पुलिस ने क्रेन से ट्रक और बस को हटवाया। इसके बाद गाड़ियों की आवाजाही शुरू हुई।

# बरांडा स्कूल में अरौल पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल की टीम के द्वारा बाल अपराध रोकने के उद्देश्य से बच्चों को अपराधिक घटनाओं से दूर रहने का पाठ पढ़ाया गया और आपराधिक घटनाओं में पकड़े जाने पर पुलिस के द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के विषय में विस्तार से बताया गया। पुलिस ने बच्चों के मन में उपजे सवालों के जवाब भी दिए। थाना प्रभारी ने बच्चों को बताया कि पुलिस से डरने की कोई जरूरत नहीं है। पुलिस आपकी सुरक्षा एवं रक्षा के लिए है। आप अपने आसपास होने वाली हर छोटी बड़ी घटना की सूचना समय से पुलिस को देकर समाज का सहयोग कर अपराध नियंत्रण में भागीदार बन सकते हैं। पुलिस भले लोगो को कभी भी परेशान नहीं करती है। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098,112 एवं अन्य हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। ताकि वह जरूरत पड़ने पर उनका उपयोग कर पुलिस को सूचना दे सकें। इस अवसर पर बरांडा विद्यालय की इं प्रधानाध्यापिका रुचि कटियार, रूची त्रिवेदी, अरविंद, किशन, यदुनाथ सिंह, संध्या, वंदना राणा, सोनी, सत्यभामा, पुष्पेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सड़क दुर्घटना में घायल की मदद कर परवेश ने दिखाया मानवीय दृष्टिकोण

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। थाना सिकन्दरा क्षेत्र के डुबकी गांव के पास नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दंपति भयंकर दुर्घटना ग्रस्त हो गए। जिसमें महिला की मौके पर मौत हो गई। जबकि पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके स्थल पर निकल रहे बीजेपी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परवेश कटियार ने मार्मिक दृश्य देखर अपनी गाड़ी रोकी और कार्यकर्ताओं के साथ घायल की मदद करते हुए पुलिस और एनएचआई को तत्काल मदद के लिए सूचना दी। वहीं मौके पर पहुंची एनएचआई एम्बुलेंस के द्वारा घायल व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जिलाध्यक्ष परवेश कटियार का मानवीय कार्य देख कर मौके पर मौजूद अन्य लोग भी मदद करने के लिए आगे बढ़े । जिसके बाद पीड़ित परिजनों को फोन के माध्यम से सूचित किया। आपको बतादें कि जिलाध्यक्ष परवेश कटियार अकबरपुर लोकसभा चुनाव की बैठक में शामिल होने जा रहे थे कि तभी डुबकी गांव के पास हुई मार्मिक रोड़ दुर्घटना को देख कर वह मौके पर रुक गए। जिसके बाद उन्होने घायल अवस्था में तड़प रहे व्यक्ति की जीवन रक्षा के लिए तत्काल पुलिस प्रशासन के साथ एनएचआई डॉयल 103 को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बूलेंस से पीड़ित को उपचार के लिए भेजा। परवेश कटियार की इस मानवीय सेवा को देखकर लोग उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। लोगों को कहना है कि एक सच्चे समाजसेवक की यही पहचान कि वह निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करे और यही आज परवेश कटियार ने करके दिखाया। पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने से पहले उन्होने सबसे पहले मानवता का धर्म निभाते हुए एक जान बचाने का काम किया।

### पीले चावल बांटकर जनसभा में आने का दिया न्यौता

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिकंदरा विधानसभा में कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह की राजपुर के विद्यापीठ इंटर कॉलेज में होने वाली जनसभा के लिए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने सभा स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। जनसभा को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ बैठकर रणनीति तैयार की गई। जनसभा को सफल बनाने के लिए 10 किलो से अधिक पीले चावल गांव गांव बांटकर लोगों को रक्षा मंत्री की जनसभा में आने का निमंत्रण दिया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सांसद रामशंकर कठेरिया जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने राजपुर कस्बा में जगह-जगह दुकानों और लोगों के घरों पर जाकर पीले चावल बांटकर जनसभा में आने का न्योता दिया। उनके साथ महिलाओं की एक बड़ी टोली भी देखी गई। इस दौरान क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी बंसलाल कटियार अरविंद कठेरिया परवेश कटियार विनय प्रताप सिंह दिनेश मिश्रा विनय तिवारी वरुण राजपूत अवधेश कमल नरेंद्र सिंह मुनेश शुक्ला विकास मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे।

### निर्वाचन कार्यों में सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट ना बरतें शिथिलता: एडीआईओ

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में अकबरपुर रानिया लोकसभा क्षेत्र के जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होनें निर्वाचन में सभी को सतर्क रहने, सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत व रैम्प आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु सचेत किया। उन्होंने कहा कि समय को व्यवस्थित करने से ही पूर्ण निष्पक्ष मतदान कर सकते हैं इसलिए समय पर सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित करना ही प्रमुख उद्देश्य है। उन्होनें सभी को निर्देश दिए की समस्त जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने अपने क्षेत्र के वल्नरेबल, क्रिटिकल बूथों पर स्वयं जाकर आवश्यक व्यवस्थाएं जांच कर शीघ्र अपनी रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय में प्रेषित करें इस दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत पाण्डेय एवं संबंधित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

### अधिवक्ताओं ने किया हनुमान चालीसा पाठ

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। एकीकृत बार एशोसिएशन के द्वारा प्रभु श्रीराम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव न्यायालय परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। जिसमें अधिवक्ताओं ने हनुमान चालीसा का का पाठ कर मिष्ठान वितरण किया। उक्त कार्यक्रम में महामंत्री संजय सिंह सिसोदिया, उमेश राजावत, अर्पित सचान, आशीष शुक्ल, नरेश सिंह,लोकेन्द्र सिंह व विपिन शर्मा सहित अन्य अधिवक्ता गण व वादकारी गण उपस्थित रहे। वहीं गलत तरीके से अधिवक्ता के खिलाफ थाना प्रभारी अकबरपुर द्वारा दर्ज करवाई गयी रिपोर्ट के खिलाफ एकीकृत बार एशोसिएशन कानपुर देहात द्वारा लिया गया। संज्ञान अधिवक्ताओं के दबाव को देखते हुए अध्यक्ष राधेश्याम कटियार द्वारा अविलंब बुलाई कैबिनेट की देर शाम तक चली बैठक में निर्णय हुआ कि दिनांक 24-04-2024 को 11 बजे पुनः बैठक कर अग्रिम कार्यवाही हेतु इस पर निर्णय लिया जाएगा।

### भारतीय किसान यूनियन से दिया इस्तीफा

जन एक्सप्रेस/इटावा। भारतीय किसान यूनियन भानु सिंह गुट के प्रदेश अध्यक्ष के प्रतिनिधि अभय यादव उर्फ बादशाह ने यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु सिंह द्वारा समाजवादी पार्टी को समर्थन देने से आहत होने पर तत्काल प्रभाव से प्रदेश अध्यक्ष प्रतिनिधि पद से तथा यूनियन की सदस्यता से त्यागपत्र 21अप्रैल को दे दिया है।अभय यादव ने अपना त्यागपत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष को प्रेषित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि अभय यादव भारतीय जनता पार्टी समर्थक हैं तथा राष्ट्रीय युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर कार्य कर चुके हैं। विषम विचारधारा में उनका दम घुट रहा था।

### मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण हुआ पूर्ण, अगला प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 मई से

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण संपन्न हुआ। अवशेष पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण विकास भवन में आज दिनांक 23 अप्रैल 2024 को कराया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के साथ-साथ , ईवीएम का अभ्यास कराकर करके कुशलता पूर्वक मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया गया। अवगत कराना है कि कुछ पीठासीन अधिकारी विभिन्न कारणों से ड्यूटी करने में असमर्थ थे। उनकी जगह नव चयनित मतदान कार्मिको को जनपद में प्रथम चरण का प्रशिक्षण विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनर द्वारा पूर्ण किया गया इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, भूमि संरक्षण अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जहां कोई कर्मचारी बिना किसी कारण के अनुपस्थिति रहेगा उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई कर अवगत कराये। इस तरह प्रथम चरण के प्रशिक्षण संपन्न होने के पश्चात अब अगला प्रशिक्षण 4 मई से अकबरपुर डिग्री कॉलेज में प्रारंभ होगा।

# खंडशिक्षाअधिकारी ने स्कूलों में शिक्षक अभिभावकों को मतदान के लिये बैठक कर शपथ दिलाई

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सभी खंड शिक्षा अधिकारी क्षेत्र के स्कूलों में अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बैठक कर स्कूल में मतदान शत प्रतिशत कराने के लिए शपथ दिला रहे हैं इसी कड़ी में मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड बिल्हौर के सभी विद्यालयों में मतदाता जागरूकता हेतु शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों के साथ-साथ 18 वर्ष से अधिक के ग्रामवासियों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों को बताया गया कि सभी लोग आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करें ।क्षेत्र के सभी विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक बैठक में आये ग्रामवासियों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर क्षेत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी रवी कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी दिनेश वर्मा एवं सहायक विकास अधिकारी ( पंचायत ) भीष्म नारायण सिंह तथा उपजिलाधिकारी रश्मि लाम्बा बिल्हौर ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर मतदाताओं को जागरूक किया और वोट देने के लिये प्रेरित किया कि सभी लोग आगामी 13 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## पूर्णाहुति के बाद हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस। औरैया

दिबियापुर ब्लॉक भाग्यनगर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत उमरी में भागवत कथा आचार्य धनंजय मिश्र (फर्रुखाबाद) के मुखारविंद से 16 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 22 अप्रैल तक श्रवण करवाई जा रही थी मंगलवार को हवन के बाद पूर्ण आहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया परीक्षित श्रीमती चंद्र प्रभा त्रिपाठी और श्री बृज किशोर त्रिपाठी संरक्षक नवल किशोर त्रिपाठी एडवोकेट, मनोज त्रिपाठी रजनीकांत त्रिपाठी बड़े देवकांत त्रिपाठी छोटे अमित त्रिपाठी इंजीनियर आशीष त्रिपाठी मनु त्रिपाठी अंचल त्रिपाठी सुविज्ञ त्रिपाठी (सुफल) कौशतुभ त्रिपाठी (रुचिर) राघव त्रिपाठी और अंश,वंश द्विवेदी ने भंडारे की व्यवस्थाएं संभालीं।

## तप और संयम से ही जीवन में दिव्यता आती है: आचार्य पुनीत मिश्र

जन एक्सप्रेस। औरैया

सेहुद धाम के श्रीरामालय परिसर में विगत 17 अप्रैल से चल रही राम कथा के मंगलवार 23 अप्रैल को हनुमान जयंती पर समापन दिवस पर कथा आचार्य पंडित पुनीत मिश्र ने अंतिम दिन प्रभु श्रीराम के दंडकवन में प्रवेश से लेकर, ऋषियों से मिलन, सूर्पनखा प्रकरण, सीता-हरण, हनुमान जी से मिलन, सुग्रीव मित्रता, जटायु उद्धार, सीताजी की खोज, समुद्र लंघन, अशोक वाटिका विध्वंस, लका दहन, रावण आदि राक्षसों का वध, अयोध्यापुरी वापस लौटना और श्रीराम का राजतिलक की कथाएं सुनाई उन्होंने बताया कि अरण्यकाण्ड से हमें यह शिक्षा मिलती है कि वनवास के बिना जीवन में सुवास नहीं आता है ।तप और संयम से ही जीवन में दिव्यता आती है । तप के बिना वासना नष्ट नहीं होती है। इसलिए थोड़े समय के लिए किसी तीर्थ में जाकर संयमपूर्ण जीवन बिताना चाहिए। संयमपूर्ण जीवन ही तप है इससे पहले सुबह हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर परीक्षित राम कुमार अवस्थी और संध्या अवस्थी ने हनुमान जी के साथ-साथ सभी देवी देवताओं को भोग लगाकर विशेष पूजा अर्चना की समापन दिवस पर राम कथा सुनने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उपस्थिति रही द्यसेहुद मंदिर के महंत बाल योगी श्री राम प्रिय दास जी महाराज ने सभी को बुधवार को होने वाले भंडारे के लिए आमंत्रित किया।

# भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने दाखिल किया नामांकन का पहला सेट

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी समेत 3 लोगों ने अपने-अपने नामांकन कराए। जबकि 1 नामांकन राष्ट्रीय क्रांति पार्टी व 1 निर्दलीय प्रत्याशी ने दाखिल किया। इसके अलावा कन्नौज संसदीय सीट के लिए 8 नामांकन पत्र खरीदे गए। जिसमें सपा की ओर से 4 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। जिससे तरह-तरह के कयासों का दौर शुरू हो गया है। भाजपा प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक ने मंगलवार को पत्नी नेहा पाठक व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया हालांकि भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक की ओर से 25 अप्रैल को भी नामांकन किया जाएगा। उस दिन पार्टी धूम धड़ाके से नामांकन करेगी और इस आयोजन के साक्षी स्वयम डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या होंगे। उस दिन स्थानीय बोर्डिंग ग्राउंड पर एक विशाल जनसभा होगी। आज अपना पर्चा दाखिल करके निकले सुब्रत ने सूत्र वाक्य के तौर पर महज इतना कहा यह चुनाव मोदी की सत्ता में वापसी के लिए उन्ही के नाम पर लड़ा जा रहा है और कोई मुद्दा है ही नही विपक्ष पहले ही मुद्दा विहीन हो चुका है इसलिए मोदी है तो ही मुमकिन है। इसके अलावा राष्ट्रीय क्रांति पार्टी की प्रत्याशी ललित कुमारी ने भी प्रस्तावक और समर्थक के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर यादवेंद्र किशोर ने अपना पर्चा दाखिल किया। यहां एक दिन पहले बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर और गरीब आदमी पार्टी प्रत्याशी श्रीकृष्ण भी अपना-अपना नामांकन करवा चुके हैं। इस तरह से कन्नौज लोकसभा सीट के लिए अब तक कुल 5 प्रत्याशी नामांकन करवा चुके है हालांकि अभी 24 व 25 अप्रैल को भी नामांकन होंगे।

### सपा के 8 लोगों ने खरीदे 13 नामांकन पत्र

कन्नौज लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री हो रही हैं। ऐसे में मंगलवार 8 लोगों ने कुल 13 नामांकन पत्रों की खरीदारी की। जिसमें सपा के 4 लोगों ने 7 सेट खरीदे। यहां सपा के यश कुमार दोहरे ने 2 नामांकन पत्र के 2 सेट लिए। सपा के रामखिलावन ने 1 सेट लिया। सपा के शकील अहमद ने 2 सेट लिए। सपा के जय कुमार तिवारी ने 2 सेट लिए। इसके अलावा निर्दलीय के रूप में व्यासमुनि ने 1 सेट लिया। निर्दलीय जरार खां ने 1 सेट लिया। निर्दलीय इरफान अली में 1 सेट लिया और भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी के नीरज कुमार ने 2 सेट खरीदे। यहां समाजवादी पार्टी की ओर से 4 लोगों द्वारा नामांकन पत्रों के 7 खरीदे जाने के बाद से सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गई है।

# मानस इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राओं ने मारी बाजी, फूल मालाएं पहनाकर किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। औरैया

कस्बा कंचौसी बाजार जनपद औरैया में मानस इंटर कॉलेज ने शिक्षा जगत में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है।इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने वाले आज सैकड़ों बच्चे उच्च पदों पर सरकारी विभागों में कार्यरत है। इसका मुख्य कारण है कि विद्यालय द्वारा बच्चों को समय समय पर अच्छा मार्ग दर्शन करना, योग्य अनुभवी अध्यापकों द्वारा अच्छी शिक्षा प्रदान करना। सम्मानित करना और उनका उत्साहवर्धन करना। इसी क्रम में 2024 के हाई स्कूल-इंटर मीडिएट यूपी बोर्ड परीक्षा में पांच छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा शीतल पुत्री दिनेश राठौर ने 90.6 प्रतिशत, कल्पना यादव पुत्री विमल कुमार ने 90.2 प्रतिशत, अनुष्का गुप्ता पुत्री डा. धर्मेंद्र गुप्ता 86.4 प्रतिशत, पलक तिवारी पुत्री संदीप तिवारी 84 प्रतिशत, रोशनी राजावत पुत्री विमलेश सिंह राजावत ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय व अपने परिजनों और गुरुजनों का नाम रोशन किया है। बच्चों के इस सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेन्द्र चतुर्वेदी, उप प्रधानाचार्य डा. पल्लवी सिंह, राहुल कुमार, सर्वेश कुमार, मनोज कुमार यादव, नागेश्वर प्रसाद, आकांक्षा सेंगर, अर्चना तिवारी रोहित यादव, अभिनय कुमार, प्रवीण कुमार, विक्रम सिंह, जितेंद्र कुमार आदि अध्यापक गण मौजूद थे। इसके अलावा विद्यालय के स्टाफ में दिनेश कुमार, रामचंद्र, रोशन, अनिल वर्मा, अनिल कटियार आदि ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने घोषणा की कि 15 अगस्त 2024 को विद्यालय में एक विशाल कार्यक्रम अयोजित कर सभी मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।विद्यालय के टॉपर्स छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुओं, माता-पिता का उचित मार्गदर्शन बताया।

# स्वीप काकी गांव-गांव जाकर मतदाता जागरूकता अभियान में करेंगी जन जागरूकता

जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश व मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन के निर्देशो के क्रम में स्वीप गतिविधियों को और बढ़ावा देने हेतु व स्वीप कार्यक्रम को और गुणवत्ता प्रदान करने के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालय सिठुआपुर में अध्यनरत कक्षा 3 की छात्रा आरुषि को एक आइकॉन के रूप में ष्स्वीप काकीष् का रूप प्रदान किया जिसका शुभारंभ स्वीप काकी के आइकॉन 'आरूषि' को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पाण्डेय की उपस्थिति में अपने कार्यालय से किया गया। उन्होंने बताया कि स्वीप काकी की अभिनव पहल से जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ेगा व जनता के मध्य स्वीप काकी जाकर मतदाता जागरूकता के संबंध में चर्चा करते हुए गांव-गांव में अभिभावकों, माताओं, बहनों और ग्रामवासियों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील भी करेंगी। साथ ही आगामी लोकसभा निर्वाचन समेत समस्त आगामी निर्वाचनों में जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ साथ जनजागरूकता का भी कार्य खासकर युवा, दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं को उनके अमूल्य मत के प्रयोग को बढ़ावा देने में करेंगी।

## भीषण गर्मी में तालाब पड़े सूखे, महिलाएं तालाब में पाथ रहीं कंडे

जन एक्सप्रेस। मैनपुरी

भीषण गर्मी के मौसम में जहां रहवाहे और माइनर सूखे पड़े हैं वहां क्षेत्र के तालाबो में भी पानी की एक बूंद नहीं दिखती है। ग्रामीणों ने खाली पड़े तालाब में जानवर बांधने तथा कंधे पाथने शुरू कर दिए हैं। क्षेत्र के अधिकांश तालाब बिना पानी के सूखे पड़े हैं। इस भीषण गर्मी में क्षेत्र की माइनर और रजबहे भी सूखे हैं इस कारण किसान मक्का और मूंगफली की फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं दूसरी ओर क्षेत्र के गांव नगला बले स्थित तालाब में भी पानी नहीं है। कहने को तो प्रधान द्वारा तालाब के एक ओर सीढियां बनवाई गई हैं तथा गांव के बरसाती पानी को तालाब में लाने का इंतजाम भी किया गया है।

# धूम-धाम से मनाया गया सुदिती ग्लोबल एकेडमी का 15वां स्थापना दिवस

जन एक्सप्रेस। मैनपुरी

### सुसंस्कारित शिक्षा देना विद्यालय का है प्रमुख उद्देश्य: डा0 राम मोहन

शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय सुदिती ग्लोबल एकेडमी, मैनपुरी का 15वाँ स्थापना दिवस शिक्षकों, छात्रों, कर्मचारियों ने धूम-धाम से मनाया। ज्ञातव्य है कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके द्वारा समाज में व्याप्त अज्ञान रुपी अन्धकार को दूर करने के लिये ज्ञान का प्रकाश प्रसारित किया जाता है। इसी कड़ी में सुदिती ग्लोबल एकेडमी की स्थापना 23 अप्रेल 2009 को शिक्षाविद डा0 राममोहन एवं हिन्दी मर्मज्ञ प्रशासनिक कार्यकुशलतम डा0 कुसुम मोहन ने अपने माता-पिता के आशीर्वाद से की थी। विद्यालय के 15 वें स्थापना दिवस पर प्रबन्ध निदेशक डा0 लव मोहन ने विद्यालय की गौरव गाथा एवं उद्देश का उदघोष करते हुये ''सुदिती एन्थेम'' का भी विमोचन किया। विद्यालय के बैंड ने मधुर स्वर में ''सुदिती एन्थेम'' का गायन किया। उन्होने कहा ''सुदिती एन्थेम'' सुदिती परिवार की सामूहिक ज्ञान चेतना के प्रवाह का प्रतीक है। इस पावन दिवस पर विद्यालय के छात्रों शिक्षकों एवं कर्मचारियों का उल्लास देखते ही बन रहा था। विभिन्न छात्रों ने विद्याालय की उपलब्धियों को दर्शाते हुये भाषण एवं अनेकानेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय को विद्यालय की प्रगति से अवगत कराया। आज के ही दिन विद्यालय की प्रशासनिक प्रधानाचार्य डा0 कुसुम मोहन का जन्म दिवस भी होता है। छात्रों ने जन्म दिवस की शुभकामनायें देते हुये अनेकानेक कार्यक्रमों से अपना मातृवत स्नेह प्रदर्शित किया। डा0 कुसुम मोहन ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि आप सब के अभूतपूर्व सहयोग एवं मंगलकामनाओं से आपका विद्यालय सुदिती ग्लोबल एकेडमी उत्तर प्रदेश के सभी विद्यालयों में प्रथम एवं सम्पूर्ण भारत देश में छठवें स्थान पर सुशोभित होकर हम सभी को गौरवान्वित करते हुये ज्ञान की पताका को फहरा रहा है। छात्रों को आधुनिक तकनीकी के माध्यम से सरल एवं जीवनउपयोगी दिशा प्रदान करने के लिये विद्यालय की सभी कक्षाओं में आधुनिक तकनीकी का प्रयोग किया जा रहा है। दैनिक शिक्षा के साथ साथ समाज एवं देश के लिये अत्यावश्यक मूल्य आधारित शिक्षा देना विद्यालय का ध्येय है, जिसमें अपने शिक्षकों के अथक प्रयास से विद्यालय इस कार्य में सफल एवं साकार भूमिका निभा रहा है।विद्यालय के स्थापना दिवस पर संबोधित करते वरिष्ठ प्रधानाचार्य डा0 राम मोहन ने कहा कि सुसंस्कारित शिक्षा देना विद्यालय का प्रमुख उददेश्य है। उन्हाने छात्रों को समझाते हुये का कि हमारे जीवन में संस्कार जीवन रुपी भवन की नींव की तरह होते हैं। जिस पर जिन्दगी का महल चिर काल तक स्थिरतापूर्वक टिका रहता है। हमारे जीवन में माता पिता का भगवान से भी बढ़कर महत्व है। हमने कभी शायद भगवान को मूर्त रुप में न देखा हो परन्तु अपने माता पिता का हमें प्रतिदिन साक्षात दर्शन करने का सौभाग्य मिलता है। किसी भी विद्यार्थी को कभी भी कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना चाहिये जिससे माता पिता के दिल को ठेस पहुचें।

कार्यक्रम के समापन पर अपने सम्बोधन में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 लव मोहन ने कहा कि विद्यालय सदैव से ही छात्रों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इस अवसर उन्होने शिक्षकों छात्रों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुये विद्यालय की स्वर्णिम सफलता की संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य जयशंकर तिवारी, कोआर्डीनेटर प्रनीता सिंह, डा0 ओमेश जादौन, अक्षय दीक्षित, तीरथ दीक्षित सहित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# कांग्रेस राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह : पीएम मोदी

## बोले, ये केवल मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं, मेरी गारंटी है, रिजर्वेशन कभी खत्म नहीं होगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। टोंक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान फिर कांग्रेस के खिलाफ बरसे। हनुमान जयंती पर उन्होंने भाषण की शुरुआत ही बजरंग बली की जय के साथ की। फिर कर्नाटक का एक किस्सा भी सुनाया। आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकार में हनुमान चालीसा सुन रहे व्यापारी को पीट-पीटकर लहुलूहान कर दिया गया। इनके राज में तो हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में हनुमान से लेकर मुस्लिमों को अधिकार देने की बात की। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान को लेकर घेरा। फिर कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को भी नहीं बख्शा। उन्होंने कहा कि मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे गदा देकर बजरंग बली की जय करने का अवसर दे दिया। मुझे शूरवीरों की धरती सवाई माधोपुर आने का मौका मिला। चुनाव के दिन है, एक-एक दिन में दो-तीन राज्यों में जाना होता है। यहां समय में थोड़ा परिवर्तन करना पड़ा। मुझे लगता है कि मेरी सभा के बाद भी यहां लोग आते रहेंगे। मैं इनमें उत्साह देख रहा हूं। उसमें एक मजबूत भारत के लिए आशीर्वाद है।



### आमंत्रण ठुकराने पर कांग्रेस को घेरा

पीएम मोदी ने कहा कि आज हनुमान जयंती पर आपसे बात करते हैं मुझे कुछ दिन पहले की एक पंक्ति याद आ गई। आप में से बहुतों तक यह खबर नहीं पहुंची होगी। यह तस्वीर है कांग्रेस राज्य वाले कर्नाटक की। वहां एक छोटे दुकानदार को पीट दिया गया कि वह अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था। उसे लहुलूहान कर दिया। कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है। राजस्थान तो इसका भुक्त-भोगी है। प्रभु राम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए कांग्रेस निमंत्रण को ठुकरा देती है तो उसके चेले-चपाटे भी हनुमान चालीसा पढ़ने वालों को पीटते हैं।

### राम-राम सा बोलने वाले राजस्थान में रामनवमी पर प्रतिबंध

पीएम मोदी बोले कि राजस्थान में कांग्रेस के जाने के बाद पहली बार रामनवमी की शोभा यात्रा शांति से निकली है। हमारे यहां तो दिन का स्वागत भी राम-राम सा से होता है। कांग्रेस ने तो राम-राम सा कहने वाले राजस्थान में रामनवमी पर प्रतिबंध लगा दिया था। कांग्रेस ने शोभा यात्रा पर पत्थरबाजी करने वाले लोगों को सरकारी संरक्षण दिया था। इसी कांग्रेस ने मालपुरा, टोंक, करौली और छबड़ा को दंगों की आग में झौंक दिया था। क्या आप ऐसे लोगों को माफ करोगे? अब भाजपा की सरकार आने के बाद लोगों की हिम्मत नहीं है कि आपकी आस्था पर सवाल उठा दे। अब आप चैन से रामनवमी भी मनाएंगे और हनुमान चालीसा भी गाएंगे, यह भाजपा की गारंटी है।

### राहुल का नाम लिए बिना बरसे

पीएम मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि अभी कांग्रेस के एक नेता ने पब्लिकली कहा कि एक्सरे करके लोगों की संपत्ति का पता लगाएंगे। फिर जो भी ज्यादा होगा, वह लोगों में बांट देंगे। यह आपको मंजूर है क्या? क्या मंगल सूत्र पर हाथ लगा सकते हैं? इस पंजे की यह ताकत... राजस्थान में एक भी पंजा बचना नहीं चाहिए। कांग्रेस होती तो देश में अपने लिए भ्रष्टाचार के मौके तलाशती। राजस्थान के मेरे भाई-बहनों आप तो कुछ समय पहले ही कांग्रेस के पंजे से मुक्त हुए हैं। कांग्रेस ने महिलाओं पर अत्याचार के मामले में राजस्थान को नंबर एक बना दिया है। दुर्भाग्य देखिए कि कांग्रेस के लोग विधानसभा में कहते थे कि यह तो राजस्थान की पहचान है।

### मुस्लिमों को आरक्षण देगी कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2011 में कांग्रेस ने एससी-एसटी को मिला अधिकार छीनकर मुस्लिमों को देने का प्रयास किया। कांग्रेस ने संविधान की परवाह नहीं की, बाबा साहब अंबेडकर की परवाह नहीं की। जब कर्नाटक में बीजेपी की सरकार बनी तो पहला काम किया कि धार्मिक आधार पर आरक्षण खत्म कर दिया। कांग्रेस और इंडी अलायंस जब सत्ता में थे तो ये लोग दलितों और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करते और वोट बैंक पॉलिटिक्स के लिए उनकी खास जमात को आरक्षण देना चाहते थे। संविधान इसके खिलाफ है। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस यह एलान करेगी कि इस संविधान में दलितों और पिछड़ों के आरक्षण को कम करके मुसलमानों को नहीं बांटेगी।

### धार्मिक आधार पर आरक्षण का मुद्दा उठाया

पीएम मोदी बोले कि देश में धार्मिक आधार पर आरक्षण का घोर विरोध हुआ था। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। 2004 में जैसे ही केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी, उसमें सबसे पहला काम आंध्र में एससी-एसटी रिजर्वेशन में कमी कर मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया गया। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में चार बार मुस्लिम रिजर्वेशन लागू करने की कोशिश की। सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता के कारण यह लागू नहीं कर पाई। मैंने देश के सामने सच रखा कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर उनके खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रच रही है।

### कांग्रेस ने ईआरसीपी प्रोजेक्ट रोके रखा

पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राजस्थान के लिए सबसे जरूरी ईआरसीपी प्रोजेक्ट को भी पास नहीं होने दिया। राजस्थान में हमारे भजनलाल शर्मा की मेहनत से ईआरसीपी योजना को पास करने का काम कर दिया। इसका बड़ा लाभ यहां के किसानों को होगा। यहां टोंक जिले में पीएम किसान सम्मान निधि के 1100 करोड़ रुपये बांटने का काम किया है।

### टोंक में इनकी वजह से इंडस्ट्री बंद हो गई

पीएम मोदी ने कहा कि टोंक में इन (कांग्रेस के) असामाजिक तत्वों के कारण यहां की इंडस्ट्री बंद हो गई। आपने हमारे (मुख्यमंत्री) भजनलाल (शर्मा) जी को सेवा करने का मौका दिया है। जब से भजनलाल जी की टीम ने काम करना शुरू किया है, माफिया राज्य छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए। जो अपराधी धोखे में हैं, वह जान लें... अभी तो भजनलाल की गाड़ी चलनी शुरू हुई है। अभी तो टॉप गियर में आना बाकी है।

### हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी दावा किया कि पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह बहुत बड़ा काम हुआ है। इतना बड़ा काम कैसे संभव हुआ? देश को सबसे मजबूत स्थिति में किसने पहुंचाया? आपका आर्शिवाद है कि आप सारी क्रेडिट मोदी को दे रहे हैं। सच्चाई यह है कि यह आपके कारण हुआ है। जो 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, उस पुण्य के हकदार आप हैं। जिस गरीब का चूल्हा जलता रहा है, उसके पुण्य का हकदार आपका वोट है। अगर 2014 के बाद भी दिल्ली में कांग्रेस सरकार होती तो क्या-क्या हुआ होता? जम्मू कश्मीर में आज भी हमारी सेना पर पत्थर चल रहे होते। कांग्रेस होती तो सीमा पार से आकर दुश्मन हमारे जवानों के सिर काटकर ले जाते और कांग्रेस कुछ नहीं करती।

### हमने सुरक्षा को मजबूत किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे राजस्थान ने सदियों से सीमा पर खड़े मजबूत प्रहरी की तरह देश की रक्षा की। राजस्थान यह जानता है कि सुरक्षित राष्ट्र और स्थाई सरकार यह कितनी जरूरी होती है। चाहे 2014 हो या 2019 हो, राजस्थान ने एकजुट होकर देश में भाजपा की ताकतवर सरकार बनाने के लिए अपना आशीर्वाद दिया। एकजुटता ही राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। याद रखना जब-जब हम बंटे हैं, तब तक देश के दुश्मनों ने फायदा उठाया है। अभी राजस्थान के लोगों को बांटने की कोशिशें हो रही है।

### मोदी ने ही आरक्षण 10 साल बढ़ाया

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस वालों से पूछो कि कर्नाटक और आंध्रप्रदेश जैसे राज्यों में उन्होंने धर्म के आधार पर आरक्षण को बांटने का काम क्यूं किया। 2020 में आरक्षण की समयसीमा खत्म हो रही थी लेकिन यह मोदी है जिसने आरक्षण को 10 साल के लिए और बढ़ा दिया। 2024 के इस चुनाव में यह मेरी आखिरी सभा है। इसके बाद 26 अप्रैल को मतदान है। बुधवार को प्रचार अभियान भी समाप्त हो जाएगा। राजस्थान से अधिकतम मतदान करने की प्रार्थना करता हूं।

# राहुल पर वार : कांग्रेस उनमें बदलाव का दावा करती है, पर उनके बयानों से नेता का आचरण नहीं झलकता : सीएम पिनराई विजयन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केरल सीएम पिनराई विजयन ने भाजपा और कांग्रेस पर वार किया है। उन्होंने कहा हैं कि केरल में भाजपा की नफरत वाली विचारधारा नहीं आ सकती। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा तो पहले से ही केरल विरोधी रही है लेकिन कांग्रेस सांसद भी केरल विरोधी हो गए हैं। केरल की जनता सब समझ रही है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राहुल गांधी के बारे में बात करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद से उनमें काफी बदलाव आया है। लेकिन हाल ही में उनके जारी किए गए बयान से इस बात को गलत साबित करता है। एक राजनीतिक पद होने के बाद राजनेता से कुछ आचरण की अपेक्षा की जाती है, जिसे उसे पालन करना



चाहिए। राहुल गांधी भाजपा और अन्य कई एजेंसियों की मदद करते हैं, वो उनके पद के लिए सही नहीं है। इन्होंने कहा कि अब जनता भी ये मानने लगी है कि राहुल गंभीर राजनेता नहीं हैं, उनकी बातों से अपरिपक्वता झलकती है। सीएम विजयन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के सभी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का काम कर रही है। संवैधानिक संस्थाएं जैसे ईडी, सीबीआई, आदि की स्वतंत्रता और स्वायत्तता खत्म कर रही है। चुनाव आयोग के लिए चयन समिति का गठन किया जाना चिंताजनक है। चुनाव के दौरान कई बार प्रधानमंत्री समेत केंद्र सरकार उच्च पदों पर आसीन अधिकारियों और नेताओं पर कानूनी उल्लंघन का आरोप लगाया गया। चुनाव आयोग मूक रहा।

### चुनाव आयोग मूक बना रहा

पीएम के सांप्रदायिकता के बयान पर सीएम पिनराई ने कहा कि चुनाव आयोग ने अपनी निष्पक्षता खो दी है। चुनाव आयोग हर उन मुद्दों पर खामोश रहा जहां भाजपा द्वारा कानूनी उल्लंघन किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि स्वयं प्रधानमंत्री अपने बयान में सांप्रदायिकता की बात कर धार्मिक भावनाओं को भड़का रहे हैं। उनका धार्मिक भावनाओं के भड़काने वाला यह बयान उनकी निष्पक्षता पर भी सवाल खड़ा करता है। लेकिन चुनाव आयोग को अपनी निष्पक्षता साबित करते हुए उन पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

### भाजपा के साथ कांग्रेस सांसदों का भी केरल विरोधी रवैया

सीएम विजयन ने कहा कि भाजपा की नफरत वाली विचारधारा केरल में प्रवेश नहीं कर सकती। क्योंकि केरल की जनता इसको समझती है। इसी कारण से भाजपा केरल विरोधी रवैया अपनाती है। लेकिन अब तो कांग्रेस के मौजूदा 18 सांसद भी केरल विरोधी रवैया अपनाने लगे हैं। ऐसा क्यों है? जनता इस का फैसला करेगी।

# केजरीवाल की कस्टडी 7 मई तक बढ़ी

## जेल में पहली बार इंसुलिन दी गई, तिहाड़ प्रशासन बोला, शुगर लेवल 217 था, इसलिए कम खुराक दी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार 23 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी। इसके पहले केजरीवाल की कस्टडी 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, फिर उसके बाद 23 अप्रैल तक बढ़ाई गई थी। कोर्ट के इस आदेश के बाद केजरीवाल अब लोकसभा चुनाव के दूसरे (26 अप्रैल) और तीसरे (7 मई) फेज की वोटिंग के दौरान भी जेल में रहेंगे। केजरीवाल के अलावा बीआरएस नेता के. कविता और एक अन्य



आरोपी चरनप्रीत की कस्टडी भी 7 मई तक बढ़ा दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने सुनवाई के दौरान कहा कि के. कविता के केस में एजेंसी 60 दिन में चार्जशीट फाइल करेगी। श्रष्ठ ने शराब नीति केस में केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया था। 22 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई, जहां से उन्हें 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेजा गया। 1 अप्रैल से वे तिहाड़ जेल में हैं। इस बीच, तिहाड़ प्रशासन ने बताया कि केजरीवाल को सोमवार शाम इंसुलिन दी गई। अधिकारियों ने कहा कि कम खुराक वाली इंसुलिन की 2 यूनिट दी गईं, क्योंकि सोमवार शाम 7 बजे उनका शुगर लेवल 217 हो गया था। एम्स की टीम ने कहा था कि स्तर 200 पार होने पर उन्हें कम खुराक वाली इंसुलिन दी जा सकती है।

### सिसोदिया इसी मामले में जेल में, संजय सिंह जमानत पर

केजरीवाल से पहले शराब नीति केस में आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की भी गिरफ्तारी हुई थी। सिसोदिया 26 फरवरी 2023 से जेल में बंद हैं। संजय सिंह को ईडी ने 4 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया था। इसी महीने 2 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। तिहाड़ में छह महीने रहने के बाद 3 अप्रैल को वो बाहर आए थे।

# गिरफ्तारी के डर से देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना में फूट डाली : संजय राउत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि कथित फोन टैपिंग मामले में गिरफ्तारी के डर से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने शिवसेना में फूट डाल दी।

### नई सरकार बनने पर भाजपा नेताओं की होगी जांच

उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लोकसभा चुनाव में हार जाएगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नई सरकार भाजपा नेताओं और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ मामलों की जांच करेगी, जिन्हें बंद किया जा चुका है। राउत ने कहा कि जब 2019-2022 तक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सत्ता में थी, तब भाजपा नेताओं प्रवीण दरेकर, प्रसाद लाड, आशीष शेलार, गिरीश महाजन के खिलाफ विभिन्न मामलों में जांच चल रही थी।

### 2022 में विभाजित हुई शिवसेना

गौरतलब है, जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पार्टी के अधिकांश विधायकों द्वारा पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह करने के बाद शिवसेना विभाजित हो गई। पिछले साल, चुनाव आयोग के साथ-साथ राज्य विधानसभा अध्यक्ष ने शिंदे गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी। साथ ही धनुष और तीर चुनाव चिह्न आवंटित किया। साल 2014 से 2019 तक मुख्यमंत्री रहे फडणवीस ने गृह विभाग का भी नेतृत्व संभाला। तत्कालीन राज्य खुफिया विभाग (एसआईडी) की प्रमुख रश्मि शुक्ला पर अवैध रूप से विपक्षी नेताओं के फोन टैप करने का आरोप लगाया गया था। पिछले साल सितंबर में, बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्ला के खिलाफ दो एफआईआर रद्द कर दी थीं, जो अब राज्य की पुलिस महानिदेशक हैं।

### पार्टी के नेताओं को छू नहीं सकते

उन्होंने कहा, अगर आप हमारे नेताओं को गिरफ्तार करते हैं, तो क्या हम आपकी पार्टी के नेताओं को छू नहीं सकते। देवेंद्र फडणवीस पर विरोधियों के फोन टैप करने का गंभीर आरोप लगा है। इस डर से कि उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है और सजा का सामना करना पड़ सकता है, उन्होंने शिवसेना में फूट डाल दी।

# बॉम्बे हाईकोर्ट से 10 साल बाद मिली सैफुद्दीन को राहत, बने रहेंगे दाऊदी बोहरा समुदाय के धार्मिक नेता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

10 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार बॉम्बे हाईकोर्ट ने सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को राहत दी। अदालत ने उसके भतीजे सैयदना ताहिर फखरुद्दीन का दावा खारिज करते हुए उनके दाई-अल-मुतलक या दाऊदी बोहरा समुदाय के धार्मिक नेता का पद बरकरार रखा। यह मुकदमा शुरू में खुजैमा कुतुबुद्दीन ने अपने भाई सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन के जनवरी 2014 में 102 वर्ष की आयु में निधन के तुरंत बाद दायर किया था। बुरहानुद्दीन के दूसरे बेटे मुफद्दल सैफुद्दीन ने सैयदना का पदभार संभाला। जस्टिस जीएस पटेल ने फैसला सुनाते हुए फखरुद्दीन का मुकदमा खारिज कर दिया। इस मामले में नौ साल तक लंबी सुनवाई चली। फिर अदालत ने पिछले साल अप्रैल में फैसला सुरक्षित रख लिया था। अंतिम सुनवाई नवंबर 2022 में शुरू हुई और अप्रैल 2023 में समाप्त हुई।

# ओडिशा के विधायक मोहम्मद मुकीम की सजा निलंबित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामले में ओडिशा के कांग्रेस विधायक मोहम्मद मुकीम की सजा निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ चुनोती देने वाली विधायक की याचिका पर ओडिशा सरकार को नोटिस जारी किया है। पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों के वरिष्ठ वकील को सुनने और सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता की सजा निलंबित करने का आदेश दिया जाता है। विजिलेंस कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि मुकीम ने मेट्रो बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर रहते हुए एक आईएएस अफसर के साथ मिलकर एक रियल एस्टेट फर्म को फायदा पहुंचाया था।

# कांग्रेस के घोषणा-पत्र पर असम के मुख्यमंत्री का तंज, बोले इसके सहारे पाकिस्तान में जीत सकते हैं चुनाव

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

असम के सीएम और भाजपा के वरिष्ठ नेता हेमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस घोषणापत्र के साथ पाकिस्तान में चुनाव जीता जा सकता है। कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर भाजपा लगातार कांग्रेस पर निशाना साध रही है। यही नहीं कांग्रेस पर पीएम मोदी ने निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस जीत जाने के बाद लोगों की संपत्ति अधिक बच्चे वालों को बांट देगी। इस बात ने तूल पकड़ लिया। जहां इस बयान पर कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग से प्रधानमंत्री को नोटिस जारी करने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता इस बात को सही बताते हुए



कांग्रेस को घेर रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता हिमंत बिस्व सर्मा ने कहा है कि कांग्रेस का घोषणापत्र कहीं से भी भारत की जनता के लिए नहीं बना है। यह पाकिस्तान की जनता के लिए सटीक है। कांग्रेस इस घोषणापत्र के साथ पाकिस्तान में चुनाव जीत सकती है। कांग्रेस का घोषणापत्र ऐसा है जो कि आम आदमी के संसाधनों को छीनेगा और देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर देगा। उन्होंने दावा कि भाजपा ने कांग्रेस के घोषणापत्र की सच्चाई जनता को बता दी है। सीएम हिमंत ने कहा कि वे कांग्रेस का चुनौती देते हैं कि सार्वजनिक मंच पर आएं और साबित करें कि ये घोषणापत्र तुष्टीकरण है या नहीं।

### पीएम मोदी के बयान को बताया सही

सीएम बिस्वा ने पीएम मोदी के राजस्थान में दिए बयान को सही बताते हुए कहा कि हम सभी का देश के संसाधनों पर पूरा हक है। अब कांग्रेस पार्टी को यह बताने की जरूरत है कि उनकी ओर से बयान क्यों आया कि देश के संसाधनों पर कुछ समुदाय विशेष का पहला हक है। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी का भी मजाक उड़ाया।

# भारत ने सिंगापुर, हांगकांग से मसाला विवाद पर जानकारी मांगी, दूतावासों को रिपोर्ट भेजने का निर्देश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया में मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों से जुड़े विवाद पर संबंधित ब्योरा मांगा है। सरकार ने दोनों देशों में मौजूद दूतावासों को इस मामले में रिपोर्ट भेजने को कहा है। सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने इन दोनों देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को इस मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है। मंत्रालय ने प्रतिबंध के लपेटे में आने वाली दोनों कंपनियों- एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है। उनके उत्पादों में कथित तौर पर मान्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, कंपनियों से विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला उत्पादों को नकारे जाने के मूल कारण का निदान किया जाएगा और संबंधित निर्यातकों के साथ मिलकर उसका समाधान किया जाएगा।

# जलवायु परिवर्तन से भारत समेत एशियाई देशों में बढ़ा आपदाओं का खतरा, बीते साल ही गई दो हजार लोगों की जान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

जलवायु परिवर्तन का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है, लेकिन विश्व मौसम विज्ञान संगठन का कहना है कि जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर एशियाई देशों पर पड़ रहा है। इसी वजह से साल 2023 में एशिया दुनिया में सबसे ज्यादा आपदाओं से प्रभावित इलाका रहा। बाढ़ और चक्रवाती तूफान के चलते एशिया में बीते साल बड़े पैमाने पर लोगों की जान गईं और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने एशिया की जलवायु-2023 नाम से एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि उत्तर पश्चिमी प्रशांत महासागर के पानी का तापमान रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ रहा है, यहां तक कि आर्कटिक क्षेत्र में भी समुद्री गर्म हवाएं चल रही हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के महासचिव केलेस्टे साउलो ने बताया कि एशिया के कई देशों में साल 2023 रिकॉर्ड स्तर पर गर्म रहा। इसके साथ बाढ़, सूखा, तूफान और गर्म हवाओं का असर देखने को मिला। जलवायु परिवर्तन से एशिया में आपदा आने की रफ्तार कई गुना बढ़ गई है। जिसका असर हमारे समाज पर आर्थिक नुकसान, मानव जीवन के नुकसान और पर्यावरण पर पड़ रहा है। भारत में अप्रैल से जून के बीच भयंकर लू चली, जिसके चलते 110 लोगों की मौत हुई। अप्रैल से मई के बीच दक्षिण पूर्वी एशिया लू से प्रभावित रहा, जिसका असर बांग्लादेश, पूर्वी भारत और चीन के उत्तरी और दक्षिणी इलाके शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तुरान तराई के इलाके, हिंदुकुश का इलाका (अफगानिस्तान, पाकिस्तान), हिमालय क्षेत्र में गंगा और ब्रह्मपुत्र का निचला इलाका (भारत, बांग्लादेश), अराकांस पर्वत (म्यांमार) और मेकॉन्ग नदी के निचले इलाकों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई।

### बीते साल एशिया में 79 आपदाएं आईं

रिपोर्ट में बताया गया है कि बीते साल एशिया में जलीय-मौसम संबंधी 79 आपदाएं आईं। इनमें 80 फीसदी आपदाएं बाढ़ और तूफान से जुड़ीं थी। इनके चलते बीते साल एशिया में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान गई और 90 लाख लोग प्रभावित हुईं। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2023 1991-2020 के औसत तापमान की तुलना में 0.91 डिग्री ज्यादा गर्म रहा। वहीं 1961-1990 के औसत तापमान की तुलना में 1.87 डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म रहा। जापान और कजाखस्तान में रिकॉर्ड गर्मी पड़ी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)